सूर्योदय 6:57 सूर्यास्त 6:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,814.71 |
| निफ्टी | 25,571.25 |

सोना 1,55,900 चांदी 2,50,300

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 21 फरवरी 2026 | 10 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 55, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मणिपुर में चार उग्रवादी अरेस्ट, हथियार बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों से चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय के अनुसार सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों से आरपीएफ/पीएलए के दो सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक की पहचान थौनाजोम प्रेमपत्र सिंह उर्फ लुवांग उर्फ प्रेम (31) के रूप में की गयी। उसे इंफाल वेस्ट जिले के सिंगजामेई थानांतर्गत सिंगजामेई चिंगा मुखा से गिरफ्तार किया गया। दूसरे की शिनाख्त थारोइजम टोनी सिंह के रूप में हुई है। दोनों के पास से एक 9 मिमी पिस्तौल मैगजीन सहित, चार राउंड 9 मिमी जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन का अमेरिका को एयरबेस देने से इनकार

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए अपने एयरबेस देने से मना कर दिया है। अमेरिका इन सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने इनकार कर दिया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के इस फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के उस समझौते से समर्थन वापस ले लिया है, जिसमें चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने की बात थी। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इसके लिए वह डिएगो गार्सिया और ब्रिटेन के फेयरफोर्ड एयरबेस का इस्तेमाल करना चाहता है। डिएगो गार्सिया, चागोस द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप है। 1970 के दशक से यह ब्रिटेन और अमेरिका का साझा सैन्य अड्डा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### शाह मानहानि केस में राहुल का आरोप मानने से इनकार

**एजेंसी, सुलतानपुर।** गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को यूपी में सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश हुए। उनके वकील के मुताबिक, राहुल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह केस राजनीतिक दुर्भावना के तहत दर्ज कराया गया है। इसमें कोई ठोस आधार नहीं है। पेशी के दौरान मौजूद वकीलों के अनुसार, कोर्ट पहुंचने पर राहुल ने जज को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। सुनवाई पूरी होने पर धन्यवाद भी कहा। जज ने राहुल से पूछा कि क्या आपको सफाई देनी है? इस पर राहुल ने कहा-हां। राहुल करीब 20 मिनट तक कोर्ट में रहे। मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। कोर्ट से निकलने के बाद राहुल रामचेत मोची की दुकान पहुंचे और उनके परिवार से मुलाकात की। राहुल ने मोची की पोती श्रद्धा को गोद में लिया। उसके पैर में चोट देखकर उन्होंने पूछा कि क्या हुआ। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिमला नगर निगम का 688 करोड़ का बजट पेश -पेज 2
- विधवाओं की बेटियों को मिलेगा उच्च शिक्षा का सहारा -पेज 3
- मुंबई के स्टूडेंट्स ने बैंबू उत्पाद बनाने की बारीकियां सीखीं -पेज 4
- देवधुन/वाद्ययंत्र में श्री देव छमांहू खणी प्रथम -पेज 9
- सड़क किनारे 63 केवी ट्रांसफार्मर का बक्सा दे रहा हादसे का न्योता -पेज 10


# संसद में गूंजेगा आरडीजी का मुद्दा

## कांग्रेस हाईकमान ने हिमाचल सरकार को दिया आश्वासन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की सुक्खू सरकार ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रदेश के वित्तीय हकों का सवाल कांग्रेस आलाकमान के सामने रखा। बात केवल राजस्व घाटा अनुदान की नहीं थी, बल्कि उस आर्थिक सांस की थी जिस पर पहाड़ी प्रदेश का विकास टिका है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साफ शब्दों में संकेत दिया कि यदि आरडीजी में किसी भी प्रकार की कटौती हुई तो इसका सीधा असर विकास योजनाओं, कर्मचारियों के दायित्वों और ग्रामीण ढांचे पर पड़ेगा। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने की। मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ पहुंचे और विस्तार से बताया कि प्राकृतिक आपदाओं, सीमित संसाधनों और भौगोलिक विषमताओं के कारण हिमाचल को विशेष वित्तीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने दलील दी कि राजस्व घाटा अनुदान कोई रियायत नहीं, बल्कि संवैधानिक संतुलन का औजार है। रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) बंद होने को लेकर लंबी चर्चा के बाद हाईकमान ने इस मुद्दे को संसद में उठाने का भरोसा दिया।

मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों के लिए समान नीति नहीं, बल्कि विशेष नीति की दरकार है। आपदा, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा ढांचे पर बढ़ते व्यय का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य अपने सीमित साधनों के बावजूद विकास की रफ्तार बनाए हुए है, लेकिन केंद्र से अपेक्षित सहयोग न मिला तो आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है। दिल्ली की इस बैठक को प्रदेश की राजनीति में एक निर्णायक संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जहां हिमाचल सरकार ने साफ कर दिया कि वे अपने हक की लड़ाई केंद्र सरकार के साथ पूरी शिद्दत के साथ लड़ेगी।



दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुक्खू व उनके मंत्रिमंडल सहयोगी। अनंत ज्ञान

### मुक्त व्यापार समझौते के मुद्दे पर भी हुई चर्चा

**मुक्त** व्यापार समझौते का मुद्दा भी बैठक में खूब गर्माया रहा। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि यदि विदेशी सेब और अन्य कृषि उत्पाद बिना संतुलित नीति के बाजार में उतरे तो हिमाचल के बागवानों की कमर टूट सकती है। सेब प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ है और लाखों परिवारों की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर है। ऐसे में बिना सुरक्षात्मक प्रावधानों के कोई भी समझौता पहाड़ी किसानों के लिए घातक साबित हो सकता है।

# हिमाचल में सभी फल-सब्जियों पर लगेगी एक प्रतिशत मार्केट फीस

## सड़क किनारे चल रही मंडियों पर भी कसेगा शिकंजा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी फल और सब्जियों पर मार्केट फीस लेने का फैसला किया है। यह फीस मंडियों के भीतर और सड़क किनारे चल रही सभी अस्थायी मंडियों से वसूली जाएगी। इसे लेकर एग्रीकल्चर सेक्रेटरी ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि साल 2014 तक भी सभी फल एवं सब्जियों पर एक प्रतिशत मार्केट फीस ली जाती थी। उस दौरान देश में महंगाई बड़ा मुद्दा बन गई थी। इसके बाद, डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार के कहने पर कांग्रेस शासित राज्यों ने मंडियों में मार्केट फीस की वसूली बंद कर दी थी।

◆ **बाहरी राज्यों से फल-सब्जियां लाने वालों पर भी होगी सख्ती**

इस फैसले के बाद आढ़तियों को सभी फल एवं सब्जियों पर मार्केट फीस देनी होगी। एक करोड़ रुपए के फल और सब्जी बेचने वाले आढ़ती को एक लाख रुपए मार्केट फीस के एपीएमसी को चुकाने होंगे। अभी तक सड़क किनारे चल रही मंडियों के आढ़ती सेब पर ही मार्केट फीस देते थे, मगर अब सभी फल एवं सब्जियों पर मार्केट फीस देनी होगी। हिमाचल सरकार ने सेब को छोड़कर अन्य सभी फलों व सब्जियों पर मार्केट फीस की वसूली रोक दी थी। इससे शिमला, सोलन और कुल्लू एपीएमसी के अलावा अन्य सात जिलों की एपीएमसी की आय के साधन खत्म हो गए। हिमाचल में बाहरी राज्यों से फल-सब्जियां लाने वाले कारोबारियों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। बाहर से फल-सब्जियां लाने वालों को टोल बैरियर पर ही एक प्रतिशत मार्केट फीस देनी होगी। कृषि सचिव सी. पालरासू ने बताया कि मार्केट फीस बहाली को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं।

### 14 जनवरी, 2014 की अधिसूचना की रद्द

**अब** आर्थिक संकट झेल रही कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चर एंड हॉर्टिकल्चर प्रोड्यूस मार्केटिंग (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट, 2005 की धारा 64(2) के तहत 14 जनवरी 2014 की उस पुरानी अधिसूचना को रद्द कर दिया है, जिसके तहत फल एवं सब्जियों पर मार्केट फीस की वसूली पर रोक लगाई गई थी।

### सालाना 40 से 50 करोड़ इनकम होने की उम्मीद

**फैसले** के बाद प्रदेश के 10 जिलों की कृषि उपज विपणन समितियों (एपीएमसी) को सालाना 40 से 50 करोड़ रुपए आय की उम्मीद है। यह राशि एपीएमसी और मार्केटिंग बोर्ड के पास रहेगी। इससे मंडियों और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण किया जा सकेगा।

# हाईकोर्ट में शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार से होगी नियमित सुनवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय सोमवार से शीतकालीन अवकाश के बाद पुन: खुलने जा रहा है। लगभग डेढ़ महीने के अंतराल के पश्चात न्यायालय परिसर में फिर से रौनक लौटेगी और लंबित मामलों की नियमित सुनवाई आरंभ होगी। न्याय की आस लगाए बैठे वादियों और अधिवक्ताओं के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि अब न्यायिक कार्यवाही अपनी सामान्य गति पकड़ेगी। उल्लेखनीय है कि शीतकालीन अवकाश के दौरान केवल अति आवश्यक और अत्यंत महत्वपूर्ण प्रकरणों की ही सुनवाई की गई थी। अवकाश समाप्त होते ही लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आने की उम्मीद है।





# बांग्लादेश ने दिल्ली में बहाल की वीजा सेवाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मोहम्मद यूनुस की रवानगी होते ही बांग्लादेश और भारत के संबंध सुधरने लगे हैं। शुक्रवार को तारिक रहमान सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए बंद पड़ीं वीजा सेवाओं को फिर से बहाल कर दिया। बांग्लादेश ने नई दिल्ली में अपने हाई कमीशन में भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सर्विस लगभग दो महीने बाद फिर से शुरू कर दी है।

इंडिया टुडे के मुताबिक, शुक्रवार सुबह वीजा सर्विस फिर से शुरू कर दी गई। यह डेवलपमेंट बांग्लादेश में पिछले दिनों बनी बीएनपी की सरकार के ऑफिस संभालने के तीन दिन बाद हुआ है। रहमान के दौर में दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार आने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

# गगल एयरपोर्ट के विस्तार को 500 करोड़ जारी

## डीसी हेमराज बोले-अनुमानित मुआवजा राशि 2500 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश को वैश्विक पर्यटन राजधानी बनाने की दिशा में कांगड़ा (गगल) एयरपोर्ट विस्तार परियोजना महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है। प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपए की नई किस्त जारी की है।

इसका उद्देश्य भूमि अधिग्रहण और विस्थापितों के पुनर्वास कार्य में वित्तीय बाधाओं को दूर करना है। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि अब तक प्रभावित परिवारों को 1500 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा सीधे उनके खातों में दिया जा चुका है। कुल अनुमानित मुआवजा 2500 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। प्रशासन ने मुआवजे के भुगतान और भूमि हस्तांतरण के लिए 31 मार्च 2026 की समय सीमा तय की है। कानूनी प्रक्रिया के तहत सेक्शन-19 के नोटिस जारी हो चुके हैं। जल्द ही यह भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के नाम पर म्यूटेट कर दी जाएगी, जिसके बाद एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।



गौरतलब है कि वर्तमान में गगल एयरपोर्ट का रन-वे 1376 मीटर लंबा है, जो केवल 70 से 80 सीटों वाले एटीआर-72 जैसे छोटे विमानों के लिए उपयुक्त है। इस सीमित क्षमता के कारण उड़ानें महंगी होती हैं और खराब मौसम में अक्सर रद्द करनी पड़ती हैं। विस्तार के बाद एयरपोर्ट का रन-वे बढ़कर 3010 मीटर हो जाएगा।

# बंगाल सरकार और चुनाव आयोग में विश्वास की कमी : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच विवाद जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए न्यायिक अधिकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार और आयोग के बीच विश्वास की कमी के कारण एसआईआर ड्राफ्ट रोल से जुड़े दावे और आपत्तियों का निपटारा और निगरानी सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर पूर्व जजों की सेवाएं भी ली सकती हैं।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे। कलेक्टर और एसपी को इन आदेशों का पालन कराना होगा। साथ ही चुनाव आयोग को 28 फरवरी को फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की परमिशन दी गई है। हालांकि, जरूरत पड़ने पर बाद में सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी करने की भी छूट दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### कहा-माइक्रो और ऑब्जर्वर तैनात करे ममता सरकार



**सुप्रीम** कोर्ट ने बंगाल की ममता सरकार द्वारा पर्याप्त ग्रेड-ए अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया के लिए उपलब्ध नहीं कराने पर गंभीर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की मदद के लिए माइक्रो-ऑब्जर्वर और राज्य सरकार के अधिकारी तैनात रहेंगे।

### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-सिंगल मदर भी पूर्ण गार्जियन

**एजेंसी, मुंबई।** बॉम्बे हाइकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने बच्ची के पिता का नाम स्कूल के रिकॉर्ड्स से हटाने की रेप पीड़ित मां की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि बच्चे का पालन-पोषण अकेले करने वाली मां को पूर्ण अभिभावक मानना दया नहीं, संविधान के प्रति निष्ठा है। जस्टिस विभा कांकणवाड़ी और जस्टिस हितेन वेणुगावकर की पीठ ने कहा कि बच्चे की पहचान ऐसे पिता से क्यों जोड़नी, जिसका जीवन में कोई संबंध नहीं? संविधान का अनुच्छेद 21 सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है और पहचान भी उसी गरिमा का हिस्सा है। दरअसल, इस मामले में मां दुष्कर्म पीड़िता है। डीएनए टेस्ट से आरोपी बॉयोलॉजिकल पिता सिद्ध हुआ था। लेकिन उसने बच्चे से अलग रहना चुना। इसके बावजूद जन्म प्रमाणपत्र और स्कूल रिकॉर्ड में पिता का नाम दर्ज था। स्कूल ने इसमें संशोधन से इनकार किया गया तो मां-बेटी हाइकोर्ट पहुंची थीं। (अनंत ज्ञान)

# एआई समिट में यूथ कांग्रेस का टी-शर्ट उतारकर प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें 15-20 की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए हैं। टी-शर्ट पर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फोटो लगी है। उसपर लिखा है पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड। दिल्ली पुलिस ने 4 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान इंडियन यूथ कांग्रेस के सेक्रेटरी कृष्णा हरि, बिहार स्टेट सेक्रेटरी कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश स्टेट वाइस प्रसिडेंट अजय कुमार और नेशनल कोऑर्डिनेटर नरसिम्हा यादव के रूप में हुई है। वहीं, भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने साजिश के तहत इंटरनेशनल समिट में भारत की छवि धूमिल की है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि यह संयोग नहीं, बल्कि एक प्रयोग था। इसकी प्लानिंग राहुल गांधी के आवास पर बनाई गई थी, जहां सोनिया और प्रियंका मौजूद थीं। (अनंत ज्ञान)

◆ **पुलिस ने गिरफ्तार किए चार प्रदर्शनकारी**

# इंडिया एआई समिट में भारत को मिला दुनिया का साथ

**एजेंसी नई दिल्ली**

नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई समिट' भारत के तकनीकी और आर्थिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन साबित हो रहा है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस आयोजन को एक बड़ी सफलता करार दिया है। इस वैश्विक महासम्मेलन में न केवल बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हासिल हुआ है, बल्कि 70 देशों ने भारत के कूटनीतिक नेतृत्व में 'दिल्ली घोषणापत्र' पर अपनी सहमति भी जता दी है। आसान शब्दों में कहें तो, यह समिट भारत को तकनीक की दुनिया में एक नए ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर रहा है।

आईटी मंत्री ने बताया कि इस प्रदर्शनी में पांच से अधिक आगंतुकों ने हिस्सा लिया, जो देश में उन्नत तकनीक के प्रति भारी उत्साह को दर्शाता है। इसके अलावा, इस आयोजन के दौरान बुनियादी ढांचे से जुड़े 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश कमिटमेंट प्राप्त हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### 'दिल्ली घोषणापत्र' पर 70 देशों ने किए साइन

**इस** शिखर सम्मेलन का सबसे अहम कूटनीतिक हिस्सा 'दिल्ली घोषणापत्र' रहा है। शुक्रवार को 20 फरवरी को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि अब तक 70 राष्ट्रों ने इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर चुके हैं और कई अन्य देशों के साथ बातचीत अभी भी जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शनिवार को इस आयोजन के समापन तक सहमति जताने वाले देशों का अंतिम आंकड़ा 80 को पार कर जाएगा। इस दिल्ली घोषणापत्र की विस्तृत रूपरेखा और इसके अहम बिंदुओं को शनिवार को पूरी पारदर्शिता के साथ दुनिया के सामने साझा किया जाएगा।

# हिमाचल प्रदेश में चढ़ने लगा पारा

## ऊना में 29 डिग्री के पार पहुंचा तापमान, सामान्य से काफी ज्यादा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में फरवरी के तीसरे सप्ताह में ही हिमाचल प्रदेश में गर्मी ने दस्तक दे दी है। ठंडी हवाओं की जगह हल्की गर्माहट ने ले ली है और अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के ताजा आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहा और कहीं भी वर्षा या हिमपात दर्ज नहीं किया गया।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान ऊना में 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से ऊपर है। बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी और नाहन जैसे क्षेत्रों में भी तापमान में बढ़ोतरी देखी गई। शिमला में अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से करीब पांच डिग्री अधिक है।



औसतन अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 4 से 5 डिग्री अधिक बना हुआ है, जिससे फरवरी के अंत में ही हल्की गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य से उल्लेखनीय रूप से ऊपर बना हुआ है। प्रदेश भर में वर्षा और बर्फबारी शून्य दर्ज की गई है, जिससे ऊपरी क्षेत्रों में भी सूखे की स्थिति बनी हुई है।

### विंटर सीजन में सामान्य से 34 फीसदी कम बारिश

मौजूदा विंटर सीजन में राज्य में अभी तक सामान्य से 34 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। 1 जनवरी से 20 फरवरी की अवधि के लिए 154 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया था लेकिन वास्तव में 101.9 मिलीमीटर बारिश ही हुई। बिलासपुर में सामान्य से 7, चंबा 51, हमीरपुर 5, कांगड़ा 32, किन्नौर 62, कुल्लू 18, लाहौल-स्पीति 32, मंडी 12, शिमला 36 व सिरमौर में 14 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई। जबकि ऊना में सामान्य से 35 व सोलन में 11 फीसदी अधिक बारिश हुई।


## अनदेखी — विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच आज भी बदहाली की मार झेल रहा बिलासपुर का दुर्गम क्षेत्र

# आजादी के 77 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा कोटधार

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** विकास के बड़े-बड़े दावों और सरकारी विज्ञापनों की चमक के बीच जिला बिलासपुर का कोटधार क्षेत्र आज भी बदहाली की मार झेल रहा है। कभी 'बिलासपुर का कालापानी' कहे जाने वाले इस इलाके की तकदीर दशकों में भी नहीं बदली। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला यह अति दुर्गम इलाका आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और सबसे बड़ी विडंबना है कि यहां के लोगों को एक छोटी सी बैंकिंग सुविधा के लिए भी 45 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

गोबिंदसागर झील के किनारे बसे धनी, पपलोआ और मलराओं ग्राम पंचायतों के गांवों की कहानी सुनकर सवाल उठता है कि आखिर विकास पहुंचा कहां? इन गांवों की अधिकतर आबादी भाखड़ा परियोजना से विस्थापित परिवारों की है, जिन्होंने देश के विकास के लिए अपना घर-बार छोड़ा, लेकिन बदले में उन्हें आज तक बुनियादी सुविधाएं भी नसीब नहीं हुईं। स्थानीय प्रतिनिधियों के अनुसार कोटधार के एक हिस्से में 50 किलोमीटर के दायरे में आधा दर्जन से अधिक बैंक शाखाएं हैं, जबकि खरली से जड्डू तक करीब 45 किलोमीटर क्षेत्र में एक भी बैंक नहीं। धनी, पपलोआ, मलराओं समेत करीब एक दर्जन गांवों की लगभग 10 हजार आबादी सीधे तौर पर प्रभावित है। लोगों में इस असमान विकास को लेकर गहरा रोष है।





◆ **लोग बैंक कार्य के लिए 45 किमी जाने को हैं मजबूर**

### 2000 रुपए मिलती है पेंशन, किराया 800

**बैंक** सुविधा न होने का खामियाजा सबसे ज्यादा बुजुर्गों और महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। पेंशन या मनरेगा की मजदूरी निकालने के लिए वाहन किराए पर लेकर झंडूता जाना पड़ता है। कई बार 500 से 800 रुपए तक किराया देना पड़ता है। नतीजा-2000 रुपए की पेंशन में से बड़ा हिस्सा रास्ते में ही खर्च। सवाल यह है कि क्या यही है डिजिटल इंडिया और ग्रामीण सशक्तिकरण?

### ग्रामीणों की मांग-गाह गड़याना में खुले बैंक

**ग्रामीणों** ने सरकार से मांग उठाई है कि धनी और मलराओं के बीच गाह गड़याना क्षेत्र में हिमाचल ग्रामीण बैंक की शाखा खोली जाए। यह स्थान भौगोलिक रूप से केंद्र में पड़ता है और यहां पहले से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हाई स्कूल, मिडिल व प्राइमरी स्कूल मौजूद हैं। दो मछुआरा सहकारी समितियां भी यहां सक्रिय हैं, जिससे बैंक संचालन की पर्याप्त संभावनाएं हैं। यदि यहां बैंक खुलता है तो झंडूता और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के नकारना, चलैला, कलरी, जोहड़ सुंदरी, गाह गड़याना, खरली, धनी, ससोटा और खाल सहित आसपास के गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री विक्रमादित्य कल से शिमला प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 22 और 23 फरवरी को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार 22 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे वह ग्राम पंचायत रामपुर क्योंथल के धनुल में आयोजित 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम में भाग लेंगे और स्थानीय जनसमस्याएं सुनेंगे। 23 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे मंत्री घणाहट्टी पहुंचकर कुफरीधार में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वह हेल्पिंग हैंड वेलफेयर द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होकर लाभार्थियों को सिलाई मशीनें वितरित करेंगे।

### रामपुर के एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिखाया दम

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** युवा एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय चंडीगढ़ द्वारा महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी (जिला सोलन) में 12 से 18 फरवरी तक राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से 200 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए, जिनमें हिमाचल प्रदेश से 39 स्वयंसेवक मौजूद रहे। जीबी पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर के स्वयंसेवक अतिश भलूनी ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रंजू नेगी हिमाचल दल की नेतृत्व करते हुए शिविर में योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. पंकज बरोलिया ने स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारी का स्वागत कर उनकी सराहना की और कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत करते हैं।

### डीम स्कूल में बचत के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डीम में हिमाचल ग्रामीण बैंक, अरसू के सहयोग से विद्यार्थियों को बचत खाता खोलने के प्रति जागरूक किया गया। बैंक प्रतिनिधि मणि शंकर साह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटी-छोटी बचत भविष्य की बड़ी सुरक्षा बनती है और नियमित बचत से आत्मनिर्भरता की राह मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान कई विद्यार्थियों के बचत खाते भी खोले गए, जिससे बच्चों में उत्साह देखा गया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

### अग्निवीर भर्ती के लिए एक अप्रैल तक पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती योजना के तहत वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिलों के युवा आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पहली अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। भर्ती निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने बताया कि आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी पात्रता एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। अभ्यर्थी अधिकतम दो ट्रेड के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क, ट्रेड्समैन, टेक्निकल तथा महिला मिलिट्री पुलिस पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### राज्य सूचना आयोग में भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार ने राज्य सूचना आयोग में लंबे समय से रिक्त चल रहे मुख्य राज्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्त के पदों को भरने के लिए नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। इच्छुक अभ्यर्थी अब 20 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के खाली रहने से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लंबित अपील और शिकायतों के निस्तारण में बाधा आ रही थी। नियुक्ति तीन वर्ष के कार्यकाल या 65 वर्ष की आयु पूरी होने तक होगी। आवेदन केवल उन्हीं भारतीय नागरिकों से मांगे गए हैं जिनका सार्वजनिक जीवन में प्रतिष्ठित अनुभव हो और जो विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, प्रबंधन, पत्रकारिता, जनसंचार या प्रशासन के क्षेत्र में दक्ष हों। आवेदनकर्ता संसद/राज्य विधानसभा सदस्य, राजनीतिक दल से जुड़े या किसी व्यवसाय में सक्रिय नहीं होने चाहिए।

# शिमला नगर निगम का 688 करोड़ का बजट पेश

## शहरी विकास की नई इबारत लिखने का दावा, तारादेवी में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य केंद्र

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला नगर निगम ने वर्ष 2026-27 के लिए 688 करोड़ रुपए का सरप्लस बजट पेश कर विकास की नई दिशा का संकेत दिया है। राजधानी की इस अहम शहरी संस्था ने यह स्पष्ट किया है कि अब नगर निगम केवल सफाई और कर वसूली तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत ढांचे के व्यापक विस्तार का रोडमैप लेकर आगे बढ़ेगा।



बजट पेश करने से पहले मेयर और डिप्टी मेयर। अनंत ज्ञान

मेयर सुरेंद्र चौहान ने बजट पेश करते हुए तारादेवी में विश्वस्तरीय वेलनेस सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। लगभग 66 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस केंद्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

**◆ कोर एरिया में ई-कार्ट और हर वार्ड में पार्किंग सुविधा**

मेयर ने कहा कि यह परियोजना शिमला को स्वास्थ्य पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करेगी।

नगर निगम ने कोर एरिया में बैटरी संचालित ई-कार्ट चलाने की योजना भी प्रस्तुत की है। इन वाहनों से प्रदूषण और शोर में कमी आएगी तथा बुजुर्गों और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही हर वार्ड में पार्किंग निर्माण की घोषणा की गई है, जिससे लंबे समय से जूझ रही यातायात समस्या को राहत मिलने की उम्मीद है।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में निगम ने सार्वजनिक शौचालयों में महिलाओं को सैनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने और रिज व मॉल रोड पर फीडिंग रूम स्थापित करने की बात कही है। इसके अतिरिक्त भरयाल में सोलर पैनल प्लांट लगाने से निगम को सालाना लगभग दो करोड़ रुपए की आय होने का अनुमान है। सफाई कर्मचारियों का बीमा कराने की घोषणा ने भी सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देने का संकेत दिया है।

### रियल एस्टेट से आय का नया रास्ता

**नगर** निगम ने रियल एस्टेट कारोबार में उतरने की योजना का भी ऐलान किया है। शहर में निगम द्वारा भूखंड विकसित कर बिक्री के माध्यम से आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे संस्था आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। मेयर ने कहा कि बीते वर्ष 188 करोड़ रुपए का बजट था, जबकि इस बार सरप्लस के साथ बड़ा आकार प्रस्तुत किया गया है, जो वित्तीय अनुशासन और संसाधन विस्तार का प्रतीक है।

# महापौर बोले-नगर निगम शिमला का बजट जनहितकारी

अनंत ज्ञान

**◆ रोजगार, महिलाओं की गरिमा और यातायात सुधार पर रहेगा विशेष फोकस**

**◆ विपक्ष के आरोपों को बताया निराधार और राजनीतिक**

**ब्यूरो, शिमला।** नगर निगम के बजट प्रस्तुतीकरण के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि वर्ष 2026-27 का 688 करोड़ रुपए का अधिशेष बजट शिमला की आर्थिक सुदृढ़ता और पारदर्शी प्रशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि निगम ने सीमित संसाधनों के बावजूद आय बढ़ाने और अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखने की नीति अपनाई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। महापौर ने स्पष्ट किया कि यह बजट शहर के संतुलित और सतत विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

सुरेंद्र चौहान ने कहा कि बजट में युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। 26 चिन्हित स्थलों पर फूड वैन उपलब्ध कराकर स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा।

रिज और मॉल रोड पर मातृ कक्ष स्थापित करने तथा सार्वजनिक शौचालयों में महिलाओं के लिए स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराने की पहल को उन्होंने गरिमा और संवेदनशीलता से जुड़ा निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि कोर क्षेत्र में ई-कार्ट चलाने से प्रदूषण में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

महापौर ने विपक्ष के विरोध को राजनीतिक बताते हुए कहा कि विकास कार्यों को किसी भी प्रकार की रुकावट से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध ढंग से पार्किंग सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार है। सुरेंद्र चौहान ने कहा कि नगर निगम शिमला आने वाले वर्षों में एक स्वच्छ, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर राजधानी के रूप में नई पहचान स्थापित की जाएगी।

# कोटखाई में 468 ग्राम चिट्टे समेत दबोचा युवक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस ने चिट्टा सप्लाई करने वाले बहुचर्चित शाही महात्मा गैंग के मुख्य सहयोगी प्रदीप कुमार उर्फ रांटा (38) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 19 सितंबर 2024 को कोटखाई थाना क्षेत्र में 468.380 ग्राम चिट्टा बरामद होने के बाद इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ था। मामले की जांच के दौरान अब तक गैंग से जुड़े 57 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। रोहड़ू के बिजोरी निवासी प्रदीप कुमार डेढ़ वर्ष से फरार चल रहा था और उसे गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा जाएगा। पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रदीप कुमार बाहरी राज्यों से चिट्टा लाकर रोहड़ू क्षेत्र में सप्लाई करता था और गैंग के नेटवर्क को संचालित करने में अहम भूमिका निभा रहा था। थाना कोटखाई और सब डिवीजन ठियोग की विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की, जिससे क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।



# जुन्गा में होटल, ढाबा और मीट की दुकानों पर मनमाने दामों की वसूली

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी के समीप स्थित जुन्गा कस्बे में होटल, ढाबों और मीट की दुकानों पर उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूले जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बकरे और चिकन का मीट बिना किसी नियमित जांच के खुले में बेचा जा रहा है। मीट न तो जालीदार ढकाव में रखा जाता है और न ही शीतक कक्ष की समुचित व्यवस्था दिखाई देती है, जिसके कारण उस पर मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं।

जुन्गा और कोटी क्षेत्र में बकरे का मीट 600 रुपए प्रति किलोग्राम तथा चिकन 280 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है, जबकि अन्य इलाकों में यही दरें क्रमशः 550 और 250 रुपए हैं। इतना ही नहीं, होटल और ढाबों में भोजन के दाम भी काफी अधिक बताए जा रहे हैं।

जुन्गा के अतिरिक्त जनेडघाट और कोटी में भी खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से न तो रेट सूची का औचक निरीक्षण किया गया है और न ही मीट की गुणवत्ता की जांच। लोगों का यह भी मत है कि प्रायः प्रत्येक जिले में उपायुक्त द्वारा होटल, ढाबों और अन्य प्रतिष्ठानों के लिए खाद्य वस्तुओं की दरें निर्धारित की जाती हैं ताकि आमजन का शोषण न हो, किंतु शिमला जिला में अब तक ऐसी कोई दर सूची तय न होने से दुकानदार मनमानी पर उतारू हैं। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक रंजना सूद ने स्वीकार किया कि ठियोग के साथ अतिरिक्त कार्यभार होने के कारण नियमित निरीक्षण संभव नहीं हो पाया, हालांकि उन्होंने शीघ्र ही क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाने का आश्वासन दिया है।

# किन्नौर में एनएच-5 पर चट्टानें गिरने से मार्ग बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जनजातीय जिला किन्नौर में खारों पुल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर शुक्रवार शाम लगभग चार बजे पहाड़ी से अचानक भारी चट्टानें गिर गईं, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। घटना के बाद जिला मुख्यालय रिकांगपिओ से पूह, काजा और स्पीति की ओर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चट्टानें गिरते ही सड़क पर लंबा जाम लग गया और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया। सूचना मिलते ही सीमा सड़क संगठन की टीम ओसी पवारी अक्षय दुबे के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और मार्ग बहाली का कार्य आरंभ कर दिया। मशीनों की सहायता से मलबा हटाया जा रहा है, हालांकि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण कार्य सावधानी के साथ किया जा रहा है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे फिलहाल इस मार्ग पर यात्रा से बचें और वैकल्पिक व्यवस्था होने तक अपडेट लेते रहें।

# फास्टैग के नाम पर जनता पर नए टैक्स का बोझ : करण नंदा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल 2026 से लागू किए जा रहे नए प्रवेश शुल्क और फास्टैग आधारित वसूली तंत्र को जनविरोधी करार देते हुए इसे हिमाचल की अर्थव्यवस्था और पर्यटन पर सीधा आर्थिक प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों के निजी वाहनों का प्रवेश शुल्क 70 रुपए से बढ़ाकर 130 रुपए करना और छोटे मालवाहक वाहनों पर 170 रुपये तक शुल्क निर्धारित करना दर्शाता है कि सरकार विकास के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाल रही है।



कर्ण नंदा ने कहा कि प्रदेश के अपने मालवाहक वाहनों को भी अब शुल्क के दायरे में लाना स्थानीय व्यापार, परिवहन और छोटे कारोबारी वर्ग के लिए घातक सिद्ध होगा। बड़े मालवाहक वाहनों, निर्माण मशीनरी, मिनी बसों और व्यावसायिक वाहनों पर शुल्क वृद्धि से वस्तुओं की ढुलाई महंगी होगी और इसका सीधा असर बाजार में बढ़ती महंगाई के रूप में आम नागरिक को झेलना पड़ेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ऊंट के मुंह में जीरा जैसे विकास कार्य दिखाकर भारी वसूली कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यटन प्रधान प्रदेश में प्रवेश शुल्क बढ़ाना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। 55 टोल बैरियरों से 185 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य तय करना साफ संकेत देता है कि सरकार का उद्देश्य सुविधा नहीं बल्कि अधिकतम वसूली है। कर्ण नंदा ने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो इसका गंभीर असर पर्यटन, रोजगार और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

# राज्य खाद्य आयोग ने आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली पर जताई गहरी चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के रामपुर उपमंडल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का राज्य खाद्य आयोग द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कई केंद्र निर्धारित समय पर बंद पाए गए। निरीक्षण में संकेत मिले कि कुछ केंद्रों में नियमित काम नहीं हो रहा, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पोषण सेवाओं में व्यवधान का खतरा है। आयोग ने महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक को विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। विभाग से 12 फरवरी 2026 की स्थिति स्पष्ट करने और संबंधित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति का विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। आयोग ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

# अभाविप के नगर खेलो कुंभ में युवाओं ने दिखाया जोश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला महानगर इकाई द्वारा आयोजित नगर खेलो कुंभ का भव्य समापन उत्साह, ऊर्जा और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में युवाओं की जबरदस्त भागीदारी रही, जिसने आयोजन को जीवंत बना दिया। समापन समारोह में अभाविप हिमाचल प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा मुख्यातिथि और खेलो भारत राष्ट्रीय सह संयोजक शिवानी चौहान विशिष्ट अतिथि रही। अतिथियों ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि व्यक्तित्व, नेतृत्व कौशल और टीम भावना को भी सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम में क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं हुईं। क्रिकेट में रजत 11 विजेता और ब्लैक पैंथर्स उपविजेता, कबड्डी में हरि ॐ मशोबरा विजेता और शिमला 7 उपविजेता, वॉलीबॉल में सूर्यवंशी बॉयज विजेता और आईटीआई समरहिल उपविजेता, जबकि फुटबॉल में समरहिल एफसी विजेता और शोघी एफसी उपविजेता रहीं। समापन पर सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

# हिमाचल में करुणामूलक नियुक्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** करुणामूलक आधार पर नियुक्तियों के मामलों में बरती जा रही ढिलाई पर उच्च शिक्षा निदेशालय ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। उच्च शिक्षा निदेशालय के निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने सभी जिला एवं संस्थान स्तर के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वित्त विभाग हिमाचल प्रदेश के 22 अगस्त 2022 के प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उनके संज्ञान में यह मामला आया है कि कई प्रस्ताव बिना समुचित परीक्षण और जांच-परख के सीधे निदेशालय को भेजे जा रहे हैं, जिससे न केवल नियमों की अवहेलना हो रही है बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

निदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों पर पहले ही निर्णय लिया जा चुका है अथवा जिन्हें अस्वीकृत किया जा चुका है, उन्हें दोबारा विचारार्थ भेजना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे कदमों से पत्राचार का अनावश्यक बोझ बढ़ता है और वास्तविक पात्र अभ्यर्थियों के मामलों के निस्तारण में विलंब होता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि बिना परीक्षण या नियमों के विपरीत कोई प्रस्ताव भेजा गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पीरन में महिलाओं ने लिया नशा मुक्त हिमाचल का संकल्प



पीरन पंचायत में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**◆ जागरूकता शिविर में चालीस महिलाओं की रही सहभागिता**

**ब्यूरो, शिमला।** ग्राम पंचायत पीरन में महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 40 महिलाओं ने भाग लिया।

मशोबरा खंड की महिला समाज शिक्षा आयोजिका ललिता कुमारी ने ग्राम संगठन के उद्देश्य, ऋण प्रक्रिया और ब्याज संबंधी जानकारी देते हुए महिलाओं से हिमाचल को चिट्टा व नशा मुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की मोबाइल गतिविधियों और संगति पर नजर रखने का आग्रह किया तथा डिजिटल साधनों के माध्यम से निगरानी रखने की जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम में नई चेतना अभियान के अंतर्गत लिंग समानता और स्वावलंबन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि ग्राम संगठन की महिलाएं चीड़ की पत्तियों से आकर्षक सजावटी उत्पाद तैयार कर रही हैं, जो भविष्य में आय का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

**विरोध** | **कार्यकाल बढ़ाने पर उठे संवैधानिक सवाल, भाजपा पार्षदों ने की अधिसूचना की मांग**

# मेयर कार्यकाल विस्तार पर सदन में जोरदार हंगामा

अनंत ज्ञान

**◆ भाजपा पार्षदों ने की अधिसूचना की मांग**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला नगर निगम सदन में मेयर के कार्यकाल विस्तार को लेकर तीखा राजनीतिक संग्राम देखने को मिला। बजट सत्र के दौरान जहां एक ओर विकास योजनाओं की घोषणाएं हुईं, वहीं दूसरी ओर कार्यकाल बढ़ाने के निर्णय पर विपक्ष ने जोरदार विरोध दर्ज कराया और सदन से वॉकआउट कर दिया। राजधानी की नगर सरकार में यह टकराव सियासी तापमान को और बढ़ा गया।

भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि कार्यकाल विस्तार संबंधी अधिसूचना स्पष्ट रूप से सार्वजनिक नहीं की गई है। उनका कहना था कि जब तक राज्यपाल की मंजूरी और विधिवत अधिसूचना जारी नहीं होती, तब तक विस्तार पर सवाल बने रहेंगे। इसी मुद्दे पर सदन में मेयर और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विपक्षी पार्षदों ने बाद में सदन से बहिर्गमन करते हुए जिलाधीश से मुलाकात की और लिखित शिकायत सौंपी। उनका आरोप था कि प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और लोकतांत्रिक परंपराओं की अनदेखी की गई है। उन्होंने सरकार से पूरे प्रकरण पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।



जिलाधीश से मिलकर ज्ञापन सौंपते भाजपा पार्षद। अनंत ज्ञान

### सत्ता पक्ष ने निराधार बताए आरोप

**सत्तापक्ष** ने हालांकि, इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि संशोधित विधेयक सदन से पारित हो चुका है और संवैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जा रही है। राजनीतिक उठापटक के बीच यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में नगर निगम की कार्यप्रणाली और नेतृत्व को लेकर बहस और तेज हो सकती है।

# भाजपा पार्षदों ने महापौर के बजट को बताया असंवैधानिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर निगम में बजट पेश होने के दौरान भाजपा पार्षदों ने खूब हंगामा मचाया। इन पार्षदों ने प्रेस वार्ता कर महापौर सुरेंद्र चौहान के कार्यकाल और बजट प्रक्रिया की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े किए। भाजपा पार्षदों ने कहा कि महापौर का अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है और जो अध्यादेश लाया गया था उसकी समयावधि भी समाप्त हो चुकी है, ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों में बजट पेश करना असंवैधानिक है। प्रेस के माध्यम से भाजपा पार्षद सरोज ठाकुर, आशा शर्मा, कमलेश मेहता आदि ने आरोप लगाया कि नियमों और परंपराओं की अनदेखी कर बजट प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस विषय पर स्पष्टता नहीं दी गई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएगी। पार्षदों ने सरकार से मांग की कि संवैधानिक मर्यादाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए और स्थिति स्पष्ट होने तक बजट प्रक्रिया पर पुनर्विचार किया जाए।

# मुख्यमंत्री केंद्रीय स्तर पर करें संवाद : संदीपनी

अनंत ज्ञान

**◆ भ्रम फैलाने की कर रहे कोशिश, कश्मीर से जारी बयान पर जताई आपत्ति**

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जम्मू-कश्मीर से सेब विषय पर की गई प्रेस वार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे प्रदेश के बागवानों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।



उन्होंने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के हवाले से कहा कि नई व्यापार व्यवस्था से हिमाचल के सेब उत्पादकों के हित प्रभावित नहीं होंगे, क्योंकि देश में सेब की मांग उत्पादन से अधिक है और अंतर पहले भी आयात से ही पूरा होता रहा है। भारद्वाज ने दावा किया कि नई व्यवस्था के बाद आयातित सेब की लागत बढ़ेगी, जिससे स्थानीय उत्पादकों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री को किसी नीति पर आपत्ति थी तो उन्हें संबंधित केंद्रीय स्तर पर संवाद करना चाहिए था।

भाजपा प्रवक्ता ने प्रदेश सरकार से एचपीएमसी के माध्यम से खरीदे गए उत्पादों के एमआईएस भुगतान में हो रही देरी पर भी स्पष्टीकरण मांगा और कहा कि बागवानों की लंबित राशि शीघ्र जारी की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और ऐसे समय में सरकार को बयानबाजी के बजाय बागवानी क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने तथा केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान देना चाहिए।

# रोहड़ू हत्याकांड में दो संदिग्धों की तस्वीरें जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू क्षेत्र के बड़ियारा (जांगला) में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों की तस्वीरें जारी कर जनता से उनकी पहचान में सहयोग की अपील की है। पुलिस के अनुसार 46 वर्षीय सेती राम की हत्या कर शव को पब्बर नदी किनारे फेंक दिया गया था। मृतक मूल रूप से नेपाल का रहने वाला था और क्षेत्र में मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि घटना से एक दिन पहले उसे कुछ नेपाली साथियों के साथ देखा गया था। बुधवार सुबह उसका लहूलुहान शव मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

एसपी शिमला गौरव सिंह ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को संदिग्धों के बारे में कोई जानकारी मिले तो चिड़गांव थाना प्रभारी के नंबर 8894728027 पर संपर्क करें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# हिमाचल में विधवाओं की बेटियों को मिलेगा उच्च शिक्षा का सहारा

## इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना का बढ़ा दायरा, अब 27 वर्ष तक मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने वंचित वर्गों के सामाजिक उत्थान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना का दायरा विस्तृत कर दिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



फाइल फोटो

योजना के विस्तार से अब विधवा महिलाओं की बेटियों को 27 वर्ष की आयु तक उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी। इससे प्रदेश ही नहीं, बल्कि प्रदेश से बाहर सरकारी संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं को भी लाभ मिलेगा। सरकार का मानना है कि आर्थिक अभाव अब किसी भी बेटी के सपनों की राह में अवरोध नहीं बनेगा।

जानकारी के संशोधित प्रावधानों के तहत राज्य से बाहर सरकारी संस्थानों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम कर रही छात्राओं को किराया अथवा पीजी आवास शुल्क के लिए अधिकतम दस महीनों तक प्रति माह तीन हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी, बशर्ते सरकारी छात्रावास उपलब्ध न हो। योजना के अंतर्गत अभियांत्रिकी, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, प्रबंधन, विधि, संगणक अनुप्रयोग, सूचना प्रौद्योगिकी प्रमाणन, शिक्षा, मानविकी, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) द्वारा संचालित पाठ्यक्रम, शिल्पकार प्रशिक्षण योजना तथा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कार्यक्रम शामिल किए गए हैं।

गौरतलब है कि वर्तमान में 18 से 27 वर्ष आयु वर्ग की 504 छात्राएं इस योजना का लाभ ले रही हैं और अनुमान है कि विस्तारित प्रावधानों से लाभार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राज्य सरकार ने इस वित्त वर्ष के लिए योजना के अंतर्गत 31.01 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिनमें से 3 फरवरी 2026 तक 22.96 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं।

### योजना से लाभार्थी बनेंगे आत्मनिर्भर : सीएम सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि योजना का मूल उद्देश्य लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे बिना किसी आर्थिक संकोच के अपनी शिक्षा पूरी कर सकें। उन्होंने दोहराया कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में अपने सपनों से वंचित न रहे। ऐसे में यह पहल निश्चित रूप से वंचित परिवारों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरी है।

# सीबीएसई व्यवस्था पर राज्य अध्यापक संघ का कड़ा विरोध

## सरकार को आठ सूत्रीय सुझाव सौंपे, स्क्रीनिंग टेस्ट थोपने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में प्रस्तावित बदलावों को लेकर हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने राजधानी शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से अपना सख्त रुख सार्वजनिक किया। संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीबीएसई बोर्ड की नई व्यवस्था लागू करने से पूर्व शिक्षकों के आत्मसम्मान, सेवा शर्तों और अधिकारों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, महासचिव तिलक नायक, जिला शिमला प्रधान ताराचंद शर्मा तथा वेब सचिव तिलक नायक ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार को आठ सूत्रीय सुझाव लिखित रूप में सौंप दिए गए हैं और आशा है कि शिक्षकों को किसी प्रकार के स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के सभी शिक्षक विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त कर आयोग की चयन प्रक्रिया से नियुक्त हुए हैं। ऐसे में उनकी कार्यकुशलता पर दोबारा परीक्षा के माध्यम से प्रश्नचिह्न लगाना अनुचित है। वीरेंद्र चौहान ने दो टूक



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान। अनंत ज्ञान

### ◆ शिक्षकों की योग्यता पर सवाल बर्दाश्त नहीं

### ◆ निजीकरण और फीस वृद्धि का कड़ा विरोध

कहा कि यदि स्क्रीनिंग टेस्ट का दबाव बनाया गया तो इसे शिक्षकों के मान-सम्मान पर आघात माना जाएगा और प्रदेशभर में आंदोलन छेड़ा जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण लेने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में शिक्षकों से यह भी आह्वान किया गया कि वे किसी भी प्रस्तावित स्क्रीनिंग परीक्षा के लिए आवेदन न करें। संघ का मत है कि एकजुटता ही सबसे बड़ा संबल है और यदि शिक्षक संगठित रहेंगे तो समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि शिक्षा विभाग में किसी प्रकार का निजीकरण या फीस संरचना में वृद्धि किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी।

### संघ की प्रमुख मांगें और चेतावनी

**संघ** द्वारा सरकार को दिए गए सुझावों में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों की कार्यकुशलता परखने हेतु किसी प्रकार की परीक्षा न लेने, वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों को बोर्ड परिणाम के आधार पर कम से कम एक वर्ष का अवसर देने, रिक्त पदों को शत-प्रतिशत भरने, इंटर बोर्ड स्थानांतरण प्रक्रिया को यथावत रखने, बालक एवं बालिका विद्यालयों का विलय न करने, पदोन्नति प्रभावित न करने तथा सीबीएसई मानकों के अनुरूप उप-प्राचार्य पद सृजित करने जैसी मांगें शामिल हैं। संघ ने पुनः दोहराया कि यदि इन सुझावों की अनदेखी की गई तो शिक्षकों के सम्मान की रक्षा के लिए व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े चार लाख की ठगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं थाना क्षेत्र में सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता प्रताप सिंह, निवासी जोलपलाखी (कुरनाडा), डाकघर कुठेड़ा, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सितंबर माह में कुछ व्यक्तियों ने उनके बच्चों को सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपियों ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क कर स्वयं को प्रभावशाली और मददगार बताकर उन्हें विश्वास में लिया।

प्रताप सिंह के अनुसार रामपाल, राहुल, साहिल और रोहित नामक व्यक्तियों ने सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का दावा करते हुए उनसे और उनके दामाद पवन कुमार से पैसों की मांग की। आरोपियों के कहने पर 4,30,000 रुपए की राशि गूगल पे के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गई।

### ◆ पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

शिकायतकर्ता का कहना है कि पैसे लेने के बाद आरोपी नौकरी प्रक्रिया शुरू होने का बहाना बनाकर लगातार समय टालते रहे, लेकिन कई महीनों बाद भी न तो कोई नियुक्ति पत्र मिला और न ही किसी प्रकार की प्रक्रिया आगे बढ़ी। जब उनसे ठोस जानकारी मांगी गई तो उन्होंने टालमटोल शुरू कर दी। इसके बाद खुद को ठगा महसूस करते हुए प्रताप सिंह ने पुलिस थाना घुमारवीं में शिकायत दर्ज करवाई।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस साइबर ट्रांजैक्शन और मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है और संबंधित व्यक्तियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे मांगने वाले लोगों से सतर्क रहें।

# अपनी ओछी राजनीति से कांग्रेस बनी राष्ट्रीय शर्म का विषय : अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई समिट' के दौरान कांग्रेस के प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी ओछी राजनीति के कारण कांग्रेस राष्ट्रीय शर्म का विषय बन चुकी है।



उन्होंने कहा कि जब पूरा विश्व भारत की तकनीकी क्षमता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में बढ़ते कदमों का साक्षी बन रहा है, तब कांग्रेस ने देश का मान बढ़ाने के बजाय आयोजन में व्यवधान डालने का मार्ग चुना। उनके अनुसार, कांग्रेस की यह हरकत भारत की वैश्विक साख को ठेस पहुंचाने का कुत्सित प्रयास है।

### ◆ जब देश प्रगति करता है तब कांग्रेस करती है प्रदर्शन

### ◆ कांग्रेस की राजनीति सिर्फ विरोध तक ही सीमित

अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की राजनीति अब केवल विरोध तक सीमित रह गई है और वह प्रगति तथा तकनीकी उन्नति के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश आगे बढ़ता है, कांग्रेस प्रदर्शन का रास्ता अपनाती है। उनके मुताबिक, इस प्रकार के आचरण से विदेशी निवेशकों और वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचता है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

# बेहतर शिक्षा व्यवस्था हमारी प्राथमिकता सुधार निरंतर रहेंगे जारी : रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** रोहित ठाकुर ने अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान दैनिक अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, आधुनिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग में सुधारों की प्रक्रिया एक सतत अभियान है, जिसे चरणबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य केवल भवनों और ढांचे तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार लाना भी है। शिक्षकों की संतुलित एवं आवश्यकता आधारित तैनाती, संसाधनों का पारदर्शी उपयोग तथा स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि डिजिटल शिक्षण संसाधनों



रोहित ठाकुर के साथ में पूर्व विधायक तिलक शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

का विस्तार, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना सरकार की प्राथमिक सोच का हिस्सा है।

उन्होंने दोहराया कि विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है और विभाग के सभी निर्णय इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर लिए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप ढालने के लिए आवश्यक सुधार आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा भी उपस्थित थे उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश में जो कार्य रोहित ठाकुर के दिशा निर्देशन में हो रहा है वह इससे पहले नहीं हुआ।

# भाजपा एक जिम्मेदार दल, कांग्रेस केवल शोर मचाकर प्रदेश की जनता को कर रही गुमराह : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ऊना में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान शिविर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा एक जिम्मेदार दल है और हिमाचल के आर्थिक संकट को लेकर गंभीर है, जबकि मुख्यमंत्री इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर केंद्र पर निराधार आरोप लगा रहे हैं।



शिविर में उपस्थित जयराम ठाकुर साथ में सतपाल सिंह सत्ती और महिला नेता। अनंत ज्ञान

मीडिया से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) को लेकर भ्रम फैला रही है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हिमाचल को 18 हजार करोड़ रुपए की सहायता मिली, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2015 से 2025 के बीच दो वित्त आयोगों के माध्यम से 89 हजार करोड़ रुपए की सहायता सुनिश्चित की गई, जो 71 हजार करोड़ अधिक है। उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग द्वारा आरडीजी व्यवस्था समाप्त किए जाने की स्पष्टता के बावजूद इस मुद्दे पर विलाप करना निरर्थक है। केंद्र से सहायता के अन्य संवैधानिक प्रावधान मौजूद हैं, जिन पर सकारात्मक संवाद होना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को आय के स्थायी स्रोत बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

### ◆ बोले, कांग्रेस राज में हिमाचल के साथ हुआ सौतेला व्यवहार

जयराम ने बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर लगाए गए एंट्री टैक्स की आलोचना करते हुए इसे पर्यटन के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने कहा कि ऊना, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा जैसे सीमावर्ती जिलों में इस निर्णय से आम जनता और व्यापार प्रभावित होगा। शिविर में उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों का विरोध करने और जनता के बीच तथ्य रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# राष्ट्र की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों को जनता देगी जवाब : बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने अंतरराष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन को भारत की वैश्विक छवि धूमिल करने की साजिश करार दिया है।



उन्होंने कहा कि जब विश्व के अनेक राष्ट्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत की धरती पर मंथन कर रहे थे और देश की प्रतिष्ठा नई ऊंचाइयों को छू रही थी, उसी समय कांग्रेस समर्थित तत्वों द्वारा कार्यक्रम स्थल में घुसकर किया गया अभद्र प्रदर्शन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके अनुसार यह विरोध किसी दल या नेता के खिलाफ नहीं, बल्कि राष्ट्र के मान-सम्मान के विरुद्ध कृत्य है, जिसकी सर्वत्र निंदा हो रही है।

### ◆ एआई शिखर सम्मेलन में हंगामे पर पलटवार

डॉ. बिंदल ने कहा कि कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच इस प्रकार की हरकतें कांग्रेस की राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐसी गतिविधियां भारत की उपलब्धियों को कमतर दिखाने और देश की साख को आघात पहुंचाने का प्रयास हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रहित के विषयों पर सभी दलों को एकजुट रहना चाहिए, किंतु कांग्रेस ने अपनी राजनीति के लिए देशहित को दांव पर लगाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की जागरूक जनता ऐसे कृत्यों का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी।

# अंबोटा-आशादेवी मार्ग पर अवैध वन संपदा से लदी चार गाड़ियां जब्त

अनंत ज्ञान

**ऊना।** वन विभाग हिमाचल प्रदेश ने वन संपदा की अवैध तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंबोटा-आशादेवी संपर्क मार्ग पर तड़के करीब 3 बजे संघन नाकेबंदी कर चार वाहनों को जब्त किया। ये सभी वाहन प्रतिबंधित प्रजाति की वन संपदा से भरे हुए थे और बिना किसी वैध परमिट के अवैध रूप से राज्य की सीमा पार कर पंजाब की ओर ले जाए जा रहे थे।



पकड़े गए वाहनों के साथ विभागीय अधिकारी।

विभाग के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने अंबोटा-आशादेवी मार्ग पर विशेष अभियान चलाया। तड़के के समय संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए टीम ने चार वाहनों को रोका और उनकी तलाशी ली। जांच के दौरान पाया गया कि वाहनों में प्रतिबंधित वन संपदा भरी हुई थी, लेकिन चालकों के पास परिवहन से संबंधित कोई वैध अनुमति पत्र या दस्तावेज मौजूद नहीं थे। दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से वन संपदा सहित सभी चार वाहनों को जब्त कर लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस अवैध परिवहन में शामिल वाहन और संबंधित व्यक्ति ऊना जिले के नकड़ोह और भद्रकाली क्षेत्र से संबंध रखते हैं। आरोपियों द्वारा अंधेरे का लाभ उठाकर वन संपदा को राज्य से बाहर तस्करी करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन वन विभाग की सतर्कता के कारण उनकी योजना विफल हो गई। इस कार्रवाई को सफल बनाने में वन विभाग के फील्ड स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान में वन रक्षक बलदेव, पंकज, नरेश, विक्रांत और तरसेम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उनकी मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई के चलते वन संपदा की बड़ी खेप को अवैध रूप से बाहर ले जाने से रोका जा सका।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित वन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**मूल्यांकन** — हिमाचल में 1.20 लाख विद्यार्थियों ने एंडलाइन असेसमेंट में लिया भाग

# शिक्षा संकल्प से निखरता बच्चों का भविष्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक निर्णायक पहल करते हुए समग्र शिक्षा ने लर्निंग एनहांसमेंट प्रोग्राम (एलईपी) 2025-26 के अंतर्गत संचालित शिक्षा संकल्प कार्यक्रम का एंडलाइन असेसमेंट सफलतापूर्वक संपन्न कराया है। यह मूल्यांकन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को संवारने की दिशा में उठाया गया सशक्त कदम है। 18 और 19 फरवरी को आयोजित इस व्यापक मूल्यांकन में प्रदेश के 12 जिलों के सैंपल आधारित चयनित 1,275 विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 1.20 लाख विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रगति को परखा।



परीक्षा देते विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार शिक्षा संकल्प कार्यक्रम की नींव मई 2025 में आयोजित राज्यव्यापी डायग्नोस्टिक असेसमेंट से रखी गई थी, जिसमें चार लाख से अधिक विद्यार्थियों का आकलन कर विषयवार सीखने की कमियों की पहचान की गई। इसी आधार पर ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया जिन्हें अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग की आवश्यकता थी। यह पहल इस विश्वास के साथ आरंभ की गई कि यदि समय रहते सीखने की खामियों को पहचाना और सुधारा जाए, तो विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में ठोस सुधार संभव है।

डायग्नोस्टिक असेसमेंट के आधार पर चिन्हित संकल्प विद्यार्थियों के लिए गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और हिंदी विषयों में विशेष रूप से तैयार की गई व्यक्तिगत कार्य पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई गईं। इन कार्यपुस्तिकाओं को इस प्रकार डिजाइन किया गया कि विद्यार्थी अपनी आवश्यकता के अनुरूप अभ्यास कर सकें और मूलभूत अवधारणाओं को मजबूत बना सकें। साथ ही शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए विस्तृत शिक्षक हैंडबुक भी तैयार की गई, जिसमें दैनिक शिक्षण रणनीतियों और प्रगति की निगरानी से जुड़े स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी विद्यालयों में प्रतिदिन 45 मिनट का विशेष संकल्प पीरियड निर्धारित किया गया। इस अवधि में विद्यार्थियों को लक्षित शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया गया, जिससे उनकी विषयगत समझ में स्पष्ट सुधार देखा गया।

### एंडलाइन असेसमेंट से स्पष्ट होगी सफलता की तस्वीर

**कार्यक्रम** के अंतिम चरण के रूप में आयोजित एंडलाइन असेसमेंट के माध्यम से यह आंका जाएगा कि शिक्षा संकल्प कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में कितना प्रभाव डाला है। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि 1,275 विद्यालयों में लगभग 1.20 लाख विद्यार्थियों का मूल्यांकन कराया गया है और इसके परिणामों के आधार पर भविष्य की शैक्षणिक रणनीतियों को और अधिक सुदृढ़ एवं परिणामोन्मुख बनाया जाएगा। यह पहल प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है।

# 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के खिलाफ एसएफआई की हुंकार

## पहाड़ी राज्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की इकाई ने 16वें वित्त आयोग की हालिया सिफारिशों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने आरोप लगाया कि पहाड़ी राज्यों को दी जाने वाली राजस्व घाटा अनुदान राशि समाप्त करने की सिफारिश हिमाचल प्रदेश जैसे विशेष परिस्थितियों वाले राज्य के साथ नाइंसाफी है। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि यह निर्णय संघीय ढांचे और सहकारी संघवाद की भावना के विपरीत है तथा इससे राज्य की आर्थिक सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।



16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के विरोध में ज्ञापन सौंपती एसएफआई। अनंत ज्ञान

एसएफआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि यह सिफारिश लागू हुई तो शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण योजनाओं पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, विश्वविद्यालयों में बजट कटौती होगी और छात्रों पर शुल्क वृद्धि का बोझ डाला जा सकता है। संगठन ने केंद्र सरकार से तत्काल पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा कि पहाड़ी और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों के लिए विशेष वित्तीय प्रावधान बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को विश्वविद्यालय से राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक व्यापक रूप दिया जाएगा।

### ◆ रेवेन्यू घाटा अनुदान समाप्त करने की सिफारिश पर केंद्र से पुनर्विचार की मांग

# नगरोटा का कन्या स्कूल संवार रहा भविष्य : बाली

## डिजिटल बाल एवं किशोर लाइब्रेरी का किया उद्घाटन, स्कूल को 10 कंप्यूटर व 20 टैबलेट देने की घोषणा

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगरोटा का राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय यहां की बेटियों के भविष्य को संवारने का महत्वपूर्ण काम कर रहा है। यह उद्गार पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा के फेयरवेल समारोह में मुख्य अतिथि बतौर पहुंचने पर कहे।

इस मौके पर उन्होंने विद्यालय की बेटियों के लिए नवनिर्मित डिजिटल बाल एवं किशोर लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय की बेटियों को फेयरवेल समारोह के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा इस विद्यालय ने हजारों बेटियों के भविष्य को संवारा है जो आज बड़े पदों तक पहुंचीं हैं। उन्होंने कहा विद्यालय में पुस्तकालय खुलने से अब यहां बेटियों को और बेहतर सुविधा मिलेगी और पढ़ाई के साथ परीक्षाओं की तैयारी करने का और मौका मिलेगा। उन्होंने कहा इस विद्यालय को कोएजुकेशन विद्यालय बनाया गया है। उन्होंने कहा नगरोटा विस क्षेत्र सहित समस्त हिमाचल के स्कूलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बाली ने शिक्षकों को बच्चों की खूबियों व कमियों का आंकलन कर पढ़ाई के तरीके में रचनात्मक बदलाव करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करने में होती है बल्कि वे उनको सही और गलत के बीच अंतर को समझाने और संवेदनशील नागरिक के रूप में तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा आज सरकार ने राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने, स्कूलों को सीबीएसई करने, प्राथमिक शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से करवाने जैसे निर्णय शिक्षा में सुधार के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा आज प्रदेश के स्कूलों की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाना लक्ष्य है। उन्होंने कहा बेटियों को उच्च शिक्षा के पूर्ण अवसर उपलब्ध करवाना समाज में बदलाव लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए समाज में बदलाव अवश्य हुआ है लेकिन इसे अभी और अधिक बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने सभी से अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने और उन्हें पूर्ण अवसर उपलब्ध देने की अपील की।

उन्होंने विद्यालय के लिए 10 कंप्यूटर, 20 टेबलेट देने की घोषणा की। विद्यालय की समस्त छात्राओं ने विद्यालय को मर्ज होने से बचाने के लिए आरएस बाली का धन्यवाद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मुख्यअतिथि मुख्य अतिथि का संबोधन में अभिवादन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल शर्मा, एसएमसी प्रधान कंचन शर्मा, शिक्षकों और छात्राओं ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। विद्यालय की छात्राओं ने अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुस्कान मिस स्माइली, रितु मिस ब्यूटीफुल और दिव्या को मिस फेयरवेल चुना गया इन्हें मुख्य अतिथि ने बैच पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी छात्राओं को फेयरवेल और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



डिजिटल बाल एवं किशोर लाइब्रेरी का उद्घाटन करते आरएस बाली। अनंत ज्ञान

# शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का सुपरफास्ट फैसला, अब ट्रस्ट की बैठक में शामिल होंगे दो पेंशनर्स प्रतिनिधि

अनंत ज्ञान

◆ 48 घंटे में समाधान, अब पेंशनर्स खुद तय करेंगे अपना भाग्य

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए एक बड़ी और निर्णायक पहल की है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने छह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पेंशन फंड ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर पेंशनर्स के भविष्य को लेकर कई बड़े बदलावों का ऐलान किया है।

इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि डॉ. शर्मा ने केवल चर्चा ही नहीं की, बल्कि हालिया विचार-विमर्श के मात्र 48 घंटों के भीतर ही महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उन्हें धरातल पर लागू करने की तैयारी पूरी कर ली है। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि पेंशनर्स की वर्षों की सेवा का सम्मान करते हुए उनके अधिकारों और आर्थिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस नई व्यवस्था के तहत अब पेंशन फंड ट्रस्ट की बैठकों में निरंतरता लाई जाएगी और प्रत्येक वर्ष इनका नियमित आयोजन होगा ताकि कार्यप्रणाली की समय-समय पर समीक्षा हो सके। पेंशनर्स की जीवन भर की जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए बोर्ड ने निर्णय लिया है कि पेंशन कॉर्पस फंड को अब किसी भी प्रतिष्ठित राष्ट्रीयकृत बैंक में रखा जाएगा, जहां अधिकतम लाभ के साथ-साथ पूर्ण पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। डॉ. शर्मा ने दो टूक कहा कि यह पहल केवल एक औपचारिकता या आश्वासन नहीं है, बल्कि प्रशासनिक दृढ़ता का प्रमाण है, जिसके ठोस परिणाम अब धरातल पर दिखाई देंगे।

पेंशनर्स को निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनाने के लिए बोर्ड ने एक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। अब ट्रस्ट समिति में दो पेंशनर्स को नामित सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा, जिससे उनकी वास्तविक समस्याओं को सीधे बोर्ड के समक्ष रखा जा सकेगा और समाधान अधिक प्रभावी व व्यावहारिक बनेंगे। डॉ. राजेश शर्मा ने भरोसा दिलाया है कि बोर्ड का लक्ष्य पेंशनर्स के धन की सुरक्षा, समय पर भुगतान और संचालन में पूर्ण पारदर्शिता लाना है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी, तो इन विषयों को शासन स्तर पर भी मजबूती से उठाया जाएगा ताकि पेंशनर्स का सम्मान और उनकी आर्थिक सुरक्षा पूरी मजबूती के साथ सुनिश्चित की जा सके।


पेंशन फंड ट्रस्ट की बैठक में डॉ. राजेश शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

## उपमुख्य सचेतक ने आरजीडी बंद करने पर भाजपा को घेरा

# प्रदेश के हितों के खिलाफ खड़ी भाजपा : पठानिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि भाजपा का आरडीजी पर असली चेहरा प्रदेश के सामने बेनकाब हो चुका है। विधानसभा सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश के लिए आरडीजी बहाल करने के लिए नियम 102 के तहत लाए गए सरकारी प्रस्ताव का विरोध कर भाजपा ने अपना वास्तविक चेहरा उजागर कर दिया है। धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि भाजपा नेताओं से सवाल करते हुए कहा कि आरडीजी के मुद्दे पर एक बार भी अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।

प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि क्या भाजपा आरडीजी को बंद करने के पक्ष में है या नहीं। उन्होंने कहा कि इससे पहले आपदा प्रभावितों को विशेष आर्थिक सहायता देने संबंधी विधानसभा प्रस्ताव का भी भाजपा विधायकों ने समर्थन नहीं किया था। प्रदेश की जनता देख चुकी है कि भाजपा हिमाचल प्रदेश के अधिकारों के लिए कभी खड़ी नहीं होती। उन्होंने कहा कि जब भाजपा प्रदेश में सत्तासीन थी तो हिमाचल प्रदेश की सीमित आर्थिक संसाधनों और भौगोलिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए पंद्रहवें और सोलहवें वित्त आयोग के समक्ष प्रदेश को आरडीजी देने की पुरजोर वकालत की थी। जब जय राम ठाकुर के कार्यकाल में प्रदेश को 56 हजार करोड़ रुपये आरडीजी के अतिरिक्त 14 हजार करोड़ रुपये का जीएसटी क्षतिपूर्ति (कंपनसेशन) प्राप्त हुआ, तब आरडीजी पर कोई आपत्ति नहीं थी, तो अब विरोध क्यों, क्या इसलिए कि आज हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता प्रदेश की जनता को स्पष्ट करें कि कुछ ही महीनों में उनका रुख क्यों बदल गया है। आखिर क्यों आज वह और पूरी भाजपा हिमाचल प्रदेश के हितों के खिलाफ खड़ी है? कांग्रेस सरकार का विरोध करते-करते भाजपा नेतृत्व शायद प्रदेश के लोगों के हितों को भूल चुका है। भाजपा नेता आज केंद्रीय योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि को आर्थिक मदद के रूप में गिना रहे हैं, जबकि यह प्रदेश की जनता का अधिकार है। इस प्रकार के बेतुके स्पष्टीकरण प्रदेश के लोगों के गले नहीं उतरने वाले। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला को प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए धर्मशाला में ही पर्यटन निगम का राज्य मुख्यालय स्थान्तिरत किया गया।


प्रेसवार्ता करते विधायक केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

# ड्रग ओवरडोज मौत मामले में 16 ग्राम हेरोइन सहित मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ एसएसपी ने कहा—नशे के मामलों में जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** सीमावर्ती क्षेत्र में नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत और दूसरे के गंभीर रूप से बीमार होने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुख्य नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। गत दिवस सोशल मीडिया पर दो युवकों की नशे की हालत में वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला सामने आया था, जिसमें एक युवक की जान चली गई जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि 18 फरवरी 2026 को पंकज मन्हास पुत्र सरदार सिंह निवासी बामियाल का शव गांव तालूर क्षेत्र में बरामद हुआ। उसके साथ मौजूद राहुल शर्मा पुत्र रमेश शर्मा निवासी बामियाल की हालत भी गंभीर थी, जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के बाद राहुल ने पुलिस को बताया कि वह और पंकज दोनों नशे के आदी थे। 18 फरवरी को उन्होंने दविंदर सिंह उर्फ विक्की पुत्र दलजीत सिंह निवासी गांव तरफ सांझी, जिला कठुआ (जम्मू-कश्मीर) से ड्रग्स खरीदी थी और उसके घर के समीप ही कुछ डोज ले ली थी। इसके बाद पंकज की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दविंदर सिंह उर्फ विक्की सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय मुख्य ड्रग सप्लायर है और जम्मू-कश्मीर व पंजाब के बॉर्डर इलाकों में नशा सप्लाई करता है। स्पेशल ब्रांच और एसपी टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

आरोपी के खिलाफ एफआईआर नंबर 14, दिनांक 18/02/26, धारा 105 बीएनएस, थाना एनजेएस में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान और तेज करने की बात कही है।

# नाबार्ड सीजीएम ने किया दुग्ध परियोजना का निरीक्षण

## डॉ. विवेक पठानिया बोले- कांगड़ा में दुग्ध अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया बल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नाबार्ड, हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय (एचपीआरओ), शिमला के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया ने शुक्रवार को कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थित ढगवार में निर्माणाधीन पूरी तरह से स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र का निरीक्षण किया। आरआईडीएफ के तहत नाबार्ड द्वारा इस अभूतपूर्व परियोजना के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को 200.43 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना पशुपालन विभाग और एचपी मिल्कफेड की एक संयुक्त पहल है, जिसका क्रियान्वयन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक संयंत्र की प्रारंभिक क्षमता1.5 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे भविष्य की जरूरतों को देखते हुए 3 लाख तक बढ़ाया जा सकता है। यह परियोजना कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर एवं ऊना जिलों में उपलब्ध दुग्ध क्षमता को ध्यान में रखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बुनियादी ढांचा सीधे तौर पर एक बड़ी आबादी का उत्थान करेगा, क्योंकि इन जिलों में राज्य की कुल आबादी का लगभग 44 फीसदी (लगभग 30.05 लाख लोग) हिस्सा रहता है, जिसमें से 93 फीसदी लोग ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। इसके अतिरिक्त, यह डेयरी संयंत्र आवश्यकतानुसार राज्य के अन्य क्षेत्रों से खरीदे गए अतिरिक्त दूध का भी प्रसंस्करण करेगा।

उन्होंने कहा कि लगातार बारिश और बाढ़ प्राकृतिक बाधाओं का सामना करने के बावजूद, यह परियोजना मजबूती से आगे बढ़ रही है और इसने 55 फीसदी की समग्र भौतिक प्रगति हासिल कर ली है। वर्तमान में आवश्यक सेवा उपकरणों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। इस पूरे संयंत्र के सितंबर2026 तक भौतिक रूप से बनकर तैयार होने का अनुमान है। डॉ. पठानिया ने संबंधित एजेंसियों को बेहतर समन्वय के माध्यम से शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने, किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


नाबार्ड सीजीएम दुग्ध परियोजना का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

# सफाई कर्मियों को न न्यूनतम वेतन और न समय पर मिल रही मजदूरी

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, पपरोला में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ ठेकेदार द्वारा गंभीर श्रम कानून उल्लंघन का मामला सीटू जिला कमेटी के ध्यान में आया है जिस का सीटू जिला कमेटी ने संज्ञान लिया है। सीटू का आरोप है कि कर्मियों को न तो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दी जा रही है और न ही समय पर वेतन का भुगतान किया जा रहा है।

सीटू जिला कमेटी के जिला सचिव रविंद्र कुमार, जिला प्रधान केवल कुमार एवं जिला वित सचिव अशोक कटोच ने जारी बयान में कहा कि जिला के राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला सहित जिला के अधिकांश स्वास्थ्य संस्थानों में सफाई कर्मचारी न्यूनतम वेतन से भी कम पर काम कर रहे है। यूनियन के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी तक सफाई कर्मचारियों को 400 प्रतिदिन की मजदूरी दी गई, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस अवधि में 449 प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई थी। इस प्रकार प्रत्येक कर्मचारी से 49 प्रतिदिन की कटौती की गई, जिसका बकाया अभी तक नहीं दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, नवंबर 2025 से अब तक सफाई कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जो श्रम कानूनों का सरासर उल्लंघन है। स्थापित नियम के अनुसार मजदूरो को न्यूनतम बेतन दिलाने और श्रम कानूनों की अनुपालना सुनिश्चित करना मुख्य नियोक्ता होने के प्रधानाचार्य की जिम्मेवारी बनती है। सीटू ने मांग की है कि लंबित तीन माह का वेतन तुरंत जारी किया जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो सीटू जिला कमेटी कांगड़ा आयुर्वैदिक कालेज प्रशासन व ठेकेदार के विरुद्द आंदोलन करने के लिये मजबूर होगी। श्रम अधिकारी धर्मशाला व श्रम निरीक्षक पालमपुर के समक्ष भी ये मामला विचाराधीन है अगर वहां से भी न्याय नहीं मिलता है तो आंदोलनात्मक कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटा जाएगा।

# मुंबई के स्टूडेंट्स ने बैंबू उत्पाद बनाने की बारीकियां सीखीं

## पधर की महिलाएं कांगड़ा पेंटिंग्स में कर रही उत्कृष्ट कार्य, चामुंडा में बैंबू व मिट्टी के उत्पाद प्रदर्शित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुंबई के स्टूडेंटस चामुंडा में बैंबू प्राडक्ट बनाने की बारीकियां सीखकर जा चुके हैं। वहीं कांगड़ा पेंटिंग्स व फेशियल प्राडक्ट में चामुंडा के साथ लगती पधर पंचायत की महिलाएं बेहतरीन कार्य कर रही हैं। विभिन्न समूहों व महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को बिक्री के लिए एक जगह उपलब्ध करवाने के लिए चामुंडा में हिम ईरा शॉप का संचालन किया जा रहा है। जिसमें बैंबू, चीड़ की पत्तियों, मिटटी के प्राडक्ट सहित कांगड़ा पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं, जिन्हें श्रद्धालु देखकर खरीदकर अपने घर की शोभा बढ़ाने को आतुर नजर आते हैं।

बीडीओ धर्मशाला अभिनीत कात्यायन ने बताया कि मुंबई के कुछ स्टूडेंटस बैंबू प्रशिक्षण के लिए चामुंडा आए थे। यहां स्थित हिम ईरा शॉप में मुंबई के स्टूडेंटस ने बैंबू से बनने वाले उत्पादों की बारीकियों को सीखा। अब मुंबई के स्टूडेंटस वहां जाकर बैंबू के उत्पाद तैयार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि धर्मशाला सहित पूरे जिला के बेहतरीन कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी हिम ईरा शॉप में लगाई जाती है। इसी के साथ यहां कलाकारों की ओर से वर्कशॉप भी आयोजित की जाती है। इसमें बैंबू, मिटटी से बनी कृतियों सहित साथ लगती पद्दर पंचायत की महिलाएं, जो कि कांगड़ा पेंटिंग्स में अच्छा काम करती हैं, उनकी कृतियों को भी यहां प्रदर्शित किया जाता है।

बीडीओ धर्मशाला अभिनीत कात्यायन ने बताया कि न केवल जिला कांगड़ा, बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों सहित बाहरी राज्यों के श्रद्धालु जो देवी दर्शनों के लिए श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम आते हैं तो यहां बन रहे शी हाट का भी भ्रमण करें तथा यहां बिक्री के लिए उपलब्ध उत्पादों को खरीदें। यहां पर ग्रामीण विकास विभाग की ओर से वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं, जिनमें आकर लोग विभिन्न प्रकार के उत्पादन तैयार करने का प्रशिक्षण ले सकते हैं।



### बिक्री उपरांत सीएलएफ महिलाओं को देती है पैसे

**बीडीओ** ने बताया कि कृतियों की बिक्री होने पर कलस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) द्वारा पैसे कलाकारों के खातों में डाल दिए जाते हैं। इसमें विभिन्न स्वयं सहायता समूह जुड़े हैं। विभिन्न कृतियां बनाने में अलग-अलग ग्रुप कार्य कर रहे हैं। फेशियल प्राडक्ट पद्दर पंचायत की महिलाओं का समूह बनाता है। चीड़ की पत्तियों के उत्पाद भी यहां बिक्री के लिए उपलब्ध रहते हैं।

# पंचायतों में सचिवों को लगाया जाए प्रशासक: रमेश चंद बराड़

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार द्वारा प्रशासक तैनात किए गए हैं, जिसमें खंड विकास अधिकारी को चेयरपर्सन, जबकि पंचायत सचिवों को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। खंड विकास अधिकारियों को चेयरपर्सन नियुक्त किए जाने के कारण लोगों को अपने छोटे-मोटे कार्य करवाने के लिए विकास खंडों के चक्कर काटने पड़ेंगे।

इसके अलावा प्रधानों द्वारा अन्य वेरिफिकेशन का कार्य भी किया जाता था, लेकिन अब शक्तियां खंड विकास अधिकारी को हस्तांतरित किए जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । सरकार द्वारा पंचायत के अंदर दो सदस्यों की कमेटी तो बना दी गई है लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक यह गाइडलाइन जारी नहीं की गई है कि कौन सा व्यक्ति कौन से कार्य करेगा। इसे लेकर अधिकारियों में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कांगड़ा जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रमेश चंद बराड़ का कहना है कि पंचायत सचिवों को चेयरपर्सन, जबकि ग्राम रोजगार सेवकों को पंचायत सचिव के स्थान पर नियुक्त किया जाए ताकि पंचायत स्तर पर ही समस्त मामलों का समाधान हो सके। तकनीकी सहायकों को भी कमेटी में जगह दी जाए ।

इस बारे प्रदेश पंचायत सचिव संघ के मुख्य संरक्षक अमित जसरोटिया ने बताया कि इन सारे विषयों को लेकर डायरेक्टर पंचायती राज को पत्र लिखा गया है तथा उम्मीद है कि शीघ्र ही सरकार की तरफ से विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी जाएगी।

इस बारे जब पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त निदेशक केवल शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बाबत कोई भी मामला लिखित में विभाग के पास नहीं आया है । यदि लिखित में कोई मामला विभाग के पास आएगा तो उच्चाधिकारियों से विचार विमर्श के उपरांत आगामी निर्णय लिया जाएगा।

# भाषण प्रतियोगिता में कनिका ने मारी बाजी

## गाहलियां स्कूल के बच्चों ने सड़क सुरक्षा पर निकाली जागरूकता रैली


गाहलियां स्कूल के बच्चों ने यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां के बच्चों ने सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ ली गई। इसके अलावा सडक़ सुरक्षा संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें पहले स्थान पर प्रिया, नव्या अंशुल, दूसरे स्थान पर सुजल, रिश्ेक, वंशिका तीसरे स्थान पर ऋतिक, सुल्तान, कार्तिक रहे। भाषण प्रतियोगिता में पहले स्थान पर कनिका, दूसरे स्थान पर प्रिया और वंशिका संधू और तीसरे स्थान पर मन्नत रंधावा रही। प्रधानाचार्य अजय कुमार ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की और स्कूल मीडिया प्रभारी राजीव डोगरा,संगीता रंधावा, विनोद कुमार, संजीव शर्मा का सराहनीय योगदान रहा। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को उप प्रधानाचार्य नवनीत वालिया, विकास चौधरी, पंकज कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।

# वॉलीबाल में दासोली युवा क्लब और रस्साकशी में राजा का तालाब छाया

अनंत ज्ञान

◆ फतेहपुर में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न युवाओं ने दिखाया दमखम

**धर्मशाला।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत कार्यालय कांगड़ा द्वारा विकास खंड फतेहपुर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया।

वॉलीबॉल में दासोली युवा क्लब ने प्रथम स्थान हासिल किया। बैडमिंटन में महक गुप्ता, हाई जंप में विकास, टेबल टेनिस में अखिल कुमार, गोला फेंक में अदिति चौधरी तथा रस्साकशी में राजा का तालाब युवा क्लब विजेता रहे। सभी विजेता और उप-विजेता युवा मंडल सदस्यों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सब डिविजनल मजिस्ट्रेट विश्रुती भारती, प्रधानाचार्य श्री सचिन कुमार, वजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें फिट इंडिया मिशन से जोड़ने के उद्देश्य से युवा मंडल देहरी और युवा मंडल बड़ूखर को खेल सामग्री भी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने युवाओं को खेलो भारत नीति, फिट इंडिया मिशन और विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक ने युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। उप-निदेशक श्री ध्रुव डोगरा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए तैयार करना है।

# हंस फाउंडेशन ने जंगलों में आग से होने वाले नुकसान व पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक



आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल दैहण में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डरोह।** द हंस फाउंडेशन भवारना द्वारा आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल दैहण पालमपुर में वन अग्नि एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में जंगलों में आग से होने वाले नुकसान तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता के माध्यम से वन संरक्षण एवं प्रकृति बचाने का प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स में पर्यावरण सुरक्षा, पेड़ों का महत्व तथा वनाग्नि रोकथाम के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय खेर एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती हैं। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ा। द हंस फाउंडेशन की टीम ने विद्यालय प्रशासन का सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# बीमा कंपनी को 9% ब्याज सहित लौटाने होंगे 23 लाख

## तेल टैंकर बीमा राशि के भुगतान में देरी पर उपभोक्ता आयोग ने जारी किया आदेश

अनंत ज्ञान

◆ **उपभोक्ता को ₹50,000 मुआवजा व ₹10,000 वाद व्यय भुगतान करना होगा**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बीमा कंपनी द्वारा परिवहन फर्म को तेल टैंकर की बीमित राशि के रूप में 23 लाख रुपए की राशि 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने होंगे। यही नहीं बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता को 50,000 रुपए मुआवजा व 10,000 रुपए वाद व्यय के रूप में भी अदा करने होंगे। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने आयोग में दर्ज अपनी शिकायत में बताया था कि कि उनका तेल टैंकर बीमित था। 30 जनवरी 2022 को जम्मू से श्रीनगर जाते समय एनएच-44 पर रामबन (जम्मू-कश्मीर) के पास वाहन लगभग 80-100 फीट गहरी खाई में गिरकर चिनाव नदी में समा गया। तेज बहाव के कारण वाहन को बाहर नहीं निकाला जा सका। शिकायत के अनुसार, दुर्घटना की सूचना देने और सर्वेयर रिपोर्ट तैयार होने के बावजूद बीमा कंपनी ने लंबे समय तक बीमित घोषित मूल्य (23 लाख रुपए) का भुगतान नहीं किया।

कंपनी की ओर से दावा किया गया कि चालक के पास खतरनाक पदार्थ ढोने के लिए आवश्यक एंडोर्समेंट नहीं था, इसलिए दावा मान्य नहीं है। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि सर्वे रिपोर्ट 25 फरवरी, 2022 को आ चुकी थी और जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत थी, फिर भी बीमा कंपनी ने लगभग 900 दिन बाद, वह भी शिकायत लंबित रहने के दौरान, 31 मार्च 2025 को क्लेम खारिज किया। आयोग ने इसे नियमानुसार तय समयसीमा का उल्लंघन और बाद में लिया गया निर्णय करार दिया। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि इसी दुर्घटना में ट्रक में लदे माल का दावा दूसरी बीमा कंपनी द्वारा पहले ही निपटाया जा चुका था, जिससे घटना की पुष्टि होती है। ऐसे में बीमा कंपनी द्वारा देरी से की गई अस्वीकृति को सेवा में स्पष्ट कमी माना गया। इसको आधार मानते हुए कंपनी ने परिवहन फर्म के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को उपरोक्त आदेश जारी किए।

# शिक्षा बोर्ड ड्रॉपिंग केंद्रों में ही दे परीक्षा सामग्री

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षा बोर्ड ड्रॉपिंग केंद्रों में ही सारे प्रश्न पत्र और आंसरशीट सप्लाई करने की व्यवस्था बनाए। शिक्षा बोर्ड को दसवीं और 10+2 की तर्ज पर कक्षा 9 और 10+1के प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं भी ड्रॉपिंग केंद्रों में ही उपलब्ध करवानी चाहिए अन्यथा बड़े जिलों में 100 से 200 किमोलीटर दूरी तक जिला मुख्यालय में और नजदीकी बोर्ड ड्रॉपिंग केंद्र में बार बार उनको बुलाया जाता है। इससे शिक्षण समय की हानि होती है। क्लस्टर सिस्टम , बी पी ओ और बी आर सी सी कार्यालय से उक्त आबंटन संभव है। इस बारे शिक्षा बोर्ड और शिक्षा विभाग आपसी तालमेल बनाए ताकि सभी 12 कक्षाओं के प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं शिक्षकों को समय पर सुविधाजनक तरीके से मिल सकें। अगर शिक्षा बोर्ड ड्रॉपिंग केंद्र से ही प्रश्न पत्र और आंसरशीट एकत्रित करने की व्यवस्था करे तो इससे शिक्षकों को बार बार दौड़ने से मुक्ति मिल जाएगी और वे कक्षा शिक्षण में इस समय को इस्तेमाल कर सकेंगे। यह मांग हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड और स्कूल शिक्षा विभाग को राजकीय टीजीटी कला संघ ने भेजी है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर का कहना है कि समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा जारी किए जाने वाले प्रश्न पत्र भी खंड स्तर पर एक जगह मिलने चाहिए और संयुक्त डेटशीट भी जारी की जानी चाहिए।

### सीबीएसई में अभी न लगे मूल्यांकन ड्यूटी

**संघ** ने हैरानी जताई कि जिला सोलन और कांगड़ा में हाल ही में सी बी एस ई से सम्बद्ध हुए स्कूलों में शिक्षकों की अब पी बी एस ई पेपर चेकिंग में ड्यूटी लगाने के मामले चर्चा में हैं। इस वर्ष शिक्षकों ने सी बी एस ई पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया है और प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में भी शिक्षकों की ड्यूटी लगी हुई है। ऐसे में सीबीएसई पेपर चेकिंग में उनकी ड्यूटी अभी नहीं लगाई जानी चाहिए।

## एचआरटीसी डिपो पालमपुर में इलेक्ट्रिक बस का दो दिवसीय ट्रायल शुरू

# विधायक आशीष ने किया इलेक्ट्रिक बस का निरीक्षण

अनंत ज्ञान



मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक आशीष बुटेल। अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार के संकल्प के तहत पालमपुर बस डिपो में शुक्रवार को इलेक्ट्रिक बस का दो दिवसीय ट्रायल शुरू किया गया। ट्रायल के पहले दिन बस को पालमपुर से चढियार-सेरी मोलग और पुन: सेरी मोलग से पालमपुर रूट पर चलाकर इसकी क्षमता को परखा गया। इस अवसर पर विधायक आशीष बुटेल ने पालमपुर बस स्टैंड पर बस का निरीक्षण किया और एचआरटीसी के अधिकारियों से तकनीकी पहलुओं व ट्रायल की बारीकियों की जानकारी हासिल की। विधायक ने स्वयं पालमपुर से चंदपुर-गलूलंगा रूट पर सुभाष चौक तक बस में सफर कर इसके संचालन का अनुभव भी साझा किया।

मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से एचआरटीसी के बेड़े में 300 के करीब नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा रही हैं। इसी प्रक्रिया के तहत प्रदेश भर में इलेक्ट्रिक बसों के प्रोटोटाइप का ट्रायल किया जा रहा है ताकि दुर्गम क्षेत्रों, ढलानों और विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों में इनकी कार्यक्षमता का सटीक आकलन किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ट्रायल भविष्य की रणनीति तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा कि कौन सी बस किस रूट के लिए सबसे उपयुक्त है।

विधायक ने कहा कि डीजल बसों के स्थान पर इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहन देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ये बसें न केवल धुआं रहित होने के कारण प्रदूषण मुक्त हैं, बल्कि इनका शोर भी ना के बराबर है, जिससे यात्रियों को एक सुखद व शांत सफर की सुविधा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि ट्रायल रिपोर्ट और विभागीय सुझावों के आधार पर जल्द ही पालमपुर के प्रमुख रूटों पर इन बसों का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर वूल फेडरेशन निदेशक मंडल के सदस्य त्रिलोक चंद, एचआरटीसी के मंडल प्रबंधक पंकज चड्ढा, क्षेत्रीय प्रबंधक नितेश शर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 फरवरी से कोटला-बिल्वन रोड रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि डाडासीबा उपमंडल के अन्तर्गत कोटला बेहड़ घाटी बिल्वन रोड के मरम्मत कार्य के चलते 25 फरवरी से 24 मार्च तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए कलोह-प्रागपुर-धलियारा-डाडासीबा-संसारपुर टैरेस-भारवेन-चिंतपूर्णी-कंडोरी-दमतल मार्गों का उपयोग किया जाएगा। उन्होने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### 27 से बंद रहेगा चमुखा से बंगाना रोडः डीसी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि परागपुर उपमंडल के अन्तर्गत चमुखा से बंगाना रोड के मरम्मत कार्य के चलते 27 फरवरी 2026 से 26 मार्च 2026 तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाडियों की आवाजाही के लिए निहारी से खैरन खड्ड, शांतला से रक्ड़, शांतला से बुढार वाया साई रोड तथा टुटरू से कलोह मार्गों का उपयोग किया जाएगा। उन्होने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पासू, भाटेड में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नंबर 2 के सहायक अभियंता रमेश चंद ने बताया कि विद्युत लाईनों के सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी फीडर दाड़ी के क्षेत्रों पासू, भाटेड, पंतेहड़, शीला चैक, शीला तथा आसपास लगते क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम की स्थिति में, यह शटडाउन अगले दिन किया जाएगा। उन्होने साधारण जनता से सहयोग की अपील भी की है।

### नौकरी लेने के लिए आज आएं नेहरणपुखर

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नेहरणपुखर में 21 फरवरी एचआर इंडस्ट्री कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से युवकों का चयन स्थायी नौकरी के लिए करेगी। यह जानकारी देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नेहरणपुखर के प्रधानाचार्य ने बताया कि यह कंपनी कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से 18 से 30 बर्ष तक के 100 अभ्यर्थियो का चयन नौकरी के लिए करेगी । वहीं संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि इस कैंपस साक्षात्कार में विभिन्न ट्रेडस पास कर चुके युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं।

### ऐतिहासिक धरोहर को नष्ट कर रहे सीएमः चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के ऐतिहासिक स्कूलों मर्ज करने पर प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने तीखा मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू पर जोरदार प्रहार किया है। चक्षु ने कहा कि जो स्कूल अंग्रेजों के जमाने से चल रहे हैं और इतिहास में उनका नाम दर्ज है। सुक्खू सरकार अब उनका नामोनिशां मिटाने चली है। धर्मशाला स्थित ब्वॉयज स्कूल 1926 से चल रहा है और इसी वर्ष अपनी 100वीं वर्षगांठ मना रहा है, सरकार उसका वजूद मिटाने पर आमादा है। सौ वर्ष पुराने ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला ने प्रदेश को कई प्रतिभाएं दी हैं और सरकार उसको मर्ज कर रही है, जो हरगिज बर्दाश्त नहीं होगा। व्यवस्था परिवर्तन का जुमला लेकर सत्ता में बैठी सुक्खू सरकार अब शिक्षा और उससे जुड़ी ऐतिहासिक चीजों का पतन कर रही है। विश्व चक्षु ने कहा कि आखिर इन स्कूलों को मर्ज करने की क्या नौबत आ गई है। बेहतर होता कि सरकार शिक्षा में सुधार की तरफ कदम बढ़ाती, लेकिन सुधार नाम की कोई भी चीज मुख्यमंत्री के पास नहीं है। ऐतिहासिक चीजों से छेडना, उनका वजूद मिटाना और हिमाचल को पतन की ओर धकेलना ही सरकार का व्यवस्था परिवर्तन है, जो अब ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। चक्षु ने कहा कि ब्वायज स्कूल में हर प्रकार की सुविधाओं के साथ निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इस स्कूल को गर्ल्ज स्कूल में मर्ज करने का निर्णय सही नहीं, सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। जो स्कूल 1926 से चल रहा है और इस वर्ष अपना 100 वर्ष का सफर पूरा करने जा रहा है, उसे मर्ज करने के नाम पर सरकार बच्चों से खिलवाड़ कर रही है।



# अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने जाना श्रमिकों का हाल

## बीडब्ल्यूआई और स्वीडन इलेक्ट्रीशियन यूनियन की टीम ने किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान


हिमाचल के श्रमिकों संग अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

**डरोह।** बिल्डिंग एंड वुड वर्कर्स इंटरनेशनल (बीडब्ल्यूआई ) साउथ एशिया के क्षेत्रीय प्रतिनिधि डॉ. राजीव शर्मा तथा स्वीडन देश की इंटर नेशनल इलेक्ट्रीशियन यूनियन के सचिव जोनास ऐरिक्सन ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न निर्माणाधीन प्रोजेक्टों में कार्यरत श्रमिकों से मुलाकात कर उनकी सामाजिक सुरक्षा, पंजीकरण, वेतन, कार्य-परिस्थितियों एवं श्रम कल्याण योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिला कांगड़ा के थुरल में जल शक्ति विभाग के अंतर्गत एडीबी फंडिंग से संचालित परियोजना निर्माणाधीन है। इस परियोजना में यूनिप्रो टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधीन श्रमिक कार्यरत हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं, जैसे सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, चिकित्सा सहायता, शिक्षा सहायता एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में श्रमिकों से जानकारी प्राप्त की। प्रेस को जारी बयान में जिला कांगड़ा इंटक अध्यक्ष संजय सैनी ने बताया कि ऑल हिमाचल पीडब्ल्यूडी-आईपीएच एंड कॉन्ट्रैक्चुअल वर्कर्स यूनियन द्वारा उक्त कंपनी के अधीन कार्यरत श्रमिकों का श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाया गया है। साथ ही यूनियन द्वारा श्रमिकों की विभिन्न मांगों का समाधान भी कंपनी प्रबंधन से करवाया गया है।उन्होंने कहा कि यूनियन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीडब्ल्यूआई से संबद्ध है और समय-समय पर श्रमिकों के हितों को प्रमुखता से उठाती रही है। बीडब्ल्यूआई एडीबी के साथ भी श्रमिक हितों के संरक्षण को लेकर बैठकों में भाग लेती है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय पदाधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन परियोजनाओं में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया तथा उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर प्रदेश इंटक के महासचिव उमेश शर्मा, यूनियन के राज्य अध्यक्ष दीप धीमान, कार्यकारी अध्यक्ष संजय सैनी, जिला कांगड़ा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि सयाल, उपप्रधान उत्तम मेहता, मुख्य सलाहकार एवं सेवा-निवृत्त अधीक्षण अभियंता दिनेश कपूर, मुख्य लेखा परीक्षक रमेश कुमार, सचिव प्रेम लाल भाटिया, कानूनी सलाहकार डी डी कौंडल तथा कंपनी की ओर से प्रोजेक्ट मैनेजर बिक्रमजीत सिंह, सह मैनेजर मोहित ठाकुर, समाजिक सुरक्षा अधिकारी दिनेश गुलेरिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शीतला में 1.25 लाख लीटर क्षमता का बनाया जाएगा नया ओवरहेड टैंक

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा जल शक्ति विभाग के अंतर्गत उठाऊ पेयजल योजना बाथू टिप्परी के तहत गांव शीतला में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यहां पुराने पेयजल टैंक को ध्वस्त कर 1,25,000 लीटर क्षमता का अत्याधुनिक ओवरहेड टैंक निर्मित किया जा रहा है। सहायक अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में पेयजल भंडारण क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए टैंक के निर्माण से न केवल पानी के संग्रहण की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में गर्मियों के दौरान पानी की कमी की समस्या से भी राहत मिलेगी। निर्माण कार्य के चलते शीतला बाजार, चंबी, अप्पर स्वाणा, पाधा बस्ती तथा काहरू सहित आसपास के गांवों में पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से पुराने टैंक से बाईपास के माध्यम से की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आम जनता को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभाग ने क्षेत्रवासियों अपील की है कि निर्माण कार्य के दौरान धैर्य बनाए रखें व कर्मचारियों का सहयोग करें, ताकि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके और क्षेत्र को लंबे समय तक सुचारु एवं पर्याप्त पेयजल सुविधा मिलती रहे।

# अर्णव को मिस्टर और आस्था को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा



एंजल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में शुक्रवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके बाद कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आकर्षक रैंप वॉक का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को विभिन्न रोचक एवं प्रेरणादायक टाइटल प्रदान किए व मनोरंजक खेल गतिविधियां भी आयोजित कीं। इसके उपरांत नवमी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता और भाषण आदि प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य समीर अमिताभ सूद ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । कक्षा नौवीं के छात्रों ने भी अपने वरिष्ठ साथियों के लिए शुभकामना संदेश प्रस्तुत किए।

अंत में 'मिस फेयरवेल आस्था और 'मिस्टर फेयरवेल' अर्णव, मिस एंजल अंशिका व मिस्टर एंजल देवांश एवं मिस्टर परफॉर्मर सम्भव को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में दसवीं कक्षा के छात्रों को भोज कराया गया तथा इसी के साथ भावनात्मक, अविस्मरणीय और मधुर स्मृतियों के साथ समारोह का समापन हुआ।

# कॉरपोरेट दुनिया से सीधे जुड़ेंगे श्री साई ग्रुप के विद्यार्थी : एसके पुंज


समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** श्री साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी और प्रतिष्ठित आईटी एवं केपीओ कंपनी आईडीएस Infotech Ltd. के मध्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन इंजि. एसके पुंज, प्रबंध निदेशक तृप्ता पुंज, प्राचार्य मुकेश गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता व डायरेक्टर प्लेसमेंट प्रो. सुलक्षय कुमार मुरगई उपस्थित रहे। कंपनी की ओर से रीता भकुनी, तनवीर कौर और सिमरन पाल सिंह ने प्रतिनिधित्व किया। डायरेक्टर प्लेसमेंट प्रो. सुलक्षय कुमार मुरगई ने बताया कि आईडीएस Infotech Ltd. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईटी सेवाएं, पब्लिशिंग सॉल्यूशंस, लीगल प्रोसेस मैनेजमेंट तथा डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी है। इस समझौते के तहत विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के अवसर, इंटर्नशिप कार्यक्रम, कॉरपोरेट गेस्ट लेक्चर और औद्योगिक भ्रमण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

चेयरमैन इंजि. एसके पुंज ने कहा कि इस प्रकार की साझेदारी विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और कॉरपोरेट कार्यसंस्कृति की समझ प्रदान करेगी। कार्यक्रम के अंत में दोनों संस्थाओं ने कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# महिलाओं, युवाओं के हितों से कुठाराघात कर रही सरकार: चेतक कंवर

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार युवाओं व महिलाओं, कर्मचारियों के हितों के साथ कुठाराघात कर रही है। मंडल महामंत्री चेतक कंवर ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार शिक्षित युवाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर वर्ष युवाओ को 1 लाख रोजगार देने की गारंटी दी थी। 1 लाख रोजगार देना तो दूर की बात है सरकार आते ही राज्य चयन आयोग को ही बंद कर दिया गया। जो कि पढ़े लिखे युवाओं के साथ कुठाराघट है व्यवस्था परिवर्तन के चलते सरकारी शैक्षणिक संस्थान बंद किए जा रहे हैं। मंडल महामंत्री चेतक कंवर ने इस वर्तमान सरकार ने महिलाओं को 1500 देने का वादा भी अपने घोषणा पत्र में किया था पर आज तीन साल के बाद भी किसी महिला को 1500 नहीं आए।

चेतक कंवर ने प्रदेश सरकार ने तंज कसते हुए कहा कि यह तो वही बात हो गई की घर में नहीं दाने और शौक चने बादाम खाने। सरकार गरीब कल्याण की योजनाएं बंद कर रही है। पूर्व की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के कई योजनाएं चलाई थी जो आज के समय में बंद है। गरीब हित की योजनाओं को बंद करने का कांग्रेस सरकार को जनता आने वाले समय में जवाब देगी।

# कांग्रेस का जनता को भ्रमित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ भद्दा मजाक : विपिन परमार

अनंत ज्ञान

◆ **ट्रेजरी बंद और भुगतान अटके होने को वित्तीय अव्यवस्था का प्रमाण बताया**

◆ **केंद्र की वित्त आयोग के आंकड़ों से स्पष्ट हुआ विकास में अंतर**

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की सरकार व कांग्रेस नेताओं के झूठे दावों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि प्रदेश में कोई वित्तीय संकट नहीं है, यदि आर्थिक स्थिति सुदृढ़ है और यदि सब कुछ सामान्य है, तो फिर ट्रेजरी बंद क्यों है, भुगतान क्यों अटके हुए हैं। कर्मचारी और पेंशनर अपने ही अधिकारों के लिए कार्यालयों के चक्कर क्यों काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार झूठ, भ्रम और प्रपंच की राजनीति का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। मंचों से बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर हालात बिल्कुल विपरीत हैं। विकास कार्यों के बिल लंबित पड़े हैं, ठेकेदारों को भुगतान नहीं मिल रहा, पंचायतों को समय पर धनराशि जारी नहीं हो रही और विभागों को बजट के अभाव का हवाला देकर कार्य सीमित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। यह स्थिति किसी मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत नहीं, बल्कि वित्तीय अव्यवस्था का प्रमाण है।



उन्होंने आगे कहा कि अब आंकड़े स्वयं सच्चाई उजागर कर रहे हैं कि 12वें और 13वें वित्त आयोग के दौरान, जब केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार थी, तब हिमाचल प्रदेश को लगभग 18,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। वहीं 14वें और 15वें वित्त आयोग के दौरान, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को लगभग 89,254 करोड़ रुपये की राशि मिली। यह अंतर स्वयं दर्शाता है कि किस सरकार ने हिमाचल के विकास को प्राथमिकता दी और किसने केवल राजनीतिक बयान दिए। परमार ने कहा कि यदि वित्तीय अनुशासन का पालन किया जाता, अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखा जाता और संसाधनों का समुचित प्रबंधन किया जाता, तो आज ट्रेजरी बंद करने जैसी नौबत न आती। प्रदेश में विकास कार्यों की गति स्पष्ट रूप से धीमी पड़ी है। नई योजनाओं की घोषणाएं तो हो रही हैं, लेकिन कार्यान्वयन में शिथिलता दिखाई दे रही है। ठेकेदारों के भुगतान लंबित हैं, पंचायतों को समय पर अनुदान नहीं मिल रहा और आम जनता को बुनियादी सेवाओं के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। यह आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि वित्तीय अव्यवस्था की तस्वीर है।

**समारोह** | गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

# देशबंधु ने लक्ष्य निर्धारण व दृढ़ निश्चय का दिया संदेश

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे। अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर में वार्षिकोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब, नई दिल्ली) एवं गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म शिक्षा समिति (बैजनाथ) के प्रधान डॉ. देशबंधु और सेवानिवृत्त प्राचार्या, आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद मारकंड, हरियाणा; शिक्षाविद डॉ. भारती बंधु ने बतौर मुख्यातिथि इस समारोह में भाग लिया और महाविद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

डॉ. देशबंधु ने महाविद्यालय की उपलब्धियों के लिए महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा की सराहना करते हुए छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रशंसा की। डॉ. देशबंधु ने अपने उद्बोधन में छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर के दृढ़ निश्चय, उलझन के बिना, योजना बद्ध तरीके से अपना लक्ष्य पाने के लिए प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने डिजिटल युग में सोशल मीडिया के महत्व को स्वीकारा परंतु परिवार से बढक़र कोई नेटवर्क नहीं है इसका संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि सभी में हर उम्र में सीखने की ललक होनी चाहिए और विपरीत परिस्थिति में हमें दृढ़ता और धैर्य को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय में एनएसएस और एनसीसी विंग की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय पुस्तकालय में 51, 000 राशि की पुस्तकें देने और मेरिट में रहे विद्यार्थियों को विद्यार्थियों को 5100 रुपये की राशि भेंट करने की घोषणा भी की। महाविद्यालय के निदेशक व प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने इस अवसर पर महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों व उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने समारोह की सफलता के लिए महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग तथा विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की। महाविद्यालय निदेशक व प्राचार्या डॉ विवेक शर्मा ने विशेष रूप से इस समारोह में महाविद्यालय से ग्रेजुएशन कर समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। इन पूर्व छात्रों ने भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव सांझा किए ।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मानेश्वर ठाकुर ने महाविद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया और सहायक प्राध्यापक आमना देवी ने मुख्यातिथि का जीवन परिचय प्रस्तुत किया सहायक प्राध्यापक अनुराग शर्मा और डॉ. शिल्पी ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। महाविद्यालय के छात्र परिषद के प्रधान नयन आर खावला ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के बीबीए विभाग का कांतारा, बीए विभाग की महाभारत पर आधारित नृत्य नाटिका, बीएससी मेडिकल का बिहू, बीएससी नॉन मेडिकल और बीसीए विभाग की गद्दी व हिमाचली नाटी, बीकॉम विभाग के भांगड़ा ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। जीजीडीएसडी शिक्षा समिति बैजनाथ के कार्यकारी प्रधान यूआर चीमा, महासचिव सतीश शर्मा, वित्त सचिव केके शर्मा व महाविद्यालय के निदेशक और प्राचार्य डॉ.विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि के साथ शैक्षिक, सांस्कृतिक व खेल वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, रक्तदान देने वाले छात्रों और शिक्षकों और महाविद्यालय गतिविधियों में बेहतरीन कार्य करने वाले स्वयं सेवकों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीजीडीएसडी शिक्षा समिति बैजनाथ के विभिन्न सदस्य, पालमपुर और आस-पास के क्षेत्रों व प्रतिष्ठित संस्थानों से आए सम्माननीय अतिथि, विद्यार्थी व उनके अविभावक, महाविद्यालय के पूर्व छात्र, प्रेस और मीडिया से आए पत्रकार व महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में जर्मन प्रतिनिधिमंडल का आगमन

# वैश्विक विनिमय सहयोग को मिली नई मजबूती

अनंत ज्ञान


विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अवसरों की नई दिशा। अनंत ज्ञान

◆ **वाईएफयू जर्मनी व वाईएफयू इंडिया के साथ शैक्षणिक संबंध सुदृढ़**

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में जर्मनी से आई क्रिस्टिन वोलर, निदेशक सीनियर आउटबाउंड प्रोग्राम्स, वाईएफयू (जर्मनी) तथा मनमीत गरेवाल, नेशनल डायरेक्टर, वाईएफयू इंडिया का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

अपने भ्रमण के दौरान प्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, छात्रावास, भोजनालय तथा खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया और विद्यालय की विश्वस्तरीय अधोसंरचना, अनुशासन एवं समग्र शैक्षणिक दृष्टिकोण की सराहना की।

प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, सांस्कृतिक विनिमय और विदेश में अध्ययन के लाभों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जर्मनी में 1-वर्षीय छात्र विनिमय कार्यक्रम की जानकारी दी गई, जो आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक है। विद्यालय को पूर्व में जर्मनी सहित विभिन्न यूरोपीय देशों से आए विद्यार्थियों की मेजबानी का भी अनुभव रहा है।

क्रिस्टिन वोलर ने विद्यालय के शिक्षण वातावरण की प्रशंसा करते हुए अधिक विद्यार्थियों का जर्मनी में स्वागत करने की इच्छा जताई। विद्यालय के निदेशक सनी महाजन एवं प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को वैश्विक मंच प्रदान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व के लिए तैयार करते हैं। यह दौरा विद्यालय की वैश्विक शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

# धनेटा गर्ल्स हाई स्कूल को मर्ज करने पर भड़के छात्र और अभिभावक

## ट्राला यूनियन से मिनी सचिवालय तक जुलूस निकालकर लगाए नारे, बोले-हमें केवल एचपी बोर्ड स्कूल चाहिए, सीएम को ज्ञापन सौंपकर स्कूल बचाने की मांग

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सीबीएसई के पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया की शुरुआत पर ही सरकार और शिक्षा विभाग को लोगों के 'कोप' का शिकार होना पड़ गया है। शुक्रवार दोपहर को मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के धनेटा गर्ल्स हाई स्कूल के स्टूडेंट्स और उनके अभिभावक हमीरपुर पहुंच गए। उन्होंने यहां पहुंचते ही ट्राला यूनियन से लेकर मिनी सचिवालय तक जुलूस निकाला और सरकार के फैसले के खिलाफ नारे लगाए। स्कूलों को मर्ज नहीं करने का आग्रह किया। वे हाथों में लिखे गए नारों की तख्तियां भी उठाए हुए थे।

बाद में मुख्यमंत्री को प्रेषित किए गए एक ज्ञापन की कॉपी भी एडीसी अभिषेक कुमार को सौंपी। उनका कहना था कि जिम गर्ल्स स्कूल को दूसरे में मर्ज करके सीबीएसई की पढ़ाई के लिए तैयार करने की प्रपोज फाइनल कर दी गई है, वह बिल्कुल भी न्यायोचित नहीं है। बच्चे केवल एचपी बोर्ड के सिलेबस की पढ़ाई करना चाहते हैं। उन्होंने साफ कहा कि उनकी बात को अनदेखा न किया जाए, चाहे उन्हें इसके लिए बड़ा संघर्ष क्यों न करना पड़ जाए।

उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि बोर्ड की पढ़ाई के लिए उन्हें सरकार के फैसले की स्थिति में 11 किलोमीटर दूर शेर और 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा जबकि पनसाई स्कूल में साइंस और कॉमर्स विषय हैं ही नहीं। मौजूदा स्कूल में आसपास की सा पंचायत के बच्चे शिक्षक ग्रहण कर रहे हैं और यहां का रिजल्ट भी अव्वल रहता है।

यहीं से डॉक्टर इंजीनियर लेफ्टिनेंट तैयार हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इसी पाठशाला को बंद ना करके, इसे को-एजुकेशन के लिए स्तरोन्नत भी किया जाए। डीसी से मिलने आए लोगों में एसएमसी के प्रधान और अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी मौजूद थे। डीसी किसी और कार्यक्रम में व्यस्त थीं। इसलिए एडीसी को ही उन्होंने ज्ञापन सौंपा।

### हेडमिस्ट्रेस को शो-कॉज नोटिस जारी

**उधर,** इस सारी घटना को लेकर डिप्टी डायरेक्टर हमीरपुर मोही राम चौहान ने धनेटा गर्ल्स स्कूल की हेडमिस्ट्रेस शशि बाला को 'शो-कॉज' नोटिस जारी किया है। उनका कहना है कि इस सारे मामले की उन्होंने डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय तक सूचना उपलब्ध नहीं करवाई और प्रशासनिक व्यवस्था से उन्हें बाद में उस समय पता लगा, जब बच्चे मिनी सचिवालय परिसर में नारे लगा रहे थे। यदि बच्चों को इस मामले को लेकर हमीरपुर आना था, तो हेडमिस्ट्रेस को पता होना चाहिए था। यह सारा घटनाक्रम अजीबोगरीब स्थिति पैदा करता है। मामला मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए जवाब देही स्कूल प्रशासन की बनती है। 'शो-कॉज' नोटिस का जवाब तत्काल भेजने को कहा गया है।

### हमीरपुर के दोनों स्कूल अभी 'अनछुए' क्यों?

**जिला** मुख्यालयों के स्कूल मर्ज हो रहे हैं। इस कड़ी में हमीरपुर शहर के गर्ल्स स्कूल को भी ब्वॉयज में सीबीएसई की पढ़ाई के लिए मर्ज कर दिया गया है, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि शहर के मध्य में स्थित ब्वॉयज प्राइमरी स्कूल और निचले क्षेत्र में स्थित गर्ल्स प्राइमरी स्कूल की स्थिति क्या रहेगी। इस पर अभी भी ऊहापोह बनी हुई है। क्योंकि नए सीबीएसई पैटर्न वाले प्लस टू स्कूल में पहली से ही सीबीएसई की पढ़ाई शुरू हो जाएगी, लेकिन प्राइमरी स्कूलों को क्या इसी सीबीएसई स्कूल में मर्ज किया जाएगा? कब किया जाएगा? अभी किसी भी तरह की कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुई है।



डीसी ऑफिस हमीरपुर के बाहर धनेटा गर्ल्स स्कूल के अभिभावक और बच्चे। अनंत ज्ञान

### प्राइमरी स्कूलों के मर्जिंग-विकास को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं

**सूत्रों** के मुताबिक इन दोनों प्राइमरी स्कूलों की लोकेशंस बहुत इंपॉर्टेंट हैं यहां पर ब्वॉयज स्कूल की जगह को पार्किंग के रूप में विकसित किया जा सकता है। क्योंकि शहर के लोगों की यह मूलभूत जरूरत बन चुकी है। जबकि गर्ल्स प्राइमरी स्कूल को किसी और काम के लिए परिसर को विकसित किया जा सकता है, लेकिन सबसे पहले प्रश्न यही है कि यह स्कूल सीबीएसई में मर्ज होंगे या नहीं? अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### नियमों के तहत शुरू हो जाएगी स्कूल मर्जिंग प्रक्रिया : प्रिंसिपल

**ब्वॉयज** स्कूल हमीरपुर के प्रिंसिपल मुस्ताक मोहम्मद का कहना है कि प्राइमरी स्कूल ब्वॉयज उनका ब्रांच स्कूल है और यह भी इसी स्कूल में मर्ज होगा। यह प्रक्रिया भी नियमों के तहत शुरू हो जाएगी। वैसे तो दोनों ब्वॉयज और गर्ल्स प्राइमरी स्कूल भी सीबीएसई पैटर्न पर होंगे। कुछ दिनों में स्थिति क्लियर होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कंटेनर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** चेन्नई से पालमपुर जा रहे कंटेनर में शुक्रवार लगभग 3.15 बजे अचानक आग लग गई जिसमें घरेलू सामान के अलावा बेगनार कार, स्कूटी और अन्य सामान जलकर राख हो गई। यह आग कैसे लगी अभी तक इसका कोई पता नहीं चला है। जानकारी के अनुसार कर्नल अरविंद परमार का सामान चेन्नई से पालमपुर ट्रक के माध्यम से ले जाया जा रहा था कि कंटेनर में आग लग गई ट्रक चालक ने सड़क के किनारे रोका और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के प्रभारी प्रेम चंद ने बताया कि इस घटना में लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### आईडीएस इन्फोटेक में 2 छात्राओं का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की छात्राओं साक्षी और सिमरन ठाकुर का चयन प्रतिष्ठित कंपनी आईडीएस इन्फोटेक लिमिटेड में किया गया है। दोनों छात्राओं को 25,000 रुपए प्रतिमाह वेतनमान पर नियुक्त किया गया। यह उपलब्धि विभाग और विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विभाग के प्रोफेसरों ने छात्राओं की मेहनत, लगन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के परिणामस्वरूप इस सफलता को सराहा। छात्राओं ने भी विश्वविद्यालय के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने उनके सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं डीन कोऑपरेटिव स्टडीज गुलशन सधूं ने बताया कि करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय अपने छात्रों के 100% प्लेसमेंट लक्ष्य की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

### एसआईआर, जी राम जी योजना पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला शुक्रवार को हुई। जिसमें जिला के 10 मंडलों के संयोजक एवं सहसंयोजक ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसकी अध्यक्षता जिला हमीरपुर के प्रदेश प्रभारी तारा दत्त ने की। उन्होंने देहरा में भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर तथा प्रदेश के सभी मंडलों के संयोजक पुरुषोत्तम गुलरिया एवं प्रदेश पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ घनश्याम शर्मा द्वारा कार्यशाला में बताए गए सभी बिंदुओं को इस जिला स्तरीय बैठक में मंडल स्तर के पदाधिकारी से विस्तार पूर्वक चर्चा की। मंच का संचालन शंभू राम शहरी मंडल संयोजक द्वारा किया गया जिला संयोजक सतीश गौतम ने बैठक का मुख्य एजेंडा रखा बैठक को अन्य साथियों ने भी संबोधित किया तथा मुख्य अतिथि के सामने अपनी समस्याएं भी बताई। मुख्य अतिथि ने इन सब का विस्तार पूर्वक उत्तर दिया बैठक में मुख्यतः एसआईआर, बीबी राम जी योजना इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा की।

### एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों के साक्षात्कार 23 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की कंपनी जूपिटर सोलर टैक प्राइवेट लिमिटेड में डिप्लोमा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के 200 पदों को भरने के लिए 23 फरवरी को सुबह साढे दस बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और केमिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमाधारक फ्रेशर या वर्ष 2022, 2023, 2024 और 2025 के पासआउट महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित युवाओं को बीस हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### चालक-परिचालकों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ प्रवीण चैधरी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा गतिविधियों के अंतर्गत बस स्टैंड हमीरपुर के मीटिंग हॉल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर डा. सुनील वर्मा द्वारा ड्राइवर और कंडक्टरों को सड़क सुरक्षा गतिविधियों और प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक राज कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल और बस स्टैंड प्रभारी और स्वास्थ्य विभाग से बीसीसी कॉर्डिनेटर सलोचना, कुलबीर व जगदीश से भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव को लेकर एक सप्ताह का समय बाकी, सजने लगा चौगान

# मेले की तैयारियों में जुटा प्रशासन व दुकानदार

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव को लेकर भले ही एक सप्ताह का समय बाकी है और चैगान में सजने वाले इस मेले को लेकर के झूले दुकानदारों ने डेरा डालना शुरू कर दिया है। वही कारोबार करने वाले प्रदेश व बाहरी लोगों ने प्लाट लेना शुरू कर दुकानें संजाना शुरू कर दिया है। महाराजा संसार चंद की नगरी सुजानपुर में होली उत्सव बड़ी ही उत्साह से मनाया जाता है भले ही यह मेला सरकारी तोर पर चार दिन का हो लेकिन चैगान में दुकानदारी एक माह से अधिक समय तक चलती है इसी को लेकर के खरीदारी करने वाली जनता के साथ-साथ दुकानदारों को बेसब्री से इस मेले का इंतजार रहता है

महाराजा संसार चंद जिन्होंने इसे अपनी राजधानी बनाया था कहा जाता है कि महाराजा संसार चंद ब्रज की होली की गरिमा को देखकर के इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपनी राजधानी सुजानपुर में होली की परंपरा को शुरू करवाया तब से शुरू के लिए परंपरा



आज सरकारी तौर पर मनाई जाती है लेकिन शहर वासी आज भी पुरानी परंपरा को कायम रखते हैं तथा अष्टमी पर्व पर होली की सफल आयोजन को लेकर के मां दुर्गा से कामना कर झंडा रस्म अदा करते आए हैं। वहीं मेले में सबसे बड़ी खास बात यह है की रात्रि सांस्कृतिक संध्या पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने वाले प्रदेश के मुखिया शहर में विकास के नाम पर कोई ना कोई घोषणा करते आए हैं शहर में चाहे महाविद्यालय का सरकारीकरण, सीवरेज योजना हो, राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव का दर्जा हो , हॉस्पिटल का दर्जा बड़ा हो उत्सव में ही घोषणा होती रहीं हैं। मेले दौरान हर तरह के व्यवसाय की दुकानदार दुकानदारी के लिए पहुंचते हैं जहां सस्ते दामों में जनता खरीददारी करती है। मेले का शुभारंभ मुरली मनोहर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद किया जाएगा इसी परंपरा को महाराजा संसार चंद ने शुरू किया था तथा जानकारी के ऐतिहासिक चैगान स्टेडियम में होली उत्सव को मानते थे। मेले में लगने वाली दुकानों को लेकर के आज तीसरे दिन भी ठेकेदार ने प्लेटो का आवंटन किया जिसमें दुकानदारों ने प्लाट खरीदे अंदाजा है कि 50 से अधिक प्लाटों की बिक्री हुई है।

### आवाज-ए-हमीरपुर' प्रतियोगिता में युवा गायकों को मिलेगा मंच, विजेता को मिलेंगे 50,000 रुपए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर में पहली मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव में इस बार जिला हमीरपुर के प्रतिभाशाली युवा गायकों के लिए 'आवाज-ए-हमीरपुर' प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसके विजेता गायक को 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उपविजेता को 31 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाले गायक को 21 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। एडीसी एवं राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 16 से 35 वर्ष तक के गायक भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि होली उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के चयन हेतु 23 से 25 फरवरी तक हमीरपुर के बचत भवन में ऑडिशन लिए जा रहे हैं। 23-24 को जिला हमीरपुर के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे और 25 फरवरी को अन्य जिलों के लोक कलाकारों के ऑडिशन होंगे। इन्हीं ऑडिशन के साथ ही 'आवाज-ए-हमीरपुर' प्रतियोगिता की स्क्रीनिंग भी होगी। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला भाषा अधिकारी के मोबाइल नंबर 82196-24178 पर संपर्क किया जा सकता है। एडीसी ने जिला के प्रतिभाशाली गायकों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

# हिमुडा की प्रस्तावित परियोजना के लिए भुटलाड़ में भूमि निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** हिमुडा की प्रस्तावित परियोजना को नया स्वरूप देने के लिए हिमुडा डायरेक्टर राजेश बन्याल टेक्निकल टीम को लेकर जमीन का निरीक्षण करने के लिए भुटलाड पहुंचे। साइट पर पहुंचकर भूमि की उपयुक्तता और तकनीकी पहलुओं की जांच विभागीय टीम द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अगर भुटलाड क्षेत्र का भूमि आकलन में सही पाया जाता है तो इस क्षेत्र को पर्यटक दृष्टि से भी विकसित किया जा सकता है हिमुडा द्वारा यह एक प्रारंभिक अवलोकन किया है। भूमि अभी तक अधिग्रहित नहीं की गई है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए हिमुडा के प्रयास लगातार जारी हैं। बता दें कि जबसे बन्याल ने हिमुंडा के डायरेक्टर के पद पर नियुक्त हुए हैं विधानसभा क्षेत्र बड़सर को नई दिशा की ओर ले जाने के उनके प्रयास निरंतर जारी हैं। अब धरातल पर हिमुडा की योजनाओं को कहां तक ले जा सकते हैं या अभी भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बड़सर सूरम सिंह एवं हल्का पटवारी भी उपस्थित रही।



साइट विजिट के लिए पहुंचे हिमुडा डायरेक्टर राजेश बन्याल। अनंत ज्ञान

# गरीब सहायता संस्था ने नौ मरीजों को दी आर्थिक मदद



संस्था ने दानदाताओं से आगे आने की अपील की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय गरीब सहायता संस्था, भरेड़ी द्वारा इस माह भी जरूरतमंद एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण किसी भी गरीब परिवार का इलाज रुकने न देना है।

इसी क्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के नौ मरीजों को उपचार हेतु सहायता राशि प्रदान की गई। नरिंतला कुमारी (मुंडखर) को हृदय रोग, महेंद्र सिंह (दशमल) व कमला देवी (मंडी) को कैंसर, इंद्र देव (रोपा ठाठर) को किडनी रोग तथा अन्य मरीजों को आंखों व गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 5,000 से 10,000 रुपए तक की सहायता दी गई।

संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने बताया कि सभी लाभार्थी अत्यंत गरीब परिवारों से हैं। उन्होंने समाज के दानदाताओं से अपील की कि अधिक से अधिक जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं।

### सुजानपुर कॉलेज में छात्रों को साइबर सुरक्षा पर दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में करियर काउंसलिंग और गाइडेंस सेल के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी के ऊपर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ विभा ठाकुर के संबोधन से हुई। जिसमें जीएनए यूनिवर्सिटी फगवाड़ा से सह आचार्य डॉ. राजेश शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया, इसमें उन्होंने साइबर क्राइम के प्रकार और उनके रोकने के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की। उनके सहयोगी आर्यन और कुमार मोनू ने भी प्रैक्टिकल कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार बनवाल, डॉ आचार्य डॉ सुमन शर्मा, प्रो प्रमोज शर्मा, प्रो दिव्या शर्मा, प्रो राजेश खरवाल, प्रो वंदना प्रो राजीव ठाकुर, प्रो अरविंद कुमार, प्रो शशि शर्मा,प्रो अरविंद पुरी, प्रो संदीप शर्मा, प्रो साहिल शर्मा, सहित बीबीए और बीसीए के सभी स्टाफ सहित लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अभिनेत को मिस्टर और खुशबू वर्मा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा



ईस्ट प्वाइंट स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत ईस्ट प्वाइंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुलगवान में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रमन वर्मा, समस्त अध्यापक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में गीत, नृत्य, कविता पाठ तथा हास्य नाटिका की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विदाई गीत ने वातावरण को भावुक बना दिया, जिससे उपस्थित छात्र-छात्राएं भावुक हो उठे। समारोह के दौरान विभिन्न सम्मान उपाधियां भी प्रदान की गईं।

'मिस्टर फेयरवेल' अभिनेत मिन्हास को, 'मिस फेयरवेल' खुशबू वर्मा को, 'मिस्टर पर्सनेलटी' तरुण ठाकुर को तथा 'मिस पर्सनेलिटी' रुचि कुमारी को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 'बेस्ट स्टूडेंट ऑफ दी ईयर' सम्मान रिया शर्मा को दिया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय से प्राप्त संस्कारों को जीवनभर अपनाने का संकल्प लिया।

### बाल-बालिका विद्यालय विलय निर्णय पर पुनर्विचार की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षा सचिव द्वारा बालक-बालिका विद्यालयों को सह-शिक्षा के तहत विलय करने संबंधी अधिसूचना पर पुनर्विचार की मांग की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि परीक्षा के समीप इस निर्णय से हजारों विद्यार्थी और शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए सत्र समाप्ति के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए। संघ ने यह भी मांग उठाई कि कक्षा 9 और 10+1 के प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाएं भी दसवीं व 10+2 की तर्ज पर ड्रॉपिंग केंद्रों में उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि शिक्षकों को दूरस्थ जिला मुख्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। इसके अतिरिक्त परीक्षा के समय समग्र शिक्षा अभियान और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी आपत्ति जताई गई। संघ ने कहा कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर विद्यार्थियों की पढ़ाई और दोहराई पर ध्यान केंद्रित करने दिया जाए।

### कांगू में आज मिलेगी स्मार्ट मीटर की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** आम लोगों को बिजली के स्मार्ट मीटर की विशेषताओं से अवगत करवाने तथा इस आधुनिक उपकरण के बारे में फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए विद्युत उपमंडल धनेटा में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे कांगू में स्मार्ट मीटर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सहायक अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को आधुनिक, विश्वसनीय और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने में स्मार्ट मीटर बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। इस मीटर की विशेषताओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विद्युत उपमंडल धनेटा में भी स्मार्ट मीटर पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 21 फरवरी को कांगू में आयोजित किए जाने वाले जागरुकता कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की विशेषताओं, लाभ एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

**प्रदर्शन** आरडीजी बंद करने के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया पैदल मार्च व नारेबाजी

# गांधी चौक पर किया पीएम का पुतला दहन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** युवा कांग्रेस द्वारा आडीजी बंद करने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ शहर में पैदल मार्च एवं पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष छत्र सिंह ठाकुर ने की। रैली सब्जी मंडी बाजार से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई गांधी चौक तक पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष छत्र सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार को कमजोर करने का प्रयास कर रही है तथा राज्यों को मिलने वाली योजनाओं को बंद किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरडीजी बंद होने से हिमाचल प्रदेश को लगभग 40 हजार करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान होगा, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस प्रदेश विरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से हर स्तर पर विरोध करेगी तथा हिमाचल के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। युवा कांग्रेस हमीरपुर की ओर से भी कहा गया कि संगठन प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा और प्रदेश सरकार को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक संधू, जिला प्रभारी अब्दुल खालिक, सह प्रभारी तुषार स्तान, महासचिव गौरव शर्मा, जिलाध्यक्ष पंकज राणा, राष्ट्रीय प्रवक्ता चंदन राणा, ब्लॉक अध्यक्ष नादौन अजय अत्री, हमीरपुर से दिवस ठाकुर व रजत राणा, बड़सर से रजनीश व विकास शर्मा, भोरंज से अभिषेक सहित सभी युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




आरडीजी बंद करने के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए। अनंत ज्ञान

# वरिष्ठ नेताओं का करें सम्मान : रणजीत सिंह

## पूर्व विधायक पर तंज, विकास कार्यों को देखने और फ्लेक्स पढ़ने की सलाह

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर भाजपा को नसीहत दी कि वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करे। विधायक ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के चित्र के ऊपर चित्र की पेस्टिंग हो रही है जो कि बेहद ही शर्मनाक है और दुखदायी भी है। पार्टी बाजी अलग लेकिन जिन्होंने प्रदेश का दो बार नेतृत्व किया और उनके पुत्र हमारे सांसद भी है और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। उनके चित्रों के ऊपर चित्र लगा दिए जो कि बहुत गलत बात है। और चिंता का विषय भी है।

विधायक ने कहा कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन सम्मान और संस्कार कभी नहीं छोड़ने चाहिए। सुजानपुर मेला के ऊपर बोलते हुए उन्होंने पूर्व विधायक पर पलटवार करते हुए कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि आप मेला मत लीजिए। मेला खुलेआम और सभी के सामने निष्पक्ष बोली प्रक्रिया से दिया गया है। हमने अपने किसी चहेते को लाभ नहीं पहुँचाया। ऐसे कार्य पूर्व विधायक के समय में होते रहे होंगे, लेकिन अब सुजानपुर में पारदर्शिता और निष्पक्षता से ही काम होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सुजानपुर सिविल अस्पताल में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति की गई है, जो क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी राहत है। यह विकास की स्पष्ट झलक है।

पूर्व विधायक पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि शायद उन्होंने काले रंग का चश्मा पहन रखा है, इसलिए उन्हें सुजानपुर का विकास दिखाई नहीं देता। पहले वे अपना चश्मा उतारें और विकास कार्यों को देखें। अगर फिर भी नज़र न आए तो हमने जगह-जगह फ्लेक्स लगाए हैं, उन्हें पढ़ लें।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक रोज़ मुख्यमंत्री पर बयानबाज़ी करते हैं, लेकिन आज तक उन्होंने RDG, अग्निवीर योजना या मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवाज़ नहीं उठाई। राज्यसभा चुनाव को लेकर विधायक ने स्पष्ट कहा कि पार्टी और संगठन जैसा आदेश देंगे, जिसे भी रणभूमि में उतारा जाएगा, हम उसके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। हम पूर्व विधायक की तरह नहीं हैं कि जिस थाली में खाए उसी में छेद करें। होली मेले को लेकर विधायक ने बताया कि प्रथम संध्या में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष होली मेला भव्य और ऐतिहासिक होगा। महिलाओं का पारंपरिक झमाकड़ा कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, जो हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान है।



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह प्रेसवार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

**संयम** संस्कृति का मूल है। विलासिता निर्बलता और चाटुकारिता के वातावरण में न तो संस्कृति का उद्भव होता है और न विकास।
–काका कालेलकर

## संपादकीय

# बागवानों की चिंता

हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर किसानों और बागवानों के भीतर असंतोष उभरता दिखाई दे रहा है। कारण है केंद्र सरकार की ओर से न्यूजीलैंड, अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ किए गए हालिया मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), जिनके तहत सेब और सूखे मेवों पर आयात शुल्क में कमी की गई है। ये निर्णय पहाड़ी राज्यों–खासकर हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। सेब उत्पादन इन राज्यों की रीढ़ है और आयात शुल्क में कमी सीधे–सीधे स्थानीय उत्पादकों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को प्रभावित करेगी।

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सेब बागवानी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। करीब 5,000 करोड़ रुपए का वार्षिक कारोबार इस क्षेत्र से जुड़ा है और लगभग 2.5 लाख परिवार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे अपनी आजीविका अर्जित करते हैं। ऐसे में यदि विदेशी सेब कम शुल्क पर भारतीय बाजार में उपलब्ध होंगे, तो स्वाभाविक है कि स्थानीय किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। आयातित सेब, जो बड़े पैमाने पर आधुनिक तकनीक और सब्सिडी के सहारे उत्पादित होते हैं, मूल्य प्रतिस्पर्धा में स्थानीय बागवानों पर भारी पड़ सकते हैं।

किसान संगठनों ने इस मुद्दे पर एकजुटता दिखानी शुरू कर दी है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि वे इस विषय पर किसानों की आवाज बनेंगे। पूर्व में भी एफटीए के विरोध में व्यापक आंदोलन खड़ा हो चुका है, इसलिए संभावना है कि हिमाचल और अन्य पहाड़ी राज्यों में भी बड़ा विरोध देखने को मिल सकता है। आंदोलन की आहट ने राजनीतिक हलकों में भी हलचल मचा दी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी इस मसले को लेकर चिंता व्यक्त की है और इसे सेब उत्पादकों के हितों पर सीधा प्रहार बताया है। उन्होंने जम्मू–कश्मीर के किसानों और वहां की सरकार से संवाद स्थापित कर इस विषय पर साझा रणनीति बनाने की पहल की है। यदि दोनों राज्य समन्वित रूप से केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात रखें, तो समाधान की संभावनाएं प्रबल हो सकती हैं। पहाड़ी राज्यों की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां विशिष्ट हैं, जहां कृषि लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। ऐसे में विदेशी उत्पादों से सीधी प्रतिस्पर्धा स्थानीय किसानों के लिए असमान मुकाबला साबित हो सकती है।

मुक्त व्यापार समझौतों का उद्देश्य वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देना और उपभोक्ताओं को सस्ते विकल्प उपलब्ध कराना होता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार से देश की अर्थव्यवस्था को कई लाभ मिलते हैं, परंतु जब किसी विशेष क्षेत्र की आजीविका और सामाजिक संरचना पर खतरा उत्पन्न हो, तो संतुलन बनाना अनिवार्य हो जाता है। कृषि और बागवानी केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि पहाड़ी समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान का भी हिस्सा है। यदि बागवानों को लगातार घाटा होने लगेगा, तो पलायन बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ेगी।

चुनावी दौर में सेब उत्पादकों से आयात शुल्क बढ़ाने और विशेष श्रेणी का दर्जा देने के वादे किए जाते रहे हैं। ऐसे में आयात शुल्क में कमी का निर्णय किसानों के बीच असंतोष को और बढ़ा सकता है। आम जनता में यह धारणा बन रही है कि बागवानों के हितों की अपेक्षा वैश्विक व्यापार को प्राथमिकता दी जा रही है। यह धारणा यदि गहरी होती गई, तो राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता का कारण बन सकती है।


बहरहाल, समाधान टकराव में नहीं, बल्कि संवाद में निहित है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह प्रभावित राज्यों के प्रतिनिधियों, किसान संगठनों और कृषि विशेषज्ञों के साथ व्यापक चर्चा करे। आयात नीति में चरणबद्ध ढील, न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी सुरक्षा, या स्थानीय उत्पादों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं जैसे विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। साथ ही, हिमाचल के सेब को गुणवत्ता, ब्रांडिंग और निर्यात के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। यदि समय रहते संतुलित नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले वर्षों में इसके सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणाम स्पष्ट दिखाई देंगे। इसलिए आवश्यक है कि मुक्त व्यापार और स्थानीय हितों के बीच सामंजस्य स्थापित किया जाए, ताकि विकास की धारा में कोई वर्ग उपेक्षित न रह जाए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# कवि, उपन्यासकार और कहानीकार

**सूर्यकांत** त्रिपाठी 'निराला' हिंदी के छायावादी कवियों में एक स्वतंत्र और नवीन आवाज थे। वे कवि, उपन्यासकार, निबंधकार, कहानीकार और अनुवादक थे। उनका व्यक्तित्व विद्रोही, क्रांतिकारी और सामाजिक संवेदनाओं से परिपूर्ण था। उन्होंने हिंदी काव्य में छंद, भाषा और भाव के नए प्रयोग किए और मुक्त छंद को अपनाकर कविता को भावनात्मक और संगीतात्मक स्वतंत्रता दी।



सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
जन्म : 21 फरवरी, 1896
मृत्यु : 15 अक्तूबर, 1961

निराला का जन्म बंगाल में हुआ और बचपन में बांग्ला का प्रभाव उनके साहित्य पर पड़ा। 1918–1922 तक महिषादल राज्य में सेवा करने के बाद उन्होंने स्वतंत्र लेखन, संपादन और अनुवाद कार्य किया। 'समन्वय', 'मतवाला', 'सुधा' आदि पत्रिकाओं से जुड़कर उन्होंने अपनी दार्शनिक और काव्य दृष्टि को विकसित किया।

उनकी प्रमुख कविताएं–'जूही की कली', 'तुलसीदास', 'सरोजस्मृति', 'राम की शक्तिपूजा'–जीवन, प्रेम, आध्यात्मिकता, समाज और देशभक्ति की भावनाओं से भरी हैं। उन्होंने समाज के पिछड़े वर्ग और महिलाओं के संघर्ष को संवेदनशील दृष्टि से प्रस्तुत किया।

निराला ने रीतिकालीन छंदबद्धता का विरोध किया और कविता को भाव और कल्पना की स्वतंत्रता दी। उनकी रचनाएं सामाजिक यथार्थ, लोक जीवन और मानव संवेदनाओं का सजीव चित्र प्रस्तुत करती हैं। 15 अक्तूबर, 1961 को उनका निधन हुआ, लेकिन उनकी कविताएं और विचार आज भी हिंदी साहित्य में जीवंत और प्रेरणास्पद हैं। ■



कविता

## चलो प्रेम की राह

शिव राज सन्याल, गांव मकड़ाहन जवाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**चलो** प्रेम की राह, वैर हम दिल से छोड़ें।
कौन यहां है गैर, सभी से नाता जोड़ें।।
करें प्रेम सत्कार, बढ़े तब भाईचारा।
दिल में हो बस चाह, मीत हो अपना प्यारा।।
चलो प्रेम की राह, सभी को मीत बनाके।
लेना मन को जीत, सभी से प्यार जताके।।
जीवन है दिन चार, छोड़ नफरत की बातें।
काटें मिल के साथ, प्रेम से सब दिन रातें।।
नफरत को अब छोड़ दे, चलो प्रेम की राह।
सब अपने ही मीत हैं, ऐसी रखिए चाह।।
ऐसी रखिए चाह, वैर मत मन में लाना।
कर के मीठी बात, प्रेम है सब से पाना।।
करें नहीं तकरार, रहे इतनी सी हसरत।
दुख सुख में दें साथ, छोड़ के सारी नफरत।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ग्रीनलैंड संकट : आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ता हुआ संघर्ष



डॉ. दुनी चंद
स्वतंत्र लेखक


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लगभग 56,000 की आबादी वाला ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है। औपचारिक रूप से डेनमार्क के अंतर्गत ग्रीनलैंड एक अर्ध–स्वायत्त स्वशासित क्षेत्र है और इसकी अपनी निर्वाचित सरकार है, जो प्राकृतिक संसाधनों और शासन सहित इसके अधिकांश आंतरिक मामलों को नियंत्रित करती है।

हालांकि, विदेश नीति, रक्षा और वित्तीय व्यवस्था अभी भी डेनमार्क के अधीन है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को संयुक्त राज्य अमेरिका के अधीन लाना चाहते हैं। वह बार–बार कह चुके हैं कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इस द्वीप पर अमेरिका को नियंत्रण करना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को रूस या चीन से संभावित खतरों से बचाने के लिए डेनमार्क पर निर्भर नहीं रह सकता।

ग्रीनलैंड डेनमार्क के एक अर्ध–स्वायत्त क्षेत्र के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका का नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन ) सहयोगी भी है ।संयुक्त राज्य अमेरिका की नजर पहले भी ग्रीनलैंड पर रही है। सन् 1867 में और उसके बाद सन् 1946 में अमेरिकी अधिकारियों ने इस द्वीप को खरीदने की संभावना पर विचार किया था, लेकिन दोनों बार वे प्रयास में सफल नहीं हो सके। ट्रंप ने पहली बार सन् 2019 में, अपने पहले कार्यकाल के दौरान यह संकेत दिया था कि वे ग्रीनलैंड खरीदना चाहते हैं, लेकिन डेनमार्क ने उन्हें कहा था कि यह बिक्री के लिए नहीं है। हाल फिलहाल में डोनाल्ड ट्रंप ने पुनः ग्रीनलैंड को आसान तरीके या मुश्किल तरीके से अमेरिका के अधीन लाने की इच्छा को जाहिर किया है। ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फिर से टिप्पणियों के बीच एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने आर्कटिक द्वीप के विलय और इसे भविष्य में अमेरिकी राज्य के रूप में शामिल करने की मांग वाला विधेयक पेश किया है। यह कदम ऐसे समय में आया है जब ट्रंप प्रशासन क्षेत्र के रणनीतिक महत्व को बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच लगातार उजागर कर रहा है। ट्रंप ने कहा है कि यदि अमेरिका ने कार्रवाई नहीं की तो रूस और चीन आर्कटिक में अपनी उपस्थिति को बढ़ा सकते हैं।

ग्रीनलैंड को हासिल करना रूस और चीन को आर्कटिक क्षेत्र पर नियंत्रण से रोकने में मदद करेगा और अमेरिका की उत्तरी सुरक्षा को मजबूत करेगा। सन् 1951 में डेनमार्क के साथ हुए एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना की इस द्वीप पर पहले से ही महत्वपूर्ण मौजूदगी है। ट्रंप का मानना है कि ग्रीनलैंड के अधिग्रहण से अमेरिका ग्रीनलैंड की मजबूती से रक्षा करने में सक्षम हो सकेगा।



ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रंप के ग्रीनलैंड को हथियाने के रवैये पर नाराजगी की प्रतिक्रिया देखने को मिली है। हालांकि सन् 2009 से ग्रीनलैंड को यह अधिकार प्राप्त है कि यदि जनमत संग्रह में उसकी आबादी स्वतंत्रता के पक्ष में मतदान करे तो वह डेनमार्क से अलग हो सकता है, लेकिन उन्होंने बार–बार अमेरिका का हिस्सा बनने से इनकार किया है। ग्रीनलैंड के लोग किसी भी कीमत पर अमेरिकी अधीनता स्वीकार नहीं करना चाहते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस–फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि उनके लोग अमेरिका के बजाय डेनमार्क को चुनेंगे। जेंस–फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि वे एक भू–राजनीतिक संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन ग्रीनलैंड नहीं चाहता कि ग्रीनलैंड पर संयुक्त राज्य अमेरिका का स्वामित्व बने। डेनमार्क, जिसने ग्रीनलैंड पर 300 से अधिक वर्षों से शासन किया है, इस मुद्दे पर बिल्कुल स्पष्ट रहा है । डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेत्ते फरेडरिक्सन ने चेतावनी दी है कि सैन्य बल का इस्तेमाल उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन का अंत कर सकता है। इस पर ट्रंप ने कहा कि वह आर्कटिक द्वीप पर उनके रुख से सहमत नहीं हैं। डेनमार्क के नाटो सहयोगी कनाडा और फ्रांस ने स्पष्ट किया है कि केवल डेनमार्क और ग्रीनलैंड ही अपने संबंधों और सुरक्षा से जुड़े फैसले ले सकते हैं। वहीं, चीन ने अमेरिका को चेताया है कि वह ग्रीनलैंड में अपने हित साधने के लिए अन्य देशों का बहाना न बनाए और इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियां अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार हैं। रूस ने भी पश्चिमी देशों के इस दावे को खारिज किया कि वह या चीन ग्रीनलैंड के लिए खतरा हैं और इसे दोहरे मापदंड के रूप में देखा।

हाल ही में व्हाइट हाउस में अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच उच्च–स्तरीय वार्ता हुई, लेकिन इसमें ग्रीनलैंड के भविष्य को लेकर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। इसके बाद फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे और स्वीडन जैसी यूरोपीय सेनाएं इस क्षेत्र में पहुंच रही हैं ताकि आर्कटिक द्वीप की सुरक्षा मजबूत हो सके। यह कदम नाटो के लिए असामान्य है क्योंकि सदस्य देश अपने सबसे बड़े सहयोगी को रोकने के लिए मित्र क्षेत्र में सैनिक भेज रहे हैं। ग्रीनलैंड की रणनीतिक अहमियत केवल उसके भू–राजनीतिक स्थान में नहीं है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों में भी है। पिघलती बर्फ नए समुद्री मार्ग खोल रही है, जिससे व्यापार और सैन्य गतिशीलता बढ़ रही है। इस द्वीप में दुर्लभ पृथ्वी खनिज, यूरेनियम, लोहा, तेल और गैस के महत्वपूर्ण भंडार होने की संभावना है।

ट्रंप प्रशासन ने ग्रीनलैंड के अधिग्रहण में रुचि दिखाई, जिससे स्पष्ट होता है कि अमेरिकी दृष्टिकोण में इसका महत्व सामरिक और प्रतीकात्मक दोनों रूपों में है। हालांकि, नाटो के सदस्य देशों के बीच इस मुद्दे पर असहमति और टकराव संगठन की एकता के लिए चुनौती बन रहा है। यदि आने वाले समय में समझ और सहयोग नहीं बढ़ता, तो आर्कटिक में तनाव और बढ़ सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस : भाषाई अस्मिता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर,महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन, मोबाइल नं. 9418233028/8221050880

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रत्येक वर्ष 21 फरवरी को विश्वभर में मनाया जाता है। यह दिवस भाषा की शक्ति, उसकी सांस्कृतिक भूमिका और मानव जीवन में उसके महत्व को रेखांकित करता है। भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह हमारी पहचान, हमारी परंपराओं और हमारी भावनाओं का आधार होती है। जिस भाषा को हम बचपन में अपने परिवार से सीखते हैं, वही हमारी मातृभाषा होती है। इसी मातृभाषा के माध्यम से हम संसार को समझना शुरू करते हैं, अपने विचारों को अभिव्यक्त करना सीखते हैं और अपने समाज से जुड़ते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पृष्ठभूमि 1952 के उस ऐतिहासिक भाषा आंदोलन से जुड़ी है, जो तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान, वर्तमान बांग्लादेश में हुआ था। जब उर्दू को एकमात्र राजभाषा घोषित किया गया, तब बांग्ला भाषियों ने इसका विरोध किया। 21 फरवरी 1952 को छात्रों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसमें कई छात्रों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। इन शहीदों के बलिदान ने यह सिद्ध कर दिया कि भाषा केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और अधिकार का प्रश्न है। इसी ऐतिहासिक घटना की स्मृति में यूनेस्को ने वर्ष 1999 में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया, और वर्ष 2000 से इसे विश्व स्तर पर मनाया जाने लगा।

मातृभाषा का महत्व व्यक्ति के बौद्धिक और भावनात्मक विकास से गहराई से जुड़ा हुआ है। शोध यह दर्शाते हैं कि प्रारंभिक शिक्षा यदि मातृभाषा में दी जाए तो बच्चे की समझ और सीखने की क्षमता अधिक सुदृढ़ होती है। मातृभाषा में शिक्षा से बच्चे आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रकट कर पाते हैं और उनकी रचनात्मकता का विकास होता है। इसके विपरीत, यदि शिक्षा ऐसी भाषा में दी जाए जिसे बच्चा ठीक से नहीं समझता, तो उसका सीखने का उत्साह और क्षमता प्रभावित हो सकती है।




भारत जैसे बहुभाषी देश में मातृभाषा का महत्व और भी अधिक है। भारत में सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं, जो इसकी सांस्कृतिक विविधता का प्रमाण हैं। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। प्रत्येक भाषा अपने साथ एक विशिष्ट साहित्य, लोककथाएं, लोकगीत और सांस्कृतिक धरोहर लेकर चलती है। यदि हम अपनी मातृभाषाओं को संरक्षित नहीं करेंगे, तो यह समृद्ध सांस्कृतिक विरासत धीरे–धीरे समाप्त हो सकती है।

वैश्वीकरण के इस दौर में अंग्रेजी जैसी अंतरराष्ट्रीय भाषाओं का महत्व बढ़ा है, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि हम अपनी मातृभाषा को भूल जाएं। बहुभाषिकता आज के समय की आवश्यकता है, किंतु इसकी शुरुआत मातृभाषा से ही होनी चाहिए। अपनी मातृभाषा में मजबूत आधार होने पर व्यक्ति अन्य भाषाओं को भी आसानी से सीख सकता है। इसलिए मातृभाषा और अन्य भाषाओं के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। विश्व में लगभग सात हजार भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से अनेक विलुप्ति के कगार पर हैं। जब कोई भाषा समाप्त होती है, तो उसके साथ उस समाज का पारंपरिक ज्ञान, लोकसंस्कृति और विशिष्ट पहचान भी समाप्त हो जाती है। यह दिवस हमें इस संकट के प्रति जागरूक करता है और यह संदेश देता है कि भाषाई विविधता मानवता की अमूल्य धरोहर है।

डिजिटल युग में मातृभाषाओं के संरक्षण के लिए नई संभावनाएं भी उत्पन्न हुई हैं। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हम अपनी भाषा में सामग्री तैयार कर सकते हैं और उसे व्यापक स्तर पर प्रसारित कर सकते हैं। यदि तकनीक का उपयोग मातृभाषाओं के विकास के लिए किया जाए, तो यह भाषाई समृद्धि को नई दिशा दे सकता है।

यह दिवस हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश देता है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपनी मातृभाषा का सम्मान करें, उसका संरक्षण करें और आने वाली पीढ़ियों तक उसकी विरासत को सुरक्षित रूप से पहुंचाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ऑनलाइन गेमिंग : बच्चों और युवाओं के लिए बढ़ती चुनौती



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कोरियन लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुदकुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है। अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकार गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया।

इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रुप में देखा व समझा जा सकता है।

इस तरह की घटनाएं देश–दुनिया में आए दिन हो रही हैं और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती हैं। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हों अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो–चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रुप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कहकर इसे हल्का किया जा रहा है। हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलने वाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क से संबंधित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर–फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया।

दरअसल, ऑनलाइन गेम मनोस्थिति को इस कदर प्रभावित कर देते हैं कि उठते–बैठते टास्क ही टास्क दिमाग में घूमता रहा है। इसी कारण से दुनिया के कई देशों में बच्चों के लिए इंटरनेट के उपयोग को लेकर सख्ती या रोक जैसे कदम उठाने शुरू किए हैं। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिटेन, सिंगापुर दक्षिण कोरिया आदि देश इस दिषा में सक्रिय हुए हैं। दरअसल, देखा जाएं तो आनलाइन गेम की लत अन्य नशों से भी अधिक गंभीर होती जा रही है। माना जाता है कि दुनिया के देशों में 1982 में ऑनलाइन गेमिंग के चलते पहली मौत का मामला सामने आया था जबकि उस समय तो इंटरनेट की पहुंच एक प्रतिशत तक भी नहीं थी। 2022 के बाद ऑनलाइन गेमों की बाढ़ सी आ गई और भारत ही नहीं दुनिया के देशों में गेमिंग के चलते होने वाले दुष्प्रभावों से हिलाकर रख दिया है। देखा जाए तो जहां तक बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के चस्के का प्रमुख कारण माना जाए तो इसे कोविड के साइड इफेक्ट के रुप में देखा जा सकता है। कोविड के चलते बच्चों की जिस तरह से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू हुई और जिस तरह से आज भी इसे देखा जा सकता है तो बच्चों के हाथों में एंड्रायड फोन आने और ऑनलाइन कक्षाओं के बाद स्क्रीन की अवधि बढ़ने और आकर्षक भ्रमित करने वाले गेमों से बच्चों के जुड़ने से हालात दिन–प्रतिदिन खराब ही हुए हैं। इस लत में बच्चे ही नहीं अपितु युवा भी आते जा रहे हैं। ब्लू व्हेल चैलेंज, पबजी, चोकिंग गेम, फार्टनाइट, फ्री फायर, पपी प्ले टाइम, द बेबी इन येलो, एविल नन, आइसक्रीम आदि गेम ने सर्वाधिक प्रभावित किया है। ऑनलाइन गेमिंग मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं–टास्कबेस्ड और इमर्सिव गेम। टास्कबेस्ड गेम्स जैसे वाइल्ड हंट, विचर 3 और होरिजोन लगातार नए टास्क देकर खिलाड़ी को चुनौती देते हैं, कभी–कभी ऐसे टास्क भी जो स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं। वहीं, इमर्सिव गेम्स जैसे जीरो डॉन, रेड डेड और फॉलआउट उन्नत तकनीक और ग्राफिक्स के माध्यम से यथार्थ दुनिया का अनुभव कराते हैं।



इस उद्योग का आकार 2024 में 3.7 बिलियन डॉलर था और 2029 तक यह 9.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसका सबसे गंभीर असर मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। गेमिंग की लत से डर, अकेलापन, अनिंद्रा, आक्रोश और मानसिक विकार बढ़ रहे हैं।

इस समस्या का समाधान जरूरी है। अभिभावकों को बच्चों की निगरानी, स्क्रीन टाइम नियंत्रण, सामाजिक गतिविधियों और आउटडोर गेम्स में रुचि बढ़ाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। सरकार को ऐसे गेम्स पर सख्त नियम लगाने चाहिए जो जीवन के लिए खतरा बन सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हर यात्रा, एक नया दृष्टिकोण और आत्मा का साक्षात्कार



कनुप्रिया
नूरपुर, जिला कांग्रड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हीरा वहां ना खोलिए जहां कुंजड़ो की हाट! बांधो चुप की पोटरी, लागहु अपनी बाट!! यात्राएं जीवन को नई दशा और दिशा देती हैं और अनुभव की पराकाष्ठा को नया आयाम भी प्रदान करती हैं। रोजमर्रा की दिनचर्या में हम इतने मशीनी हो जाते हैं कि अगर प्रतिदिन की यात्रा भी कार्यवश करते हैं तो भी आसपास के माहौल को उतनी बारीकी से देख नहीं सकते जितना हम दूर छुट्टी बिताने पर करते हैं।

कारण यही है कि उस उबाऊ दिनचर्या से कुछ ही समय के लिए ही क्यों ना हो छुटकारा मिल जाता है साथ ही साथ एक नई ऊर्जा का संचार भी हम महसूस करते हैं।

बेपरवाह से हर मोड़ को एक नए कौतुहल से देखते हैं विशेषकर अगर हम पहाड़ों की बात करें तो, मैदान में रहने वाले लोगों के लिए पहाड़ कौतुहल का विषय होते हैं और पहाड़ पर रहने वालों के लिए मैदान। जीवन का हर पल एक यात्रा है, जो स्त्रियां घर पर रहती हैं वह घर, उनके कमरे, उनके दरवाजे,अपने बगीचे में टहलना या पड़ोस में ही जाना, एक यात्रा का ही रूप है। और बाकी लोग चाहे वह स्त्री हो या पुरुष हो जो घर से बाहर निकलते हैं चाहे दूर की यात्रा करते हों या नजदीकी यात्रा करते हों, रास्ते में आने वाले हर छोटे बड़े पल को अपने अंदर कभी संजो के चलते हैं तो कभी बिखरा के चलते हैं उनके लिए रोड़ का एक नया अनुभव है।

जीवन में यात्रा हमारे दृष्टिकोण को बदलने के लिए नई संस्कृतियों को सीखने के लिए और स्वयं को जानने के लिए हमेशा प्रेरित करती हैं। यात्राएं हमें हमारे आरामदायक दायरे से बाहर निकलकर जीवन के प्रत्येक स्वरूप से हमें मिलवाती है। हमें चुनौतियों का सामना करना, कठिनायों को पार करना भी सिखाती हैं। प्रसिद्ध दार्शनिक रूमी ने कहा है की यात्राएं आत्मा की शुद्धि प्रेम और शक्ति को पुनः प्राप्त करने का साधन है। बाहरी यात्रा और आंतरिक यात्रा में काफी अंतर होता है कई बार हम दुनिया को घूम लेते हैं, लेकिन हमें कहीं पर भी शांति प्राप्त नहीं होती है और कई बार ऐसा भी हो जाता है कि हम अकेले कमरे में बैठे हैं और एकचित लगाकर ईश्वर की ओर जब आकर्षित होते हैं तो हमारी मनोस्थिति बिल्कुल अलग होती है, जिसमें हम अपने अंदर के रहस्यों को जानते हैं, समझते हैं।



हम अपनी भूमिका को पहचानने का पूरा प्रयास करते हैं। हमारे उद्देश्य हमारे सामने स्पष्ट तौर से दिखाई देते हैं जो कि कई बार हम दुनिया की भीड़ में नहीं खोज पाते हैं। सांसारिक यात्राएं भी उतनी ही जरूरी होती हैं जितनी की आध्यात्मिक और आंतरिक यात्राएं, क्योंकि इस तरह की यात्राएं हमें स्वयं के साथ साक्षात्कार करवाती हैं और दुनिया को देखने का नजरिया भी बिल्कुल बदल जाता है।

यह भी उचित है कि जब तक हम स्वयं को खोते नहीं हैं, तब तक हम खुद को पाते भी नहीं है। यात्रा करते समय हमें केवल गंतव्य तक पहुंचने पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि रास्ते का अनुभव लेना और नई शिक्षाएं सीखना भी जरूरी है। गंतव्य पर पहुंचने के बाद तो बस वही होता है, लेकिन यात्रा के दौरान जो घटनाएं हमारे आसपास घटती हैं, उनसे अनुभव लेना सबसे महत्वपूर्ण है।

अनुभव हमेशा सुखद ही हों यह जरूरी नहीं है, क्योंकि सुख और दुख हमारे सहयात्री हैं। अगर हम इसे समझकर मुस्कान के साथ यात्रा करेंगे, तो प्रतिफल निश्चित रूप से अच्छा होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### साइंस क्विज में छाए लॉर्ड्स के होनहार



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय पाठशाला लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के छात्रों ने डिप्टी डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन मंडी द्वारा आयोजित ऑनलाइन साइंस स्क्रीनिंग टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें सीनियर केटेगरी से पीयूष राणा व सीनियर सेकेंडरी केटेगरी से अरुण कुमार ने पूरे सरकाघाट सब डिवीजन में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल व सरकाघाट का नाम रोशन किया। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया स्कूल के दोनों होनहार छात्र अरुण व पियूष लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल व सरकाघाट सब डिवीजन का जिला स्तर की साइंस क्विज में प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने सभी बच्चों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी व भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### पथ परिवहन निगम के सेवानिवृत्त अधीक्षक नरयाल का निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पथ परिवहन निगम से अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त रखोह निवासी बचित्तर सिंह नरयाल का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कई वर्षों से हृदय रोग से पीड़ित थे और चंडीगढ़ स्थित पीजीआई में उपचाराधीन थे। चिकित्सकों ने उन्हें पूर्ण विश्राम और कम बोलने की सलाह दी थी। अंतिम संस्कार से पूर्व राधा स्वामी सत्संग से जुड़े राजेश कुमार प्रेमी ने हजूर स्वामी जी महाराज की वाणी का पाठ किया। इसके पश्चात स्थानीय पंडित अमर सिंह के मार्गदर्शन में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार उनकी बेटी किरण और बेटे नरेंद्र नरयाल ने मुखाग्नि दी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### स्कूल प्रवक्ता संघ ने पवन ठाकुर को सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल स्कूल प्रवक्ता संघ मंडी के प्रतिनिधिमंडल ने पवन ठाकुर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए सम्मानपूर्वक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव अशोक शर्मा, राज्य प्रेस प्रमुख जयराम शर्मा, संवैधानिक सलाहकार अरुण उपाध्याय, मुख्य प्रेस सचिव डॉ. राहुल सुमन, राज्य सहसचिव देश राज राणा आदि शामिल रहे। मांग पत्र में संघ ने सरकार से आग्रह किया कि लड़कों और लड़कियों के विद्यालयों को मर्ज करने के बजाय अलग-अलग बोर्डों के अंतर्गत संचालित किया जाए। सुझाव दिया गया कि एक विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तथा दूसरे को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधीन रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों और अभिभावकों को सुविधा अनुसार बोर्ड चुनने का विकल्प मिल सके। पवन ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और इस विषय पर मुख्यमंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया। संघ ने उम्मीद जताई कि यह निर्णय विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अभिभावकों के हित में सकारात्मक कदम सिद्ध होगा।

### पीजीआई में झुलसी महिला की मौत, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** थाना सदर मंडी में 12 फरवरी को एक महिला के जलने के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मंडी ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी ठाकर दास पुत्र सुख राम, निवासी गांव सपलोह, जिला मंडी को गिरफ्तार कर विस्तृत जांच प्रारंभ की गई थी। घायल नीलम ठाकुर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटली से जोनल अस्पताल मंडी, तत्पश्चात नेरचौक मेडिकल कॉलेज और बाद में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। 14 फरवरी को माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, न्यायालय संख्या 24, चंडीगढ़ द्वारा उनका विधिवत बयान दर्ज किया गया था, जिसमें उन्होंने स्वयं को इस कृत्य के लिए जिम्मेदार बताया था। मृतका का पोस्टमार्टम पीजीआई चंडीगढ़ में कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मंडी ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### रोपड़ी कलेहड़ू में औषधीय पौधों की खेती बांटी

अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर। रोपड़ी कलेहड़ू पंचायत में ग्रामीणों के लिए औषधीय पौधों की खेती विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसानों और स्थानीय निवासियों को बताया गया कि औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती कम लागत में अधिक आय देने वाला विकल्प बन सकती है। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि सामान्य परिवार और छोटे किसान भी आसानी से औषधीय पौधों की खेती शुरू कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को काली हल्दी, अश्वगंधा, तुलसी, लेमन बाम, गिलोय जैसे लाभकारी पौधों की खेती की तकनीक, बाज़ार संभावनाएं तथा प्रसंस्करण के बारे में विस्तार से समझाया गया। उपस्थित लोगों को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने और अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल को 'he Antonov Innovations Inc' द्वारा संचालित किया गया, जिसका मुख्य कार्यालय जोगिंद्रनगर में स्थित है। संस्था ग्रामीणों को बीज, पौध, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन सहायता भी उपलब्ध करा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस लाभकारी खेती से जुड़ सकें। इच्छुक किसान एवं आम नागरिक संस्था से संपर्क कर औषधीय पौधों के बीज खरीद सकते हैं तथा खेती संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### बीएसएल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** बीएसएल परियोजना, बीबीएमबी सुंदरनगर खेल समिति द्वारा आयोजित बीएसएल (पी) वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ पंजाब स्कूल ग्राउंड, बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर में हुआ। मुख्यातिथि डिप्टी चीफ इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर और विशिष्ट अतिथि, खेल समिति के प्रधान व सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर सर्कल-1 हरजोत सिंह वालिया ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि खेल शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले 21 फरवरी को खेले जाएंगे। कार्यक्रम में एक्सियन गुलशन मान, एसडीओ संजय कुमार, सुपरिंटेंडेंट अजय कुमार वासन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



मुख्यातिथि खिलाड़ियों से परिचय करते हुए।

## एक दिन और दस देवता



## शिवरात्रि महोत्सव में देवधुन व देवलु नाटी प्रतियोगिताओं का भव्य समापन

# देवधुन/वाद्ययंत्र में श्री देव छमांहू खणी प्रथम

अनंत ज्ञान



विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यतिथि। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत देवधुन/वाद्ययंत्र एवं देवलु नाटी प्रतियोगिताओं का अंतिम चरण आज छोटी काशी मंडी में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। आयोजन के दौरान देव समाज और श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह तथा गहरी आस्था का वातावरण देखने को मिला।

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता दलों को पुरस्कृत किया तथा अपने संबोधन में कहा कि शिवरात्रि महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध देव संस्कृति और लोक परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देवधुन और देवलु नाटी जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं हमारी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रतियोगिता में कुल 85 देवताओं के बजंत्रियों ने वाद्ययंत्र श्रेणी में भाग लिया, जबकि देवलु नाटी प्रतियोगिता में 9 देवताओं के देवलु नाटी दलों ने हिस्सा लिया। देवलु दलों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर अपनी उत्कृष्ट कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया और पारंपरिक नाटी की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। ढोल-नगाड़ों, करनाल, रणसिंघा एवं अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया। देवधुन की मधुर प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और हिमाचली लोक संस्कृति की समृद्ध परंपरा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के परिणामों में देवधुन/वाद्ययंत्र श्रेणी में श्री देव छमांहू खणी बालीचौकी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, श्री देव अजयपाल कासला द्रंग ने द्वितीय, जबकि श्री देव कांढलू बालाकामेश्वर बग्गी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, देवलु नाटी प्रतियोगिता में देव श्री सुहड़े का गैहरी उतरशाल ने पारंपरिक नाटी की प्रभावशाली प्रस्तुति के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, देव श्री छांजणू बालीचौकी ने दूसरा, जबकि देव श्री तुंगासी निहरी सराज तीसरे स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मुरारी शर्मा, कृष्णा देवी एवं उमेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी, सर्व देवता समिति के महासचिव दिनेश शर्मा सहित देव समाज से जुड़े गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने सड़क सुरक्षा रैली को दिखाई हरी झंडी



हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर परिवहन विभाग ने जिला प्रशासन मंडी के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली आयोजित की। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सेरी मंच से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सेरी मंच से मंगवाई, चक्कर और नेरचौक होते हुए डडौर में संपन्न हुई। इसमें 50 बाइक और 25 कारों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने निर्धारित गति और सुरक्षा मानकों का पालन किया।

इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रतिदिन औसतन छह सड़क दुर्घटनाएं दर्ज होती हैं, जिनमें करीब दो लोगों की मृत्यु और नौ लोग घायल होते हैं। अधिकांश हादसों के कारण ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाना, गलत दिशा में ड्राइविंग और मोबाइल फोन का उपयोग हैं। उन्होंने चिंता जताई कि लगभग 70 प्रतिशत दुर्घटनाएं 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग से जुड़ी हैं।

उन्होंने लोगों से अपील की कि सीट बेल्ट और हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, अपनी लेन में चलें और वाहन की नियमित जांच कराएं। उन्होंने कहा, 'सुरक्षित रहें, सजग रहें, क्योंकि जीवन अनमोल है।' इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर, जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार उपस्थित रहे।

## शिवरात्रि महोत्सव में लोक नृत्य प्रतियोगिता संपन्न

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी 2026 के अंतर्गत आज आयोजित लोक नृत्य प्रतियोगिता में जिले भर के 15 विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सांस्कृतिक रंग बिखेरे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा और लोक धुनों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पड्डल मैदान पूरी तरह उत्सवमय वातावरण में रंग गया। कड़े मुकाबले के बाद गोल्डन वैली पब्लिक स्कूल मंडी ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ओक वुड स्कूल मंडी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं उजाला पब्लिक स्कूल तलयाहड तथा गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल मंडी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर सराहना बटोरी। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के तालमेल, मंच संयोजन, पारंपरिक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों, शिक्षकों और दर्शकों की भारी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता ने एक बार फिर सिद्ध किया कि मंडी की सांस्कृतिक धरोहर नई पीढ़ी के माध्यम से सशक्त रूप से आगे बढ़ रही है।

## धर्मपुर में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति का 17वां खंड सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति धर्मपुर का 17वां खंड सम्मेलन पंचायत भवन धर्मपुर में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता व्यासा देवी, राजमल, मीना और भोलादत कश्यप ने की। मुख्यातिथि के रूप में जोगिंद्र वालिया, भूपेंद्र सिंह, ललित शर्मा और सुनीता पटियाल उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्घाटन जोगिंद्र वालिया ने किया, जबकि जिला प्रधान ललित शर्मा ने मंडी जिले में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान, महिला समानता, पर्यावरण संरक्षण, खेती बचाओ, जनस्वास्थ्य अभियान और वर्तमान में नशा मुक्ति अभियान जैसे कई कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलाए हैं। धर्मपुर खंड में चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान जिले में मॉडल के रूप में काम कर रहा है।

सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि आगामी 7 सितंबर को धर्मपुर में और 8 मार्च को सजाओपीपलु में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। धर्मपुर में महिला मेगा मार्च और सजाओपीपलु में महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होगी। खंड कमेटी का भी गठन किया गया। अध्यक्ष भोलादत कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएन कश्यप, उपाध्यक्ष बिमला हिनोस्तानी, सचिव ऋत्विक, सह-सचिव मीना और कोषाध्यक्ष कंचना देवी चुनी गईं। अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी, डॉ. विना राठौर, डॉ. आईएस वर्मा और अन्य को सलाहकार नियुक्त किया गया।

## नबाही विद्यालय के रोवर्स-रेंजर्स ने राष्ट्रीय कार्यशाला में लिया भाग

अनंत ज्ञान



सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही की भारत स्काउट्स एंड गाइड्स इकाई के पाँच रोवर्स एवं पांच रेंजर्स ने रिवालसर स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय-स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर्स एवं रेंजर्स सदस्यों ने सहभागिता की।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवाभावना, टीमवर्क तथा जीवन-कौशल का विकास करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों, समूह कार्य, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सेवा, व्यक्तिगत विकास एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालय के दसों विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सभी गतिविधियों में भाग लेते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

कार्यशाला से लौटने के पश्चात प्रात:कालीन सभा में विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**उद्घाटन** | शिक्षा विभाग में 7 हजार पदों पर की रेगुलर नियुक्तियां : शिक्षा मंत्री

# कोटमोर्स-मझवाड़ में नए स्कूल भवनों का लोकार्पण

अनंत ज्ञान



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कोटमोर्स और मझवाड़ के दौरे के दौरान शुक्रवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकूर ने एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से नव निर्मित स्कूल भवनों के लोकार्पण किए। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटमोर्स में 71 लाख रुपए की लागत और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मझवाड़ में 40 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित स्कूल भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और गुणात्मक शिक्षा की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। शिक्षा मंत्री ने कहा राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता प्रदान कर रही है। गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में 148 स्कूलों की सीबीएसई बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजकीय स्कूलों में इंग्लिश मीडियम शुरू किया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली बार राजकीय स्कूलों के मेधावी बच्चों और अध्यापकों को एक्पोजर विजिट करवाया जा रहा है। प्रदेश में लगभग 350 से अधिक अध्यापकों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की साक्षरता दर 99.33 प्रतिशत हो गई है, जो देश भर में सबसे अधिक है। जब की राज्य के गठन के समय राज्य की साक्षरता दर मात्र 7 प्रतिशत थी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल में शिक्षा विभाग में 7 हजार पदों पर रेगुलर नियुक्तियां की गई। 4 हजार पदों को भरने की प्रक्रिया राज्य चयन आयोग के माध्यम से जारी है जिन्हें शीघ्र भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विभाग में शिक्षक और गैर शिक्षकों के लगभग 10 हजार पदों पर पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं, जिसमें उपनिदेशक तक के पद शामिल है, जो लबे समय से रुकी हुई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार एक साथ रिकॉर्ड 802 पदों पर प्रधानाचार्यो की पदोन्नति की गई है। उन्होंने कहा कि मंडी कॉलेज प्रदेश के सबसे पुराने महाविद्यालयों में से एक है और इस महाविद्यालय के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी का दौरा भी किया। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन शिक्षण संस्थानों, जिनका कार्य 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है उन्हें जल्द शेष बजट उपलब्ध करवा कर पूरा किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटमोर्स में मंच निर्माण के लिए अढ़ाई लाख रुपए, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मझवाड़ के भवन निर्माण के लिए 8 लाख रुपए, खो-खो खेल को बढ़ावा देने के स्कूल में खो-खो मैट और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 15 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## शौर्य वीर यादव लगातार दूसरी बार बने 'मंडी कुमार'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला मंडी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक कुश्ती दंगल का शुभारंभ 20 फरवरी को हुआ, जिसमें विभिन्न वर्गों में रोमांचक मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। 17 वर्ष आयु वर्ग के लिए निर्धारित 'मंडी कुमार' का खिताब बाल विद्यालय सुंदरनगर के शौर्य वीर यादव ने लगातार दूसरी बार अपने नाम किया। सरकाघाट निवासी शौर्य वीर यादव, जो मंडी के मशहूर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं परशुराम अवार्डी डॉ. संजय यादव के पुत्र हैं, को विजेता बनने पर 17,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि पधर निवासी देवेश कुमार को उपविजेता रहने पर 13,000 रुपए प्रदान किए गए। लगभग 200 पारंपरिक पहलवानों ने सामान्य कुश्ती में भाग लेकर दमखम दिखाया। दंगल शुभारंभ समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक, जिला मंडी विनोद कुमार ने शिरकत की। कुश्ती कमेटी के संयोजक एवं पुलिस उप अधीक्षक धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि हिमाचल कुमार, महिलाओं की कुश्ती तथा भारत केसरी के मुकाबले 21 फरवरी को आयोजित होंगे। सह संयोजक डॉ. संजय यादव (परशुराम अवार्डी) ने कहा कि बड़े वर्ग में भारत केसरी स्तर के नामी पहलवानों को आमंत्रित किया गया है, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और ऊंचा हुआ है।

## महाशिवरात्रि महोत्सव में वीर नारियां और माताएं सम्मानित



वीर नारियों का सम्मान करने के उपरांत सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की चौथी सांस्कृतिक संध्या में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिले की वीर नारियों और वीर माताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन परिवारों का त्याग और समर्पण पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। वीर सपूतों की शहादत से देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और उनके परिवारों का साहस नई पीढ़ी को देशभक्ति की प्रेरणा देता है। जिला प्रशासन उनके सम्मान और सहयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

समारोह में 1971 के भारत-पाक युद्ध, कारगिल युद्ध, सियाचिन, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा विभिन्न ऑपरेशनों में शहीद हुए वीर जवानों की वीर नारियों और माताओं को सम्मानित किया गया। इनमें चिंता देवी, पुष्पा देवी, नेहा शर्मा, इंद्रा देवी, सत्या देवी, सुनीता देवी, नीतू देवी, व्यासा देवी, मीरा देवी, ऊमा गुलेरिया, कमलेश ठाकुर, लता देवी, कुंता देवी, पूरनू देवी, आशा कुमारी, रंजना देवी, इंद्रा चौहान, भानू प्रिया सहित वीर माताएं निर्मला देवी और अतरा देवी शामिल रहीं।

उपायुक्त ने कहा कि वीर नारियां और वीर माताएं राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है और समाज को उनके त्याग से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

# एमसी सीवरेज समस्या के समाधान के लिए खरीदेगा डिसलॉजिंग व्हीकल

## सेप्टिक टैंक भरने की समस्या से सोलनवासियों को मिलेगी निजात

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर वासियों को सुविधा देने के उदेश्य से नगर निगम सोलन ने डिसलॉजिंग व्हीकल खरीदने का निर्णय लिया है। इससे सीवरेज और सेप्टिक टैंक भरने की स्थिति में उसे खाली करने में मदद मिलेगी। शहर में अभी तक इस प्रकार की सुविधा नहीं थी। लोग हजारों रुपए खर्च कर सेप्टिक टैंक खाली करवाने पर खर्च कर रहे हैं। अब आने वाले दिनों में निगम अपना डिसलॉजिंग व्हीकल खरीद कर शहर वासियों को राहत प्रदान करेगा।

गौरतलब है कि सोलन शहर तेजी से बढ़ता क्षेत्र है। यहां घर इतने इकट्ठा है कि सीवरेज को बाहर निकालना बेहद मुश्किल है। हालांकि निगम शहर के लिए सीवरेज प्लान भी बना रहा है। जिसके लिए जल शक्ति विभाग की मदद से लगभग 180 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की गई है। लेकिन निगम को भी यह भी मालूम है कि इसमें काफी समय लग जाएगा। लिहाजा डिसलॉजिंग व्हीकल खरीदने की तरफ अब तेजी से काम किया जा रहा है।

बता दें कि शहर की आबादी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। लिहाजा यहां सेप्टिक टैंक भरने की स्थिति में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि निगम ने कुछ वार्डों को सीवरेज से जोड़ने के लिए 18 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है पर इसे बनाने के लिए भी काफी समय लगेगा। फिलवक्त निगम के वार्ड-6 के कुछ क्षेत्रों में सीवरेज की सुविधा भी उपलब्ध है। लेकिन शहर के अधिकतर हिस्सों में अभी भी सीवरेज लाइन उपलब्ध नहीं हो पा रही है।



**शहर** में लोगों को सीवरेज लाइन और सेप्टिक टैंक खाली करने में महंगी दरें चुकानी पड़ती है। ऐसे में टेंको की सफाई के लिए निगम डिस्लजिंग व्हीकल खरीदने की तैयारी कर रहा है ताकि लोगों को किफायती दाम में यह सुविधा मिल सके। इसके लिए रुपरेखा बनाई जा रही है। जल्द ही व्हीकल खरीद कर लोगों को राहत दी जाएगी।

**एकता कापटा, कमिश्नर, नगर निगम सोलन।**

### निगम तय करेगा दरें

निगम के अधिकारियों की माने तो फिलहाल शहर में सेप्टिक टैंक भरने की स्थिति में लोगों को प्राइवेट टैंकर हायर करना पड़ता है। इसमें दिक्कत यह है कि यह लोग मनमाफिक रेट वसूलते हैं। 5 से 10 हजार तक रेट लेने के बाद ही सीवरेज का सेप्टिक टैंक खाली किया जा रहा है। इससे जहां एक तरफ लोगों को चपत लग रही है तो वहीं दूसरी तरफ लोगों में इस बात का भी रोष है की निगम इस विषय में कुछ नहीं कर रही। यही वजह है कि निगम अब इन प्राइवेट लोगों के रेट को भी फिक्स करने की तरफ आगे बढ़ रही है। ताकि लोगों को अधिक पैसे न चुकाने पड़े। यदि निगम दरें निर्धारित करता है तो शहरवासियों को सेप्टिक टैंक खाली कराने के लिए एक निश्चित और पारदर्शी शुल्क देना होगा, जिससे अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिलने की उम्मीद है।

कालाअंब-त्रिलोकपुर मार्ग पर हादसा

## ट्रैक्टर से टकराई बाइक, दंपती की मौत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिले के कालाअंब-त्रिलोकपुर संपर्क मार्ग पर ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में पति-पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच से पता चला कि गलत ओवरटेक बना हादसे की वजह है। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीन लोग गलत दिशा से ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सीधे ट्रैक्टर के टायर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर पीछे बैठे पति-पत्नी उछलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान बाइक चला रहा व्यक्ति दूसरी ओर गिर गया और घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

◆ **गलत दिशा में ओवरटेक करना बना दर्दनाक हादसे का कारण**

## न्यूज ब्रीफ

### ममलीग में वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** थाना कंडाघाट के अंतर्गत ममलीग में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक निखिल ठाकुर पुत्र पूर्ण चंद निवासी गांव जखडीयु पोस्ट ममलीग, तहसील कंडाघाट जिला सोलन ने शिकायत दर्ज करवाई कि रात के समय सड़क से गाड़ी गिरने की आवाज सुनाई दी, तुरन्त मौका पर पहुंचा तो देखा की गाड़ी नं एचआर 55AP-0863 जिसे बंटी भारद्वाज चला रहा है, सड़क से करीब 50-60 मीटर नाले में गिर गई थी। दुर्घटना से मौके पर ही सोनू की मौत हो गई। इस सदंर्भ में पुलिस थाना कंडाघाट ने केस दर्जकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### हर्षवर्धन चौहान दो दिवसीय सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 21 व 22 फरवरी को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 21 फरवरी को दोपहर बाद पांवटा साहिब में लोगों की जन समस्याएं सुनेंगे तथा 22 फरवरी को प्रातः लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शिलाई में लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के उपरांत दोपहर बाद शिलाई विधानसभा क्षेत्र के धार में आयोजित हाटी चैंपियनशिप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

### पक्का टैंक से खुजली ग्रस्त कुत्ता किया काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नप के सफाई इंचार्ज सुलेमान ने बताया कि लखदाता पीर के नजदीक से लोगों की मिली शिकायत के आधार पर नगर परिषद की टीम खुजली ग्रस्त एक कुत्ते को काबू करके वेटनरी अस्पताल इलाज के लिए भेजा है। गौरतलब है कि शहर कई हिस्सों में बीमार व खुजली ग्रस्त कुत्ते आम देखें जा सकते है। लोगों का आरोप है कि इन कुत्तों में रेबीज होने का अंदेशा है। नगर प्रशासन को चाहिए लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए बिमारी से ग्रस्त शहर की सड़कों गलियों में घूम रहे इन कुत्तो का इलाज कराए।

### नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बखलग में नशा मुक्ति जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में कुल 96 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान चंद वर्मा ने करते हुए कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और समाज सेवा की ओर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित काउंसलर डॉ. विजय कुमार शांडिल ने विद्यार्थियों को 'चिट्टा' तथा अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य ज्ञान चंद वर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### छात्रों का विज्ञान/गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्की के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित ओलंपियाड में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान ओलंपियाड में लक्ष्य और हेमंत सहगल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुशल ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि ज्योतिर्मय और कनव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। गणित ओलंपियाड में कनव, हितेश, हेमंत और कुशल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। जतिन और ज्योतिर्मय द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि दुश्यंत ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### ट्रेड यूनियनों को नई सोच अपनाने की जरूरत: बंसल

**अनंत ज्ञान, अर्की।** हरिजन सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुन्नीलाल बंसल ने कहा कि हाल ही में सेंट्रल ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद से यह साफ हो गया है कि देश में ट्रेड यूनियन आंदोलन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। पहले जहां हड़तालें व्यापक जनसमर्थन के साथ बड़े जन आंदोलन का रूप लेती थी, वहीं अब उनका असर सीमित क्षेत्रों तक सिमटता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश की लगभग 85 से 90 प्रतिशत कार्यशक्ति असंगठित क्षेत्र में काम कर रही है। बड़ी संख्या में लोग स्वरोजगार, छोटे व्यवसाय, ठेका प्रणाली और गिग इकॉनमी से जुड़े हैं। बंसल ने कहा कि आम लोगों के लिए बार-बार के बंद और हड़ताल कई बार असुविधा और आर्थिक नुकसान का कारण बनती हैं।

### संघोई में कल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र के संघोई गांव में रविवार 22 फरवरी को मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर अंबुजा फाउंडेशन के सौजन्य से तथा महर्षि मार्कण्डेश्वर हॉस्पिटल सोलन के सहयोग से लगाया जा रहा है। आयोजन युवक मंडल एवं ग्राम पंचायत संघोई के संयुक्त तत्वावधान में होगा। शिविर का आयोजन पुराने ग्राम पंचायत घर खेल मैदान में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, आंख रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, एमडी फिजिशियन तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक संजय शर्मा ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## मोटरसाइकिल सवार 2 युवकों से 9 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर टोल प्लाजा सनवारा के समीप नाकाबंदी कर एक मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका। मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की तलाशी लेने पर उनसे 9 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई।

दोनों आरोपियों की पहचान दानिश पुत्र संजय, निवासी विकास नगर, शिमला, तहसील व जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश, आयु 25 वर्ष तथा जितेंद्र ठाकुर पुत्र पवन कुमार, निवासी ऐराहोम, कसुम्पटी, तहसील व जिला शिमला आयु 25 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान यह पाया गया है कि दोनों आरोपी पूर्व में भी चिट्टा/हेरोइन तस्करी के मामलों में संलिप्त रहे हैं।



पुलिस की गरिफ्त में आरोपी।

## शिवांगी बरवाल भारतीय रेल में बनी नर्सिंग अधीक्षक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र की ग्राम पंचायत पारनू की कोटलू निवासी शिवांगी बरवाल ने भारतीय रेल की नर्सिंग अधीक्षक भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवांगी रवीण बरवाल एवं तारा बरवाल की पुत्री हैं तथा गांव कोटलू (पारनू) की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दाड़लाघाट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने मॉडर्न नर्सिंग कॉलेज अन्नाडेल से चार वर्षीय विज्ञान स्नातक (नर्सिंग) की उपाधि प्राप्त की। शिवांगी 23 फरवरी को कार्यभार ग्रहण करेंगीं।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान से भाजपा संगठन होगा और मजबूत

### धरनों-नारों में उलझी कांग्रेस सरकार शासन चलाने में विफल : बिंदल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को सिरमौर जिला भाजपा कार्यालय, नाहन में शिमला संसदीय क्षेत्र की कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में विशेष रूप से भाजपा हिमाचल प्रभारी श्रीकांत शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसदगण, विधायकगण तथा शिमला संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा और मंथन किया गया, जिनमें बूथ प्रबंधन, केंद्र सरकार की उपलब्धियां, वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास और विकास, संगठन कार्यपद्धति तथा सोशल मीडिया जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा का प्रदेशव्यापी प्रशिक्षण अभियान शुरू हो चुका है। इसकी पहली कार्यशाला सुंदरनगर में आयोजित हुई थी और अब शिमला संसदीय क्षेत्र की कार्यशाला नाहन में आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि अगली कार्यशाला ऊना में होगी जिसका शुभारंभ अनुराग ठाकुर करेंगे तथा समापन जयराम ठाकुर करेंगे। इसके बाद 24 फरवरी को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र और 25 फरवरी को मंडी संसदीय क्षेत्र की कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें वरिष्ठ नेता एवं संगठन पदाधिकारी शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों संसदीय क्षेत्रों की कार्यशालाओं के बाद मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग शुरू किए जाएंगे और मार्च तथा 14 अप्रैल से पहले कुल 171 प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बिंदल ने बताया कि संगठन विस्तार के तहत भाजपा ने लगभग 17 लाख प्राथमिक सदस्य, 25 हजार सक्रिय सदस्य, तथा 775 बूथ समितियां गठित की हैं। साथ ही 171 मंडलों, 17 संगठनात्मक जिलों और सात मोर्चों की कार्यसमितियां बनाकर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया गया है। यह प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और चुनावी दृष्टि से सशक्त बनाकर आगामी चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करेगा।



## सोलन पुलिस लाइन में बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध : पुलिस अधीक्षक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस प्रशासन सोलन ने पुलिस लाइन परिसर की सुरक्षा और अनुशासन को बनाए रखने के उद्देश्य से कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक सोलन द्वारा जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि हाल के समय में पुलिस लाईन मैदान और पारिवारिक परिसर में बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे वहां निवास कर रहे पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आदेश के अनुसार कुछ बाहरी युवक मैदान और परिसर में आते-जाते समय अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं तथा तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है।

◆ **पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों की सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी**

इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस लाईन मैदान में बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यदि कोई बाहरी व्यक्ति पुलिस मैदान में खेलना चाहता है, तो उसे पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के मैदान में प्रवेश करना सख्त मना रहेगा। यदि किसी को मैदान में खेलने की अनुमति दी जाती है, तो भी उन्हें अपने वाहन गेट के बाहर ही पार्क करने होंगे।

लाईन अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि प्रवेश और निकास द्वारों पर निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए तथा केवल अधिकृत व्यक्तियों और पुलिस परिवारों को ही अंदर आने दिया जाए। सब्जी मंडी की ओर जाने वाले रास्ते को बंद करने तथा 'पुलिस परिवार हेतु प्रवेश' बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही रात्रि 8 बजे के बाद बाहरी व्यक्तियों के परिसर में प्रवेश पर रोक रहेगी। परिसर में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लिखित पत्राचार भेजने तथा सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने का प्रस्ताव भी कार्यालय को भेजने को कहा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति परिसर में पाया जाता है, तो इसके लिए लाईन अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

### परिसर की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी

**पुलिस** अधीक्षक ने कहा कि पुलिस लाईन परिसर की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाहरी लोगों की अनियंत्रित आवाजाही से अनुशासन और पारिवारिक वातावरण प्रभावित हो रहा था। इसलिए सुरक्षा को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सोलन-सुबाथु मार्ग की दयनीय स्थिति के विरोध में सांकेतिक धरना 23 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी जिला सोलन के प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि सोलन-सुबाथु मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई सड़क और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार सोलन शामती बाईपास की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। प्रतिदिन हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, किंतु सड़क की जर्जर अवस्था के कारण दुर्घटनाओं का खतरा निरंतर बना रहता है तथा यातायात प्रभावित होता है। केवल यही दो मार्ग नहीं, बल्कि सोलन सहित पूरे प्रदेश की अधिकांश सड़कों की स्थिति आज किसी से छिपी नहीं है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रवासियों, युवाओं, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील करती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 23 फरवरी को आयोजित इस सांकेतिक धरने में शामिल होकर जनहित की इस आवाज को बुलंद करें।

## बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता कृषि क्षेत्र की रीढ़ : प्रो. चंदेल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में गुरुवार को 'सतत् एवं लचीली कृषि हेतु प्राकृतिक खेती आधारित बीज उत्पादन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चंबा, मंडी, सिरमौर, हमीरपुर, शिमला और सोलन जिलों से किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त बीज संरक्षण से जुड़े गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, आईसीएआर-एनबीपीजीआर शिमला तथा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि बीज कषि की आधारशिला हैं और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने की कुंजी भी। प्राकृतिक खेती में बीज स्वायत्तता के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के बीजों का स्वामित्व और नियंत्रण किसानों के पास ही रहना चाहिए। बीज उत्पादन को एक संभावनापूर्ण आजीविका अवसर बताते हुए उन्होंने किसान उत्पादक कंपनियों से सामूहिक ज्ञान को सामूहिक क्रियान्वयन में बदलने तथा किसान-नेतृत्व वाले बीज उद्यम विकसित करने का आह्वान किया।

एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल एवं सीआईएटी के कंट्री प्रतिनिधि डॉ. जेसी राणा ने बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता को सतत कृषि का आधार बताया। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. इंदर देव ने बताया कि यह पहल विश्वविद्यालय में पूर्व में संचालित एग्रोइकोलॉजिकल क्रॉप प्रोटेक्शन टुवर्ड्स इंटरनेशनल को-इनोवेशन डायनेमिक्स एंड एविडेंस ऑफ सस्टेनेबिलिटी परियोजना के अंतर्गत किए गए प्रयासों पर आधारित है।

## विद्यार्थियों ने कागज पर उकेरा अपने सपनों का विकसित भारत



अव्वल रहे छात्रों को किया गया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), शिमला द्वारा पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल, कुनिहार में आयोजित दो दिवसीय विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी एवं जन सूचना अभियान आयोजित किया गया। इसका समापन सैकड़ों विद्यार्थियों की मौजूदगी में क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रतिभागी टीमों ने उत्साह से भाग लिया।

इस मौके पर विकसित भारत विषय पर चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। छठवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सीनियर एवं जूनियर में अलग-अलग आयोजित इन स्पर्धाओं ने बच्चों ने विकसित भारत को लेकर अपनी कल्पना को चित्रों एवं रंगों के जरिए कैनवास पर रच दिया। किसी ने डिजिटल भारत को अपना विषय बनाया तो किसी देश की विभिन्न उपलब्धियों को चित्रित किया। किसी ने अंतरिक्ष में देश की उपलब्धियों को साकार किया तो किसी सड़क नेटवर्क के विस्तार को कागज पर उकेर दिया।

चित्रकला प्रतियोगिता में सीनियर श्रेणी में गुनगुन ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि प्रियल और आशुतोष को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिले। वहीं, जूनियर श्रेणी में साक्षी को पहला,निधि को दूसरा एवं चिराग ने तीसरा स्थान मिला। नारा लेखन प्रतियोगिता में सीनियर श्रेणी में भार्गवी,अनुष्का और सूर्यांश को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुए जबकि जूनियर श्रेणी में अयांश को पहला,निशांत को दूसरा एवं जसकरण को तीसरा स्थान मिला। क्विज प्रतियोगिता में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। स्थिति यह बन गई कि तीन टीमों के बीच स्कोर बराबर रहा।

## संजीव शर्मा बने सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय जनता पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल सोलन ग्रामीण जिला सोलन द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक पद पर कराड़ा घाट निवासी संजीव शर्मा की नियुक्ति की गई है। संजीव शर्मा सुपुत्र मस्त राम निवासी कराड़ा घाट को संगठन की मजबूती एवं सहकारिता गतिविधियों को और प्रभावी बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला संयोजक यशपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि संजीव शर्मा लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है।



**सरोकार** प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्प : संजय अवस्थी

## 1.05 करोड़ से बनने वाले विज्ञान खंड भवन की रखी आधारशिला

अनंत ज्ञान

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटेरनी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनी मटेरनी में 1.05 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले विज्ञान खंड भवन की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित छात्रों एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे।

◆ **बनी मटेरनी स्कूल में उपस्थित छात्रों एवं अन्य को किया संबोधित**

संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा विकसित समाज का आधार है। समग्र विकास सुनिश्चित बनाने और विकास के लाभ जन-जन तक पहुंचाने में शिक्षित एवं परिश्रमी समाज महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार का उत्तरदायित्व है। गत तीन वर्षों में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इनके सकारात्मक परिणाम अब दृष्टिगोचर हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों, अध्यापकों के परिश्रम और बच्चों के दृढ़ निश्चय से आज हमारे सरकार स्कूल निरंतर सुधार कर रहे हैं। यह सुधार विभिन्न मानकों पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2025 में देश में पांचवें स्थान पर है और राज्य की साक्षरता दर 99.3 प्रतिशत है। वर्ष 2021 में इस सर्वेक्षण में हम 21वें स्थान पर थे। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में हिमाचल निरंतर सुधार कर रहा है। अर्की विधानसभा क्षेत्र में भी तीन स्थानों पर राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। प्रत्येक स्कूल के प्रारंभिक कार्य के लिए 2 करोड़ रुपए स्वीकृत हो गए हैं और शीघ्र ही कार्य आरम्भ हो जाएगा। विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत मटेरनी व आस-पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति वितरण में सुधार के लिए 2.30 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत मटेरनी में कम वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए 03 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति की गई है।

उन्होंने निक्कूझाल से सारमा संपर्क मार्ग तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनी मटेरनी के मार्ग निर्माण के लिए अनुमानित राशि के अनुरूप धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। संजय अवस्थी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनी मटेरनी में मंच के शैड निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 5100 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह को समान क्रय करने के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह को उचित स्तर पर पंजीकरण करवाना होगा।



बनी मटेरनी स्कूल में 1.05 करोड़ की लागत से बनने वाले भवन का उद्घाटन करते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

# अब देश के विकास के नए केंद्र बनेंगे सीमावर्ती गांव : अमित शाह

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर नाथुनपुर में केंद्रीय गृहमंत्री ने 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II' का किया शुभारंभ

**एजेंसी, कछार**

**असम।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कछार जिले के भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित नाथुनपुर में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II' का शुभारंभ किया। इस अवसर को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांव अब देश के विकास के नए केंद्र बनेंगे। कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती गांवों को 'राष्ट्र के प्रथम गांव' की नई पहचान देने की बात कही।



'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II' का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

केंद्रीय गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री ने असम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लगाए गए 20 स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल का भी अवलोकन किया और महिला उद्यमियों से संवाद किया। इन स्टॉलों में स्थानीय हस्तशिल्प, वस्त्र और अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल बराक घाटी की महिलाओं में आत्मनिर्भरता की बढ़ती भावना को दर्शाती है और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II' के तहत असम के 9 जिलों के 140 गांवों, जिनमें कछार जिले के 11 गांव शामिल हैं, का समग्र विकास किया जाएगा। इन गांवों में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना, बेहतर सड़क संपर्क और सतत आजीविका के अवसर विकसित किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति, सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था और मजबूत दूरसंचार नेटवर्क सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों का आर्थिक सशक्तिकरण हो और राष्ट्रीय सुरक्षा भी मजबूत हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में असम उपेक्षा से सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हुआ है और सीमावर्ती क्षेत्र अब 'विकसित भारत 2047' के विजन के अनुरूप विकास के नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

## बिटकॉइन घोटाला मामले में राज कुंद्रा को मिली जमानत

**एजेंसी, मुंबई।** बिटकॉइन घोटाले से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए मुंबई की विशेष पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) अदालत ने शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और मशहूर बिजनेसमैन राज कुंद्रा जमानत दे दी है। ईडी की ओर से इस मामले में दाखिल की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने यह फैसला सुनाया है। अदालत सूत्रों ने बताया कि ईडी ने बिटकॉइन घोटाला मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में ईडी ने दुबई के कारोबारी राजेश सतीजा और राज कुंद्रा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इसी आरोप पत्र को संज्ञान लेते हुए अदालत ने राज कुंद्रा और दुबई के कारोबारी राजेश सतीजा को समन जारी किया था और दोनों को 19 जनवरी को अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया था, लेकिन राज कुंद्रा तय समय पर पेश नहीं हो पाए थे। आज इस मामले की हो रही सुनवाई के दौरान राज कुंद्रा अपने वकील प्रशांत के साथ अदालत में पेश हुए थे।

## राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर उठाए सवाल

# पीएम पर 'अमेरिका के सामने झुकने' का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर फिर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि इस समझौते से ऐसा लगता है जैसे भारत ज्यादा दे रहा है और बदले में कम पा रहा है। राहुल ने इसे अमेरिका के सामने पूरी तरह झुक जाना बताया।

शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में अपने भाषण में जिउ-जित्सु (एक खेल) का उदाहरण इसलिए दिया था, क्योंकि उस खेल में किसी को पकड़कर या दबाकर काबू किया जाता है। उनका कहना है कि राजनीति में भी ऐसे दबाव होते हैं जो बाहर से दिखाई नहीं देते।

राहुल ने सवाल उठाए कि किसानों का नुकसान क्यों होने दिया गया? अमेरिका से तेल और दूसरी चीजें ज्यादा खरीदने पर सहमति क्यों दी गई? हर साल 100 अरब डॉलर का आयात बढ़ाने की बात क्यों मानी गई? भारत का डेटा (जानकारी) विदेशी कंपनियों को क्यों दिया जा रहा है? भारत डेटा कॉलोनी बन सकता है



- किसानों, आयात और डेटा सुरक्षा को लेकर जताई चिंता
- व्यापार समझौते में देशहित से समझौता नहीं होना चाहिए

राहुल ने कहा कि इस समझौते से भारत डेटा कॉलोनी बन सकता है। यानी देश का डेटा दूसरे देश के हाथ में चला जाएगा। भारत का डेटा बहुत कम कीमत पर अमेरिकी कंपनियों को दिया जा रहा है।

राहुल ने अमेरिका में चल रहे अडानी मामले और एपस्टीन मामले का जिक्र किया और कहा कि कुछ फाइलें जारी नहीं की गई हैं, जिनसे जुड़े नाम सामने आ सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी पर अलग-अलग तरह के दबाव हैं। एक तरफ अमेरिका का दबाव और दूसरी तरफ चीन सीमा पर खड़ा है। राहुल के मुताबिक, इन दबावों की वजह से यह समझौता हुआ। कांग्रेस का कहना है कि यह समझौता किसानों, कपड़ा उद्योग और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है। पार्टी ने कहा कि किसी भी व्यापार समझौते में देश के हित और आजादी से समझौता नहीं होना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### मेन्श आर्थर ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पेरिस की एक प्रमुख कंपनी 'मिस्ट्रल एआई' के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर्थर मेन्श ने यहां उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को मुलाकात की। इस उच्चस्तरीय बैठक में एआई तकनीक के सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर गहराई से चर्चा की गयी। मेन्श यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में हिस्सा लेने के लिए आए हुए हैं। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पोस्ट में बताया कि इस बैठक में उन्होंने मेन्श के साथ मिलकर एआई का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सार्वजनिक कल्याण तथा आम आदमी की समस्याओं के समाधान के लिए करने पर जोर दिया। इसके अलावा भारत में एआई क्षेत्र में तेजी से हो रही वृद्धि को गति देने वाले मजबूत एआई प्रतिभा भंडार पर भी चर्चा हुई। (अनंत ज्ञान)



### विनोद बने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने विनोद जाखड़ को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसई) का। नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के योगदान की सराहना की है। पार्टी ने उनके संगठन के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की है। विनोद जाखड़ राजस्थान से आते हैं। वह पहले संगठन में राज्य स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# बाजार में तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी दोनों हरे निशान में बंद

## सेंसेक्स 82,814 पर बंद, निफ्टी 25,571 के पार, रुपया 31 पैसे टूटा, डॉलर के मुकाबले 90.99 पर बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को घरेलू बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। व्यापार समझौते की प्रगति और पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी को लेकर आशावाद के बीच बैंकिंग और धातु शेयरों में भारी खरीदारी के चलते शेयर बाजारों में तेजी आई। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे गिरकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 316.57 अंक या 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 633.94 अंक या 0.76 प्रतिशत बढ़कर 83,132.08 के अंतर्देशीय उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 116.90 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 25,571.25 पर बंद हुआ, जिसमें इसके 36 शेयर सकारात्मक क्षेत्र में और 14 शेयर लाल निशान में रहे। दिन के दौरान, यह 209.2 अंक या 0.82 प्रतिशत बढ़कर 25,663.55 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स शेयरों में शुक्रवार को एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावरग्रिड, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और इंडिगो प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयर रहे। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, इटरनल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अदानी पोर्ट्स को नुकसान हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कल की तेज गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में उछाल आया, जिसका नेतृत्व लार्ज कैप शेयरों में जोरदार खरीदारी ने किया क्योंकि निवेशकों ने प्रीमियम-मूल्य वाले मिडकैप शेयरों की तुलना में उनके बेहतर जोखिम-लाभ अनुपात को प्राथमिकता दी। व्यापार समझौतों के स्पष्ट संकेतों और भारत के पैक्स सिलिका में प्रवेश से बाजार का सेंटिमेंट बेहतर हुआ है, जिससे एआई, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों में आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को मजबूती मिलने की उम्मीद है।



### यूरोपीय शेयर बाजार में दिखी बढ़त

**एशियाई** बाजार गिरावट के साथ बंद हुए, हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 1.10 प्रतिशत गिरा, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक 1.07 प्रतिशत नीचे रहा। हालांकि, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 2.31 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। चीन के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में, जर्मनी का डीएएक्स, पेरिस का सीएसी 40 और लंदन का एफटीएसई 100 शुक्रवार को मध्य सत्र के कारोबार में लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वीरवार को अमेरिकी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 71.44 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

**वैश्विक** तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत गिरकर 71.44 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 880.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक भी 596.28 करोड़ रुपये के शेयरों के शुद्ध विक्रेता रहे। भू-राजनीतिक चिंताओं में वृद्धि के बीच निवेशकों द्वारा व्यापक स्तर पर बिकवाली के चलते गुरुवार को सेंसेक्स 1,236.11 अंक गिर गया और एनएसई निफ्टी 365 अंक गिरकर 25,450 के करीब बंद हुआ।

# चांदी 5 हजार उछली, 2.50 लाख प्रति किलो पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोना और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को जोरदार तेजी दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत में 5,000 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद इसका भाव 2.50 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया। गुरुवार को चांदी 2.45 लाख रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।

वहीं सोने की कीमतों में भी मजबूती देखने को मिली। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 496 रुपए बढ़कर 1.55 लाख रुपए पर पहुंच गया। 19 फरवरी को इसकी कीमत 1.54 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। लगातार बढ़ती कीमतों के चलते निवेशकों और खरीदारों दोनों की नजरें सर्राफा बाजार पर टिकी हुई हैं।

साल 2026 में अब तक सोना 21,871 रुपए और चांदी 19,894 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई स्तर भी छुआ था।



- सोना 500 रुपए चढ़ा, 10 ग्राम की कीमत 1.55 लाख

अगर पिछले वर्ष की बात करें तो 2025 में सोने की कीमत में 57 हजार रुपए (करीब 75%) की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम सोना 76 हजार रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 तक बढ़कर 1.33 लाख रुपए हो गया। इसी अवधि में चांदी 86 हजार रुपए प्रति किलो से बढ़कर 2.30 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई, यानी लगभग 1.44 लाख रुपए (करीब 167%) की तेजी दर्ज की गई।

# पंजाब में 1,500 करोड़ रुपए के इस्पात निवेश की घोषणा

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा ने मुंबई में प्रमुख उद्योगपति और सज्जन जिंदल से महत्वपूर्ण बैठक की।



बैठक में पंजाब इन्वेस्ट के सीईओ अमित ढाका भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिंदल ने राजपुरा में इस्पात क्षेत्र में 1,500 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जेएसडब्ल्यू समूह राज्य में अपने अन्य व्यवसायिक क्षेत्रों में भी अतिरिक्त निवेश की संभावनाओं का अध्ययन करेगा। प्रस्तावित निवेश से पंजाब के विनिर्माण आधार को मजबूती मिलेगी, इस्पात मूल्य श्रृंखला गहरी होगी और क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के पर्यास अवसर सृजित होंगे। जिंदल ने 13 मार्च को आयोजित इन्वेस्ट पंजाब समिट में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की और मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में विकसित औद्योगिक-अनुकूल वातावरण की सराहना की। मंत्री संजीव अरोड़ा ने पंजाब की मजबूत औद्योगिक नींव, उत्तरी बाजारों से कनेक्टिविटी, सशक्त एमएसएमई तंत्र, कुशल मानव संसाधन और औद्योगिक क्लस्टरों का उल्लेख किया। उन्होंने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों में राज्य को लगातार 'टॉप अचीवर' मान्यता और समयबद्ध स्वीकृतियों के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली का भी हवाला दिया। मंत्री अरोड़ा ने राज्य की नई औद्योगिक नीति के उन्नत चरण की जानकारी दी, जो प्रतिस्पर्धी वित्तीय प्रोत्साहन, प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक अवसंरचना, क्षेत्र-विशिष्ट पार्क, त्वरित स्वीकृतियां, बेहतर लॉजिस्टिक्स दक्षता और उभरते क्षेत्रों जैसे रक्षा निर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, नवीकरणीय ऊर्जा और उन्नत सामग्री को प्रोत्साहित करेगी। जिंदल ने नए निवेश आकर्षित करने के लिए मंत्री अरोड़ा के प्रयासों की सराहना की।

## एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने चंडीगढ़ में खोला ब्रोकिंग हब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत में ब्रोकरेज से जुड़ी हर तरह की सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों में से एक, एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने आज चंडीगढ़ और पंजाब में एससीओ 167-168, सेक्टर 8सी में अपने सबसे बड़े ब्रोकिंग सेंटर का उद्घाटन किया। चंडीगढ़ तेज वृद्धि वाले बाजार के तौर पर उभरा है, जिसका इस क्षेत्र से होने वाली आय में 10% से अधिक का योगदान है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और पूर्णकालिक निदेशक, आशीष राठी ने उद्घाटन के मौके पर कहा: 'चंडीगढ़ हमारे लिए उत्तर भारत के सबसे शक्तिशाली व आकर्षक बाजारों में से एक है। यह बाजार समृद्ध है, वित्तीय तौर पर जागरूक है और पंजाब तथा हरियाणा दोनों से उनकी संयुक्त राजधानी के तौर पर मजबूती से जुड़ा हुआ है। क्षेत्रीय ग्राहकों की संख्या और आय के लिहाज से इसका महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे यहां के निवेशकों की गहराई व गुणवत्ता स्पष्ट होती है।

# 'डिजिटल मार्केटिंग में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' किया लॉन्च

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में भारत के पहले तीन दिवसीय एआई फेस्ट-2026 का भव्य आयोजन हुआ। फेस्ट के दूसरे दिन 90-दिन का 'सैंडबॉक्स रेजिडेंशियल प्रोग्राम' लॉन्च किया गया। इसमें 300 स्टार्टअप्स में से टॉप 30 को चयनित किया जाएगा।

इस प्रोग्राम के तहत स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, रिसोर्स और गो-टू-मार्केट रणनीतियों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी ने डिजिटल मार्केटिंग में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी लॉन्च किया, जो 'अर्न व्हाइल लर्न' मॉडल पर काम करेगा और छात्रों को लाइव इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स पर हैंड्स-ऑन अनुभव देगा। सैंडबॉक्स पोर्टल का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर जय इंदर सिंह संधू ने किया। कार्यक्रम में कई उद्योग विशेषज्ञ और एआई स्टार्टअप फाउंडर्स मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद एवं यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने बताया कि पंजाब में वर्तमान में 2000 स्टार्टअप हैं, जिसमें 24 एआई स्टार्टअप्स शामिल हैं। सैंडबॉक्स रेजिडेंशियल प्रोग्राम का उद्देश्य नए स्टार्टअप्स को आइडिया स्टेज से मार्केट के लिए तैयार एंटरप्राइज तक विकसित करना है। पांच वर्षों में 150 से अधिक स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।



एआई फेस्ट-2026 में पैनल डिस्कशन, प्रतियोगिताएं और मेंटरिंग सेशंस आयोजित किए गए। रोबोटिक आर्थ्रोप्लास्टी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के डॉ. भानु प्रताप सिंह सलूजा ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में इंसानी स्पर्श आवश्यक है, जिससे नतीजे सटीक और मरीज की संतुष्टि उच्च स्तर पर रहती है। माइक्रोसॉफ्ट के विष्णु गोगुला ने कहा कि एआई इंसानों की जगह नहीं लेता, बल्कि क्षमता और निर्णय लेने की दिशा बदलता है। थिंक स्कूल के गणेशप्रसाद ने स्टार्टअप्स को सलाह दी कि एआई टूल्स मूल्य बढ़ा सकते हैं, लेकिन सोच की जगह नहीं ले सकते। हिमेश मदान ने कहा कि एआई कार्य को तेज कर सकता है, लेकिन इंसानी समझ, भावनाएं और समुदाय निर्माण टूल्स से नहीं आ सकता। एआई फेस्ट-2026 में देश-विदेश से 1,000 से अधिक टीमों और 10,000 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। 35 से अधिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विजेताओं को 1 करोड़ रुपये से अधिक के प्राइज और अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिकेशन प्रदान किए जाएंगे। यह फेस्ट एआई, डीपटेक और मीडिया में नवाचार, प्रशिक्षण और व्यावसायिक अवसरों का प्रमुख मंच बन गया है।

# भारत के 3000 से ज्यादा स्कूलों में एआई अपनाने में तेजी लाने के लिए पार्टनरशिप की

**चंडीगढ़।** भारतक्लाउड, एक भारतीय एआई-रेडी क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर, ने एजुकेशन में सुरक्षित, स्केलेबल च डेटा-सॉवरेन एआई को अपनाने में तेजी लाने के लिए, एशिया की पहली एआई पावर्ड ग्रेडिंग कंपनी, स्मार्टेल एआई के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की।

इस सहयोग का मकसद 2026 तक भारत के 3000+ स्कूलों व यूनिवर्सिटी में एआई -लेड ट्रांसफॉर्मेशन को सपोर्ट करना है, जिसमें इंस्टीट्यूशनल तैयारी और एकेडमिक फ्रेमवर्क के हिसाब से फेज में रोलआउट किए जाएंगे। साथ मिलकर, कंपनियां एजुकेशन इंस्टीट्यूशन को डेटा सिक्योरिटी, कंप्लायंस या पेडागॉजिकल इंटीग्रिटी से समझौता किए बिना, जिम्मेदारी से एआई डिप्लॉय करने में मदद कर रही हैं। स्मार्टेल के को-फाउंडर व सीईओ, स्वामीनाथन गणेशन कहते हैं। 'एक डीपटेक एआई ग्रेडिंग सॉफ्टवेयर कंपनी के तौर पर, हमारा क्लाउड चॉइस मिशन-क्रिटिकल है। कई प्रोवाइडर्स को एवैल्यूएट करने के बाद, भारतक्लाउड अपनी हाई अवेलेबिलिटी, स्केलेबिलिटी, लो लेटेंसी, जीपीयू-सीपीयू परफॉर्मेंस व कॉस्ट एफिशिएंसी के लिए सबसे अलग रहा। भारतक्लाउड के को-फाउंडर, राहुल टक्कलपल्ली ने कहा, 'स्मार्टेल के साथ पार्टनरशिप करके हम यह दिखा सकते हैं कि कैसे डीप-टेक ड्रिवन एआई क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर एजुकेटर्स को एम्पावर कर सकता है और लर्निंग इंस्टीट्यूशन्स को बदल सकता है, साथ ही इंडिया के बड़े डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को सपोर्ट कर सकता है। जैसे-जैसे भारत के एजुकेशन सेक्टर में एआई को अपनाया जा रहा है, डेटा सॉवरेनिटी और सिक्योरिटी जरूरी हो गई है। भारतक्लाउड का सॉवरेन एआई क्लाउड, स्मार्टेल के फ्लैगशिप प्लेटफॉर्म डीपग्रेड को पावर देता है, जिससे एक सुरक्षित, ऑटोमेटेड ग्रेडिंग सिस्टम, रियल-टाइम स्टूडेंट परफॉर्मेंस एनालिटिक्स और पर्सनलाइज़्ड लर्निंग इनसाइट्स मिलते हैं।

**सराहना** हरपाल सिंह चीमा ने मोहाली में स्टेट फोकस पेपर 2026-27 जारी किया

# भूजल संकट पर चिंता, नहरी सिंचाई को बढ़ावा देने पर जोर

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मोहाली में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी (स्टेट क्रेडिट सेमिनार) के दौरान नेशनल बैंक फॉर एग्रिकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) द्वारा तैयार स्टेट फोकस पेपर 2026-27 जारी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने पंजाब की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने व विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति देने में नाबार्ड के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि नाबार्ड द्वारा कृषि, शिक्षा व सामाजिक क्षेत्रों में विकास के लिए विभिन्न ऋण व वित्तीय योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जारी किए गए स्टेट फोकस पेपर में पंजाब के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत कुल 3,08,66,614 लाख रुपए की ऋण संभाव्यता का आकलन किया गया है। इसमें कृषि ऋण, कृषि अवसंरचना, सहायक गतिविधियां, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम, निर्यात ऋण, शिक्षा, आवास, सामाजिक अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं।



वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि पंजाब ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप भूजल स्तर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि पंजाब के 151 में से 117 ब्लॉक 'डार्क जोन' घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा नहरी सिंचाई को प्रोत्साहित करने तथा किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए छोटे खाल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि भूजल स्तर को संरक्षित किया जा सके।

उन्होंने नाबार्ड से फसल विविधीकरण के प्रयासों में राज्य का अधिकतम सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर व्यापारियों व निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण के संबंध में उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सुरक्षित और अपराध-मुक्त माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने जानकारी दी कि गत दिवस वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और जिला प्रमुखों की बैठक पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के साथ आयोजित की गई, ताकि असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया जा सके और व्यापारिक माहौल को सुरक्षित बनाया जा सके। समारोह में बी रमेश बाबू, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड; रितु अग्रवाल, आईएएस, सचिव सहकारिता पंजाब; मनोहर लाल, महाप्रबंधक, नाबार्ड; पंकज सेतिया, महाप्रबंधक, आरबीआई चंडीगढ़; जीके नेगी, अध्यक्ष, पंजाब ग्रामीण बैंक; तथा गुरइकबाल सिंह, महाप्रबंधक एवं ओआईसी, नाबार्ड हरियाणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रगतिशील एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों तथा ड्रैगन फ्रूट उत्पादकों को सम्मानित भी किया गया।

## शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी, दो काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर एक लाख रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजस्थान के फलौदी निवासी प्रकाश व रमेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी कि सितंबर 2025 में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उससे टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया व शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर शिकायतकर्ता को निवेश के लिए तैयार किया। इसके बाद एक लिंक भेजकर उसका खाता खुलवाया गया व निवेश के नाम पर एक लाख रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर करवा लिए गए, जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की, तो कमीशन के नाम पर और राशि की मांग की गई।

# महिला के पेट के दुर्लभ कैंसर का फोर्टिस मोहाली में सीआरएस-हाइपेक सर्जरी से सफल उपचार

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** फोर्टिस कैंसर संस्थान, मोहाली, के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग, ने एक 63 वर्षीय महिला, जो स्यूडोमायक्सोमा पेरिटोनी (पीएमपी) कैंसर से पीड़ित थीं, उसका साइटोरिडक्टिव सर्जरी (सीआरएस) और हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी (हाइपेक) सर्जरी के माध्यम से सफल उपचार कर एक और चिकित्सीय उपलब्धि हासिल की है। यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पीएमपी कैंसर अत्यंत दुर्लभ है, जिसकी वार्षिक दर लगभग 10 लाख में 1-2 मामलों की है।

डॉ. जितेंद्र रोहिला, सीनियर कंसल्टेंट, जीआई सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जन, फोर्टिस अस्पताल मोहाली, के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने हाल ही में मरीज का सीआरएस-हाइपेक सर्जरी के माध्यम से उपचार किया। सीआरएस-हाइपेक को पीएमपी कैंसर के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड सर्जिकल उपचार माना जाता है। यह जटिल सर्जरी और पेट के भीतर कीमोथेरेपी का संयोजन है, जो उन्नत अवस्था के पेट के ट्यूमर को समाप्त करने के लिए किया जाता है।



पीएमपी पेट का कैंसर है, जो अपेंडिक्स से शुरू होता है और पेरिटोनियम (पेट की अंदरूनी परत) में म्यूकिन नामक जेली जैसे पदार्थ का उत्पादन करता है। इससे पेट में अत्यधिक सूजन (फूलना) हो जाती है, जो जेली जैसे तरल पदार्थ के अत्यधिक संचय के कारण होती है, और यह आंतों सहित पेट के सभी अंगों को प्रभावित करता है। ऐसे मरीजों में पेट दर्द, वजन या भूख में कमी और कभी-कभी आंतों में रुकावट जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। मरीज को गंभीर पेट की सूजन, मल त्याग की आदतों में बदलाव और भूख न लगने की समस्या थी। बाहर कराए गए सीटी स्कैन में अपेंडिक्स से उत्पन्न म्यूकिनस ट्यूमर का पता चला। राहत न मिलने पर उन्होंने अंततः डॉ. जितेंद्र रोहिला से फोर्टिस मोहाली में संपर्क किया, जहां चिकित्सीय जांच और पीईटी-सीटी स्कैन में अपेंडिक्स के निकट म्यूकिनस एसाइटिस (पेट में जेली जैसा पदार्थ) तथा पेल्विस और ऊपरी पेट गुहा में ट्यूमर जमाव पाया गया, जो कैंसर का संकेत था। ट्यूमर बोर्ड से चर्चा के बाद, डॉ. रोहिला ने मरीज की सीआरएस-हाइपेक सर्जरी की। साइटोरिडक्टिव सर्जरी में पेट से पूरे कैंसरग्रस्त हिस्से को शल्यक्रिया द्वारा हटाया जाता है, जबकि हाइपेक सर्जरी में पूर्ण सीआरएस सुनिश्चित करने के बाद ऑपरेशन थिएटर में ही पेट के भीतर गर्म कीमोथेरेपी दी जाती है।

मामले पर चर्चा करते हुए, डॉ. रोहिला ने कहा, 'यह एक जटिल सर्जरी थी, जिसमें आंत का हिस्सा निकालना तथा लीवर और आंतों से ट्यूमर हटाना शामिल था। पूर्ण साइटोरिडक्शन में लगभग 9 घंटे लगे। ट्यूमर हटाने के बाद 90 मिनट तक हाइपेक किया गया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलिया टूर विवादः पाकिस्तान के हॉकी कप्तान बट पर लगा प्रतिबंध हटा

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर राष्ट्रीय महासंघ (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया दो साल का प्रतिबंध हटा दिया और इस कदम को 'अवैध और असंवैधानिक' करार दिया। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले बृहस्पतिवार को तारिक बुगती ने हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुप्रबंधन के खिलाफ कप्तान के पीएचएफ की आलोचना करने के लिए बट पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन पीएचएफ के संरक्षक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष मुहुयदीन अहमद वानी ने इस फैसले को पलट दिया और कहा कि यह बुगती का 'अवैध और अंसंवैधानिक कदम' था। राष्ट्रीय टीम के ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुए विवाद के मद्देनजर बुगती ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। ऑस्ट्रेलिया में टीम को 'लॉजिस्टिक' की दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उन्हें एयरबीएनबी के घरों में रहना पड़ा था जबकि सरकार द्वारा संचालित पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने कैनबरा में एफआईएच प्रो लीग मैचों के दौरान टीम के पांच सितारा होटल में रहने के लिए पीएचएफ को एक करोड़ रुपए दिए थे। (अनंत ज्ञान)

### कीली हॉजकिंसन ने तोड़ा 800 मीटर का विश्व इंडोर रिकॉर्ड

**एजेंसी, लीविन।** ब्रिटेन की ओलंपिक चैंपियन कीली हॉजकिंसन ने महिलाओं की 800 मीटर स्पर्धा में नया विश्व इंडोर रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अनुसार उन्होंने वीरवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर गोल्ड मीट में 1:54.87 मिनट का समय निकालते हुए स्लोवेनिया की योलांडा चेपलाक का लगभग 24 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। चेपलाक ने 3 मार्च, 2002 को 1:55.82 मिनट का समय लेकर यह रिकॉर्ड बनाया था। हॉजकिंसन ने इस समय को 0.95 सेकंड से बेहतर करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्विट्जरलैंड की ऑड्रे वेरो दूसरे स्थान पर रहीं, लेकिन वह ब्रिटिश धाविका से काफी पीछे थीं। दौड़ की शुरुआत से ही 23 वर्षीय हॉजकिंसन ने बढ़त बना ली थी। उन्होंने 200 मीटर 26.47 सेकंड में और 400 मीटर 55.56 सेकंड में पूरा किया। 600 मीटर तक पहुंचते-पहुंचते (1:25.06) वह अन्य धाविकाओं से काफी आगे निकल चुकी थीं। रिकॉर्ड बनाने के बाद हॉजकिंसन ने दर्शकों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें पूरे स्टेडियम से मिल रहा समर्थन साफ सुनाई दे रहा था। हॉजकिंसन ने 2021 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और इसके बाद पेरिस 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम होबार्ट चरण में नई ऊर्जा के साथ वापसी को तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एफआईएच प्रो लीग के होबार्ट चरण पर फोकस कर चुकी है, जो 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेला जाएगा। भारतीय टीम स्पेन और मेज़बान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर नई शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी। राउरकेला चरण से मिले अनुभवों के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक सोच के साथ खुद को फिर से तैयार किया है। आगामी मुकाबलों को टीम संयोजन परखने, रणनीति को मजबूत करने और इस साल होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप तथा एशियाई खेलों से पहले लय हासिल करने के अहम अवसर के रूप में देखा जा रहा है। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कई युवा प्रतिभाओं को भी शामिल किया गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को स्पेन के खिलाफ करेगा, इसके बाद 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। 24 फरवरी को एक बार फिर स्पेन से मुकाबला होगा, जबकि 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम मैच खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### गजब की खूबखूरत हैं क्रिकेटर लौरा

**दक्षिण** अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं। सोशल मीडिया पर उनके लाखों फैन्स हैं।




# वर्ल्ड कप : सुपर-8 मुकाबले आज से

## पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में होगा पहला मैच, कल भारत-साउथ अफ्रीका मुकाबला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

7 फरवरी से शुरू हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की सुपर-8 टीमें तय हो चुकी है। टूर्नामेंट के सुपर-8 स्टेज की शुरुआत 21 फरवरी से होगी। पहला मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड के अलावा, इंग्लैंड और श्रीलंका ने भी क्वालिफाई कर लिया है। ग्रुप-ए से भारत और पाकिस्तान ने अगले दौर में प्रवेश किया है। इस टूर्नामेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया। 5-5 टीमों को 4 अलग ग्रुप में बांटा गया। 36 मैच खत्म होने के बाद ही अगले राउंड की 8 टीमें तय हो गईं। वीरवार को 3 मैच खेले गए, लेकिन इनसे सुपर-8 पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

### सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने वाली आठ टीमें

सुपर-8 में क्वालीफाई करने वाली टीमों में ग्रुप-1 में भारत के साथ दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज की टीम हैं। वहीं, ग्रुप-2 में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और इंग्लैंड की टीम शामिल है। सुपर-8 के ये मुकाबले 21 फरवरी से एक मार्च तक खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)




### सुपर-8 में 12 मैच होंगे तीन दिन डबल हेडर

**सुपर-8** स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बनेंगे। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें अगले राउंड में एंट्री करेंगी। सुपर-8 स्टेज में 22 और 26 फरवरी के साथ 1 मार्च को 2-2 मैच खेले जाएंगे। 20 से 28 फरवरी तक बाकी दिन 1-1 मैच ही होगा।

### 4 मार्च को होगा पहला सेमीफाइनल

**वर्ल्ड** कप का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी। अगर पाकिस्तान ने नॉकआउट राउंड में एंट्री की तो उसके सभी मैच कोलंबो में होंगे।

◆ सुपर-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप, हर टीम खेलेगी 3 मैच

### सुपर-8 के मैचों का पूरा शेड्यूल

| मैच | कब | कहां | समय |
|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड vs पाकिस्तान | 21 फरवरी | कोलंबो | शाम 7 बजे |
| श्रीलंका vs इंग्लैंड | 22 फरवरी | पल्लेकेले | दोपहर 3 बजे |
| भारत vs सा. अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद | शाम 7 बजे |
| वेस्टइंडीज vs जिम्बाब्वे | 23 फरवरी | वानखेड़े (मुंबई) | शाम 7 बजे |
| इंग्लैंड vs पाकिस्तान | 24 फरवरी | पल्लेकेले | शाम 7 बजे |
| श्रीलंका vs न्यूजीलैंड | 25 फरवरी | कोलंबो | शाम 7 बजे |
| सा. अफ्रीका vs वेस्टइंडीज | 26 फरवरी | अहमदाबाद | दोपहर 3 बजे |
| भारत vs जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई | शाम 7 बजे |
| इंग्लैंड vs न्यूजीलैंड | 27 फरवरी | कोलंबो | शाम 7 बजे |
| श्रीलंका vs पाकिस्तान | 28 फरवरी | पल्लेकेले | शाम 7 बजे |
| सा. अफ्रीका vs जिम्बाब्वे | 01 मार्च | दिल्ली | दोपहर 3 बजे |
| भारत vs वेस्टइंडीज | 01 मार्च | कोलकाता | शाम 7 बजे |

### एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स

## इंडिया-ए टीम श्रीलंका को हराकर फाइनल में पहुंची



**एजेंसी, बैंकॉक**

इंडिया-ए महिला क्रिकेट टीम ने एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में श्रीलंका ए महिला क्रिकेट टीम को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

यह मुकाबला बैंकॉक के टर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। अब फाइनल में भारत का सामना 22 फरवरी को बांग्लादेश ए और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा।

कप्तान राधा यादव ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उन्होंने 19 रन देकर चार विकेट झटके और फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ए की टीम 118 रन पर सिमट गई। राधा के अलावा तनुजा कंवर और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लेकर रनगति पर नियंत्रण रखा।

जवाब में वृंदा दिनेश ने 20 गेंदों पर तेज 42 रन बनाकर भारत को मजबूत शुरुआत दी। बीच में कुछ विकेट गिरने के बावजूद राधा की आक्रामक पारी ने टीम को जीत तक पहुंचा दिया। (अनंत ज्ञान)

### कीली हॉजकिंसन ने तोड़ा 800 मीटर का विश्व इंडोर रिकॉर्ड

**एजेंसी, लीविन।** ब्रिटेन की ओलंपिक चैंपियन कीली हॉजकिंसन ने महिलाओं की 800 मीटर स्पर्धा में नया विश्व इंडोर रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने वीरवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर गोल्ड मीट में 1:54.87 मिनट का समय निकालते हुए स्लोवेनिया की योलांडा चेपलाक का लगभग 24 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। चेपलाक ने 3 मार्च, 2002 को 1:55.82 मिनट का समय लेकर यह रिकॉर्ड बनाया था। हॉजकिंसन ने इस समय को 0.95 सेकंड से बेहतर करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।

स्विट्जरलैंड की ऑड्रे वेरो दूसरे स्थान पर रहीं, लेकिन वह ब्रिटिश धाविका से काफी पीछे थीं। दौड़ की शुरुआत से ही 23 वर्षीय हॉजकिंसन ने बढ़त बना ली थी। उन्होंने 200 मीटर 26.47 सेकंड में और 400 मीटर 55.56 सेकंड में पूरा किया। 600 मीटर तक पहुंचते-पहुंचते (1:25.06) वह अन्य धाविकाओं से काफी आगे निकल चुकी थीं। रिकॉर्ड बनाने के बाद हॉजकिंसन ने दर्शकों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें पूरे स्टेडियम से मिल रहा समर्थन साफ सुनाई दे रहा था। हॉजकिंसन ने 2021 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और इसके बाद पेरिस 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। (अनंत ज्ञान)




## भारत-पाकिस्तान मैच ने तोड़े डिजिटल व्यूअरशिप के रिकॉर्ड

### जियो-हॉटस्टार पर 16.3 करोड़ रीच, 2024 वर्ल्ड कप फाइनल से भी ज्यादा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप में गत 15 फरवरी को खेले गए भारत-पाकिस्तान के हाई-वोल्टेज मुकाबले ने व्यूअरशिप के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस मैच को 16.3 करोड़ लोगों ने देखा। यह टी-20 फॉर्मेट में किसी भी आइसीसी इवेंट के लिए एक मैच की सबसे ज्यादा रीच है। इस मैच को 20 बिलियन मिनट देखा गया है। इतना ही नहीं इसने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 2024 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच को भी पीछे छोड़ दिया है। यह मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था। यह तस्वीर रविवार को खेले गए भारत-पाकिस्तान मुकाबले की है, जब तिलक वर्मा ने शादाब खान को आउट कर पवेलियन की राह दिखाई थी। जियो-हॉटस्टार के मुताबिक, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मैच को 16.3 करोड़ (163 मिलियन) की ऐतिहासिक रीच मिली। यह टी-20 फॉर्मेट में किसी भी आईसीसी इवेंट के लिए अब तक की सबसे ज्यादा रीच है। इसने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल (भारत वनाम दक्षिण अफ्रीका) का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। मोबाइल पर यह मैच लीग स्टेज का सबसे ज्यादा देखा गया मुकाबला बना। 2024 के भारत-पाक मैच की तुलना में डिजिटल रीच में 56% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सभी प्लेटफॉर्म मिलाकर कुल 20 अरब मिनट का वॉच टाइम रिकॉर्ड हुआ, जो पिछले संस्करण की तुलना में 42% ज्यादा है। (अनंत ज्ञान)




◆ सभी प्लेटफॉर्म पर 20 अरब मिनट का वॉच टाइम रिकॉर्ड

### शादाब दिग्गज खिलाड़ियों पर कमेंट न करें : पीसीबी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर शादाब खान को अपने बयान के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। शादाब ने कहा था कि पाकिस्तान के सीनियर प्लेयर कभी वर्ल्ड कप में भारत को हरा नहीं पाए, लेकिन हमनें हराया है। शादाब का इशारा 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भारत पर जीत को लेकर था। अब पीसीबी ने पूर्व खिलाड़ियों की आलोचना पर दिए शादाब के बयान को अनुचित माना है। बोर्ड ने शादाब को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की सलाह दी है। यह पूरा मामला 18 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मैच के बाद हुई पाकिस्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस से शुरू हुआ, जहां शादाब ने पूर्व क्रिकेटरों पर बयान दिया था। शादाब ने कहा था, 'आलोचना क्रिकेट के इतिहास का हिस्सा है। पूर्व क्रिकेटर्स की अपनी राय है। वे दिग्गज थे, लेकिन हमने जो किया, वे नहीं कर सके। हमने वर्ल्ड कप में भारत को हराया है।' (अनंत ज्ञान)



◆ शादाब ने कहा था, जो हमने किया, वह तो दिग्गज भी नहीं कर सके

## सुषमा वर्मा का महिला सीनियर इंटर जोनल वनडे के लिए चयन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। बीसीसीआई महिला सीनियर इंटर-जोनल वनडे टूर्नामेंट 2025-26 के लिए उत्तरी क्षेत्र की टीम में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) से सुषमा वर्मा का चयन हुआ है। इसके अलावा स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शिवानी सिंह और ज्योति ठाकुर शामिल हैं। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 5 से 15 मार्च 2026 तक बेंगलुरु में सीनियर महिला इंटर-जोनल वनडे ट्रॉफी का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में सीनियर महिला उत्तरी क्षेत्र चयन समिति की बीते दिन जम्मू में हुई बैठक में खिलाडियों का चयन किया गया।

वहीं, अगर प्रतियोगिता के मुकाबलों की बात करें पहला मैच उत्तर क्षेत्र बनाम दक्षिण क्षेत्र 5 मार्च को, उत्तर क्षेत्र बनाम पश्चिम क्षेत्र 7 मार्च, पूर्वी क्षेत्र बनाम उत्तर क्षेत्र 9 मार्च, मध्य क्षेत्र बनाम उत्तर क्षेत्र 11 मार्च, पूर्वोत्तर क्षेत्र बनाम उत्तरी क्षेत्र 13 मार्च को, जबकि फाइनल 15 मार्च को बेंगलुरु में ही खेला जाएगा। एचपीसीए के सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि उत्तरी क्षेत्र की टीम में वरिष्ठ खिलाड़ी सुषमा वर्मा का चयन हुआ है, जबकि शिवानी सिंह और ज्योति ठाकुर को स्टैंडबाय रखा गया है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को एचपीसीए की ओर से शुभकामनाएं दी हैं।




### अफगानिस्तान ने अपने आखिरी मैच में कनाडा को 82 रनों से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान का सामापन जीत के साथ किया है। टीम ने वीरवार के आखिरी मैच में कनाडा को 82 रन से हराया। कनाडा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में कनाडा की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 118 रन ही बना सकी। इब्राहिम जादरान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच का स्कोरबोर्ड

अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान महज 5 रन से टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला शतक चूक गए। उन्होंने 95 रनों की नाबाद पारी खेली। जादरान ने 56 गेंद की पारी में 4 चौके और 5 छक्कों के सहारे 169.64 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। जादरान के अलावा, सेदिकुल्लाह अटल ने 44 रन बनाए। वे 6 रन से फिफ्टी चूक गए। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 30 रन बनाए। कनाडा के लिए जसकरन सिंह को 3 विकेट मिले। अफगानिस्तान की ओर से गेंदबाजी में मोहम्मद नबी ने 4 विकेट झटके। उन्होंने दिलोन हेलिगर (3 रन), हर्ष ठाकेर (30 रन), निकोलस किर्टन (10 रन) और युवराज समरा (17 रन) को पवेलियन भेजा। कप्तान राशिद खान ने 2 विकेट झटके। (अनंत ज्ञान)

### उत्तर क्षेत्रीय अंतर-विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता

## एचपीयू ने लगातार दूसरे वर्ष जीती चांदी



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू), शिमला की पुरुष हैंडबॉल टीम ने उत्तर क्षेत्रीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरे वर्ष रजत पदक अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता पंजाब में हुई थी। टीम के प्रशिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि एचपीयू ने क्वार्टर फाइनल में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी को हराकर शीर्ष चार में जगह बनाई। इसके बाद लीग मैचों में टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (फगवाड़ा) और मेजबान पंजाबी यूनिवर्सिटी (पटियाला) को रोमांचक मुकाबलों में शिकस्त दी।


हालांकि फाइनल में टीम को प्रतियोगिता की विजेता गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (अमृतसर) के हाथों कड़े संघर्ष में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम ने न सिर्फ उपविजेता का खिताब हासिल किया, बल्कि प्रतिष्ठित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। एचपीयू के शारीरिक शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. संजय शर्मा, विश्वविद्यालय खेल एवं पाठ्येतर गतिविधियां परिषद के अध्यक्ष डॉ. गोपाल एवं उपाध्यक्ष सुशील कुमार ने टीम को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। टीम की इस सफलता से प्रदेश में खेल प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## करेन खाचानोव को कड़े संघर्ष में हराकर अल्कराज कतर ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, दोहा**

कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। स्पेन के स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने करेन खाचानोव को कड़े संघर्ष में हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया, जबकि इटली के जैनिक सिनर को याकुब मेंसिक के हाथों हार झेलनी पड़ी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे अल्कराज़ ने कतर ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में खाचानोव को 6-7 (3/7), 6-4, 6-3 से मात दी। पहला सेट टाई-ब्रेक में गंवाने के बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। अब सेमीफाइनल में अल्कराज़ का सामना आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने अपने क्वार्टर फाइनल में स्टेफानोस सित्सिपास को 6-3, 7-6 (7/2) से हराया। (अनंत ज्ञान)



◆ अब सेमीफाइनल में आंद्रे रुबलेव से होगा सामना

### सिनर हुए बाहर

**विश्व** नंबर दो सिनर का अभियान यहीं समाप्त हो गया। उन्हें छठी वरीयता प्राप्त याकुब मेंसिक ने 7-6 (7/3), 2-6, 6-3 से पराजित किया। मेंसिक ने जीत के बाद कहा कि वह मुकाबले में जीत की मानसिकता के साथ उतरे थे। अब सेमीफाइनल में उनका सामना फ्रांस के आर्थर फिल्स से होगा।



**विश्लेषण** सुपर-आठ राउंड से पहले अश्विन ने बताई भारत की क्रिकेट टीम की सच्चाई, बोले-

## अभी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं पहुंची टीम इंडिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का ग्रुप चरण समाप्त हो चुका है और अब टीम की नजर सुपर 8 मुकाबलों पर है। अगले चरण में भारत को दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे जैसी मजबूत टीमों का सामना करना है। भारत ने डिफेंडिंग चैंपियन की छवि के अनुरूप प्रदर्शन किया है, लेकिन अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि टीम अभी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं पहुंची है।

अश्विन ने 'ऐश की बात' कार्यक्रम में भारत के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए कहा, 'सूर्यकुमार ने बहुत समझदारी भरी पारी खेली। रन गति बढ़ाने के लिए दुबे, हार्दिक और रिंकू मौजूद थे। उन्हें पता था कि वे स्कोरिंग रेट को संभाल सकते हैं। लेकिन आज (नीदरलैंड्स के खिलाफ) भारत बल्लेबाजी में बेहद शानदार नहीं था, उतना प्रभावी भी नहीं था।' उन्होंने आगे कहा, 'यह इतनी मजबूत टीम है कि अपने साधारण दिन पर भी विपक्ष को हरा सकती है। हम औसत थे, अपने सर्वश्रेष्ठ पर नहीं थे। लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने इतनी अच्छी गेंदबाजी की कि नीदरलैंड्स उन्हें पढ़ नहीं सका। जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले में स्विंग मिली और उन्होंने यॉर्कर भी डाले।' अश्विन के मुताबिक, टीम की सबसे बड़ी ताकत है यही है कि टीम कमजोर प्रदर्शन के बावजूद परिणाम अपने पक्ष में करने में कामयाब रहते हैं। (अनंत ज्ञान)




### अश्विन ने ईशान के चयन की बताई वजह

**अब** भारत के सामने असली परीक्षा है। सुपर-आठ में हर मुकाबला नॉकआउट जैसा होगा। अश्विन की बातों से साफ है कि टीम में आत्मविश्वास तो है, लेकिन सुधार की गुंजाइश भी मौजूद है। यदि भारत अपनी कमजोरियों को दूर कर लेता है, तो खिताब बचाने की राह और मजबूत हो सकती है।

### युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की बैटिंग की तारीफ की

**अश्विन** ने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की भी तारीफ की। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में टाइमिंग और तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'तिलक वर्मा चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। हम पावर और ताकत की बात करते हैं, लेकिन बल्लेबाजी का असली सार स्वीट स्पॉट और टाइमिंग है। तिलक बड़े पावर हिटर नहीं हैं। उनके लिए टाइमिंग और गैप ढूंढना ज्यादा अहम है।' उन्होंने आगे कहा, 'कृपया याद रखें, आप वैभव की तरह खेल सकते हैं, लेकिन आप तिलक की तरह भी खेल सकते हैं, जो टाइमिंग पर भरोसा करते हैं और गैप तलाशते हैं।' अश्विन का मानना है कि टी20 में सिर्फ बड़े शॉट्स ही सफलता की गारंटी नहीं हैं, बल्कि परिस्थिति के अनुसार समझदारी भी उतनी ही जरूरी है।